दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 22 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-238 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

बैंकॉक से मुंबई आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट लौटी

बैंकॉक। बैंकॉक से मुंबई आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट अक2338 को एक यात्री के हंगामे के चलते लौटना पड़ा। विमान ने बुधवार रात 8:20 बजे बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। इसके बाद यात्री के अजीब व्यवहार के कारण पायलट ने विमान को वापस ले जाने का फैसला किया। विमान रात 10:40 बजे बैंकॉक एयरपोर्ट पर उतर गया। विमान में सवार एक यात्री ने भास्कर को बताया कि विमान में सवार एक भारतीय यात्री अजीब तरीके से पेश आ रहा था और हंगामा कर रहा था। हालात को देखते हुए पायलट ने घोषणा की कि विमान को वापस बैंकॉक ले जाया जा रहा है।

Jio का IPO पहले ही दिन 3 गुना भरा

मुंबई। जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड का IPO खुलने के पहले ही दिन यानी 21 अक्टूबर को टारगेट से 3 गुना ज्यादा भर गया। देश के सबसे बड़े IPO में 30 हजार करोड़ रुपए के इश्यू के लिए 67 हजार करोड़ रुपए की बोली लग चुकी है। IPO 23 अक्टूबर तक खुला है। कंपनी ने 30,188 करोड़ रुपए जुटाने के लिए कुल 27 करोड़ शेयर जारी किए हैं। बड़े इन्वेस्टर्स को 7.24 करोड़ शेयर बेचकर ₹8,110 करोड़ पहले ही मिल चुके हैं। आम लोगों के लिए रखे गए 19,75,25,934 शेयर्स के मुकाबले 60,10,21,860 शेयर्स के लिए आवेदन मिले हैं। IPO को बड़े निवेशकों ने 9 गुना और आम लोगों ने 0.71 गुना सब्सक्राइब किया है।

बहु से अवैध संबंध, विरोध करने पर भतीजे की हत्या

फुलवारीशरीफ। फुलवारीशरीफ के बभनपुरा गांव में चाचा ललन शर्मा ने अपने ही भतीजे दीपक कुमार (30) की 6 गोलियां मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चाचा फरार हो गया। दीपक के परिजन ने बताया कि पिछले 4 साल से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसके साथ ही दीपक की पत्नी से भी ललन शर्मा का अवैध संबंध था। इसको लेकर दोनों में अक्सर लड़ाई होती थी और एक-दूसरे को गोली मारने की धमकी देते थे। वहीं आरोपी ललन की पत्नी ने कहा कि मेरे पति ने ही दीपक को गोली मारी है। फुलवारीशरीफ थाने की पुलिस आरोपी की पत्नी शोभा देवी और उनकी बेटी को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है।

नवम्बर के दूसरे सप्ताह में खुलेगा स्थानांतरण पोर्टल

पटना (एनएसबी) स्थानांतरण की आस लगाये शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है। नवंबर के द्वितीय सप्ताह में स्थानांतरण पोर्टल खुल जायेगा। इस संबंध में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि राज्य में बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 अधिसूचित की गई है, जिसमें प्रथम चरण में 61,123 (सरप्लस टीचर), 9,244 (म्यूचुअल ट्रांसफर) एवं 11,423 (इंटर डिस्ट्रिक्ट) कुल—81,790 (इक्यासी हजार सात सौ नब्बे) आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें 21,940 (इक्कीस हजार नौ सौ चालीस) शिक्षकों का स्थानांतरण किया जा चुका है। वर्तमान में लागू आदर्श आचार संहिता के कारण शिक्षकों की स्थानांतरण प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रोक दी गयी थी, किन्तु आदर्श आचार संहिता की समाप्ति के पश्चात शिक्षकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सामान्य स्थानांतरण पोर्टल को नवंबर के द्वितीय सप्ताह में खोला जाएगा। जिन शिक्षकों ने ऐच्छिक स्थानांतरण के लिए आवेदन किया है, उनके अनुरोध पर निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। सामान्य स्थानांतरण पोर्टल को दोबारा खोलने से इच्छुक शिक्षकों को अपनी आवश्यकता के अनुरूप स्थानांतरण का अवसर मिलेगा।

MLC चुनाव प्रचार का शोर थमा, मतदान कल

8 सीटों पर 150 उम्मीदवार मैदान में

पटना (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद की 8 सीटों पर होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को प्रचार का शोर थम गया है। अब प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क साधेंगे। 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा, जबकि



एनडीए, महागठबंधन और जन सुराज के बीच मुकाबला

27 अक्टूबर को मतगणना के बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में 4 स्नातक और 4 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की सीटों पर कुल 150 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से 90 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से 60 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कुल 5,32,847 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए 933 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बताते चलें विधान परिषद चुनाव में सत्ताधारी एनडीए, महागठबंधन और प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के बीच मुकाबला दिलचस्प हो गया है। जन सुराज ने सभी 8 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी ने भी 4 सीटों पर प्रत्याशी दिए हैं।

933 मतदान केंद्र बनाए गए

विधान परिषद की 8 सीटों के लिए कुल 5,32,847 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र पटना, दरभंगा, तिरहुत और कोसी की चार सीटों पर कुल 4,92,594 मतदाता हैं। इनके लिए 598 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 1.43 लाख से अधिक मतदाता हैं, जबकि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 87,583 मतदाता हैं। जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र पटना, दरभंगा, तिरहुत और सारण की चार सीटों पर कुल 40,253 मतदाता हैं। इनके लिए 335 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 11,719 मतदाता हैं, जबकि तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 8,760 मतदाता हैं।

मसौढ़ी में रावण दहन के दौरान भगदड़

4 महिलाएं घायल, तीन को इलाज के बाद मिली छुट्टी, एक इलाजरत

पटना (एनएसबी)। जिले के मसौढ़ी स्थित गांधी मैदान में मंगलवार शाम रावण दहन के बाद भीड़ में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। बाहर निकलने के दौरान मुख्य गेट के पास कुछ महिलाएं गिर गईं। घटना में चार महिलाएं बेहोश हो गईं। स्थानीय समिति के कार्यकर्ताओं ने घायल अवस्था में उन्हें मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। इनमें से 3 महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि रेणु देवी को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया। पुलिस के मुताबिक, घायल महिला रेणु देवी का इलाज चल रहा है और वह सुरक्षित हैं।



मसौढ़ी के एसडीपीओ-1 राघव दयाल के मुताबिक, विजयादशमी के अवसर पर मसौढ़ी के गांधी मैदान में स्थानीय समिति की ओर से रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम देखने के लिए करीब 15 से 20 हजार महिला-पुरुष मैदान में जुटे थे। इनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे। रावण दहन समाप्त होने के बाद लोग मैदान के तीनों गेटों से बाहर निकलने लगे। इसी दौरान मुख्य प्रवेश द्वार के पास कुछ महिलाएं गिर गईं। इससे पीछे से आ रही भीड़ में घबराहट फैल गई और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस दौरान 4 महिलाएं घायल हो गईं। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों, दंडाधिकारियों और स्थानीय समिति के कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को भीड़ से बाहर निकाला। इसके बाद चारों घायलों को तत्काल स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

पटना-दिल्ली के बीच एक और वंदे भारत फेस्टिवल स्पेशल

पटना (एनएसबी)। दीपावली और छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने पटना और नई दिल्ली के बीच एक और वंदे भारत फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 02254 नई दिल्ली-पटना वंदे भारत फेस्टिवल स्पेशल 22 अक्टूबर से 26 नवंबर तक सप्ताह में तीन दिन चलेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 02253 पटना-नई दिल्ली वंदे भारत फेस्टिवल स्पेशल का



20 कोच के साथ चलेगी ट्रेन

परिचालन 24 अक्टूबर से 28 नवंबर तक किया जाएगा। दोनों ट्रेनों में वंदे भारत के 20 कोच होंगे। नई दिल्ली से रात 9:30 बजे पहुंचेगी पटना ट्रेन संख्या 02254 नई दिल्ली-पटना वंदे भारत फेस्टिवल स्पेशल नई दिल्ली से सुबह 8:35 बजे खुलेगी। यह सुबह 10:21 बजे अलीगढ़, दोपहर 1:30 बजे कानपुर सेंट्रल, 3:45 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वहां से शाम 6 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, शाम 7:26 बजे बक्सर और रात 8:10 बजे आरा में रुकेगी। ट्रेन उसी दिन रात 9:30 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और रविवार को यह चलेगी।

आरा कस्टम अफसर हत्याकांड के मुख्य आरोपित चंदन सहित 3 अभियुक्त गिरफ्तार

आरा (एनएसबी) । आरा शहर के चर्चित पूर्व कस्टम अधिकारी क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष रामकुमार सिंह की हत्या में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपित चंदन सिंह सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें नगर थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही गांव निवासी चंदन सिंह, उसी थाने के बिंद टोली निवासी अभिषेक यादव और नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा हाउसिंग कॉलोनी निवासी टीपू कुमार शामिल हैं।



तकनीकी सूत्र के आधार पर चंदन तक पहुंची पुलिस की एसआईटी

कोलकाता से गिरफ्तार चंदन और अभिषेक को ट्रांजिट रिमांड पर आरा ला रही पुलिस

टीपू कुमार सरकारी अमीन है और फिलहाल किसी जिले में कार्यरत है। इनमें चंदन सिंह और अभिषेक यादव को कोलकाता एयरपोर्ट, जबकि टीपू कुमार को आरा से गिरफ्तार किया गया है। इधर, छापेमारी के दौरान चंदन सिंह के घर से एक पिस्टल बरामद किया गया है। उसकी जांच की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने अबतक चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित की ओर से बुधवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि हत्या को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर सदर एसडीपीओ-वन सुशील कुमार के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गयी थी। जिसमें पुलिस के सीनियर पदाधिकारी भी शामिल थे। टीम की ओर से तकनीकी साक्ष्य के आधार पर कोलकाता एयरपोर्ट से चंदन सिंह और अभिषेक यादव को गिरफ्तार किया गया। दोनों की निशानदेही पर टीपू कुमार को आरा से पकड़ा गया। बता दें कि गुरुवार की सुबह करीब छह बजे कनकपुरी मोहल्ले में मॉर्निंग वॉक पर जाने के लिए घर से निकल रहे क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष सह पूर्व कस्टम अधिकारी रामकुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कार निकालने के बाद गैराज में ताला बंद करने के दौरान घात लगाए बाइक सवार बदमाशों की ओर से उन्हें सात से आठ गोलियां मारी गयी थी। इस मामले में पूर्व अधिकारी के बेटे अमित कुमार उर्फ गोल्डी के बयान पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उसमें चंदन सिंह, मुफस्सिल के तत्कालीन थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राम कल्याण यादव और राजस्व कर्मचारी विष्णु देव सिंह सहित 14 लोगों को नामजद किया गया है।

कोलकाता में गिरफ्तारी के समय चंदन बता रहा था गलत नाम

आरा। एसपी ने बताया कि हत्या के बाद चंदन सिंह और अभिषेक यादव पहले सिलिगुड़ी गये। वहां से गंगटोक होते पश्चिम बंगाल के कोलकाता पहुंचे। वहां से दोनों हवाई मार्ग के जरिए बेंगलुरु जाने वाले थे। तभी एयरपोर्ट पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। एयरपोर्ट पर गिरफ्तारी के दौरान अपना नाम गलत बता रहा था। इसके पहले वह सिलीगुड़ी गया था। होटल में रुकने के दौरान भी वह गलत नाम लिखवा रहा था।

जमीन पर 2006 से ही स्व.राम कुमार सिंह का था स्वामित्व

आरा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अबतक के अनुसंधान में यह बात सामने आयी है कि रामकुमार सिंह की बडकी सिंगही स्थित जमीन पर 2006 से ही स्वामित्व था। 2020 में उन्होंने उस जमीन पर चहारदिवारी भी कराई थी। विपक्षी पार्टी द्वारा 2025 में पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर उक्त जमीन के आधार पर अलग अलग लोगों को जमीन बेची गयी।

20-25 रोज पहले हुई थी हत्या की प्लानिंग

आरा। एसपी ने बताया कि जमीन विवाद में प्लानिंग के तहत हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। उसके तहत 20-25 रोज पहले ही चंदन सिंह और अन्य आरोपितों ने अपने खाते से सारे पैसे निकाल लिए और पत्नी को ट्रांसफर कर दिये गए थे। पत्नी सहित अन्य परिजनों को बाहर भेज दिया गया था। पुलिस से बचने के लिए नया सिम कार्ड और नया मोबाइल लिया गया था। नया खाता भी खुलवाया गया था।

पीएम मोदी नवंबर में आ सकते हैं बिहार, भागलपुर को मिलेंगी कई सौगातें

पटना (एनएसबी) पीएम मोदी अगले महीने यानी नवंबर में बिहार दौरे पर आ सकते है। इस दौरान वे कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। हालांकि उनके बिहार दौरे को लेकर अभी इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन प्रशासन की तरफ से इसे लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक अगले महीने 20 नवंबर को पीएम का



भागलपुर में कार्यक्रम होने वाला है। इस दौरान पीरपैंती थर्मल पावर परियोजना का शिलान्यास होने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा विक्रमशिला के पास केंद्रीय विश्वविद्यालय की सौगात भी पीएम बिहार वासियों को दे सकते हैं। साथ ही सुल्तानगंज क्षेत्र में प्रस्तावित अजगैवीनाथ ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजना भी चर्चा में है। इस परियोजना का शिलान्यास पीएम के द्वारा किये जाने की बात कही जा रही है। प्रधानमंत्री के संभावित दौरे के दौरान विकास योजनाओं के उद्घाटन पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। सूत्रों के अनुसार बिहार के भवन निर्माण विभाग ने करीब 3,242.95 करोड़ रुपये की लागत वाली 459 तैयार योजनाओं का ब्योरा प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा है। इन योजनाओं में भागलपुर जिले के जगदीशपुर, शाहकुंड और मकंदपुर में निर्मित पंचायत सरकार भवन भी शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा बांका जिले की विभिन्न पंचायतों में बनाए गए करीब 28 पंचायत सरकार भवनों का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री के हाथों कराए जाने की तैयारी की जानकारी सामने आई है।

बेगूसराय में दारोगा ने डांसर को मारा थप्पड़, भीड़ पर तानी पिस्तौल

बेगूसराय (एनएसबी)। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पानगाछी चौक पर दुर्गा स्थान में आयोजित भक्ति जागरण के दौरान पुलिस की दबंगई का मामला सामने आया है। ड्यूटी पर तैनात दरोगा अनिल कुमार झा ने मंच पर डांस कर रही महिला डांसर को थप्पड़ मारा और धक्का देकर नीचे उतार दिया। विरोध करने पर आक्रोशित ग्रामीणों के सामने अपनी सर्विस रिवॉल्वर निकालकर लहराई और धमकाया। घटना के बाद भीड़ आक्रोशित हो गई और दरोगा से धक्का मुक्की कर दी। इसके बाद दरोगा ने पिस्टल निकाली और भीड़ पर तान दी। पूरी घटना का वीडियो सामने सामने आया है। जागरण कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दरोगा को मिली थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने



वीडियो वायरल होने पर एसपी ने किया सस्पेंड

जिला आदेश संख्या 2372/2026 के तहत अनिल कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार सामान्य जीवन-यापन भत्ता देय होगा. इस अवधि में उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, बेगूसराय निर्धारित किया गया है।

सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को जमानत

नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को गिरफ्तारी के 7 दिन बाद दिल्ली की स्पेशल कोर्ट (एसईएम) से जमानत मिल गई है। दोनों को 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था। 8-10 उखढ समर्थकों के साथ दोनों नेता तिरंगा लेकर वहां पहुंचे थे। उल्लेखनीय है कि 10 अक्टूबर को प्रदर्शन से पहले सौरव दास और आशुतोष रांका को हिरासत में लिया गया था। दोनों को इस शर्त पर जमानत मिली थी कि वे शांति भंग नहीं करेंगे। 12 अक्टूबर को सरकार ने



जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटा दिया। इसके बावजूद 13 अक्टूबर को दोनों नेता तिरंगा लेकर जंतर-मंतर पहुंचे, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। शांति नियम तोड़ने के आरोप में उन्हें 5 दिन के लिए जेल भेजा गया था। फिर 19 अक्टूबर को उनकी हिरासत 2 दिन और बढ़ा दी गई थी। इससे पहले बुधवार को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में दखल देने से मना कर दिया। कोर्ट ने कहा था कि नेता पहले मजिस्ट्रेट का फैसला आने दें, फिर जरूरत पड़ने पर ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाएं।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस में तीन आरोपी रिमांड पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर मुंबई के जुहू में फायरिंग करने के आरोप में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। तीनों आरोपियों से पुलिस 31 अक्तूबर तक पूछताछ करके राज उगलवाने की कोशिश करेगी। इधर, दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने चार और लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर हथियारों की सप्लाई करने और हमलावरों को भागने में मदद करने का आरोप है। इनकी पहचान हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले कुणाल (21) और सुमित (19), उत्तर प्रदेश के सीतापुर की रहने वाली राधा (23) और उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ की रहने वाली बबीता (23) के रूप में हुई है। दूसरी तरफ मुंबई पुलिस की



टीमें भी लगातार इस मामले में ऐक्शन ले रही है। हरियाणा के सोनीपत जिले से अंकित नामक एक आरोपी की भी गिरफ्तारी की गई है। उसे लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित का साथी बताया जा रहा है। जांच में अमृतसर से मुंबई तक पिस्तौल और कारतूस की कथित आवाजाही, हथियार पहुंचाने में बिचौलियों की भूमिका और घटना के बाद हमलावरों को शहर से बाहर निकलने में मदद करने के कथित प्रयासों की पड़ताल की जा रही है।

रावण की आंखों से निकले अंगारे और मुंह से शोले

पटना (एनएसबी)। विजयदशमी पर राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बिहार के सबसे ऊंचे 90 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ। दहन के वक्त रावण की आंखों से अंगारे, मुंह से शोले और कानों-कंधों से रंगीन धुआं निकला। लाइट एंड साउंड इफेक्ट्स के जरिए रावण के हंसने का दृश्य भी दिखाया गया। रावण दहन के बाद जमकर आतिशबाजी की गई। इसके बाद लोग गांधी मैदान से बाहर निकले। रावण दहन देखने के लिए गांधी मैदान में करीब 2.5 लाख लोग पहुंचे। सुरक्षा के लिए 120 सीसीटीवी से लगाए गए थे।

इसके पहले राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.) सैयद अता हसनैन, नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी राजधानी के

धू-धू कर जला कुंभकरण, मेघनाद एवं रावण



गांधी मैदान में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी के मौके पर आयोजित श्री रामलीला महोत्सव एवं रावण वध समारोह-2026 में शामिल हुये। रावण वध कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम एवं श्री लक्ष्मण के स्वरूप की आरती की। तत्पश्चात बारी-बारी से बुराई के प्रतीक कुंभकरण, मेघनाद एवं

रावण वध समारोह में शामिल हुए राज्यपाल और सीएम

रावण का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री विजय कुमार सिन्हा, रामकृपाल यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, विधायक संजय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, आयुक्त पटना प्रमण्डल राजेश कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, पटना प्रक्षेत्र जितेन्द्र राणा, डीएम कुंदन कुमार, एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा, श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष अरूण कुमार, चेयरमैन कमल नोपानी सहित अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

खबरें : एक नजर में

राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता सह सीतामढ़ी जिला के पूर्व अध्यक्ष मो शफीक खान के इंतकाल पर गहरे रंजो गम का किया इजहार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डा. मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति डा रामचंद्र पुर्वे ,पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, डा कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद, डा उर्मिला ठाकुर, पूर्व विधायक अबू दुजाना, सहित अन्य नेताओं ने राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता सह सीतामढ़ी जिला के पूर्व अध्यक्ष मो शफीक खान के इंतकाल पर गहरे रंजो गम का इजहार करते हुए कहा कि दुख इस घड़ी में राष्ट्रीय जनता दल परिवार इनके परिवार के साथ खड़ा है। प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंड की अध्यक्षता में शोक सभा का भी आयोजन किया गया।



मो शफीक खान (फाइल फोटो)

राजद कार्यालय में बिहार केशरी श्रीकृष्ण सिंह की जयंती मनाई गयी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री, बिहार केशरी श्रीकृष्ण सिंह की जयंती प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर नेताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की। इस अवसर पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि श्रीकृष्ण सिंह अपने काम और



किरदार से लंबी रेखा खींची। इन्होंने अपने साथ दलितों को लेकर मंदिर में प्रवेश किया जिसके कारण इन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। उसके बावजूद भी ये समाज में बेहतर वातावरण के निर्माण में लगे रहे। इनके शासनकाल में विकास के बहुत सारे काम किये गये।

इस अवसर पर एजाज अहमद, मदन शर्मा, डा कुमार राहुल सिंह, मधु मंजरी, ई अशोक यादव, हरेंद्र कुमार कुशवाहा, प्रमोद कुमार राम, संजय यादव, निर्भय कुमार अंबेडकर, भाई अरुण कुमार,जेम्स कुमार यादव, राजेश कुमार यादव, सत्येंद्र शाह गोंड,अजय कुमार यादव, राम तपस्या, मनीषा प्रजापति, सरदार रणजीत सिंह, गणेश कुमार यादव, शिवेंद्र कुमार तांती, राजेश सक्सेना, रवि आनंद, गुड्डू यादव, फजलुर रहमान, अमित पटेल, अमरजीत कुमार यादव, अफरोज आलम, बिन्दन यादव,चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य गणमान्य नेताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की।

दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचे कोशी रेंज के डीआईजी डा. कुमार आशीष

मां दुर्गा का किया दर्शन, विधि-व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को किया अलर्ट



दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचे कोशी रेंज के डीआईजी डा. कुमार आशीष।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कोशी रेंज, सहरसा के डीआईजी डा. कुमार आशीष ने अपने परिवार के साथ विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा का दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने पूजा पंडालों में विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने तथा सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष नजर बनाए रखने का निर्देश दिया, ताकि दुर्गा पूजा का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। वही, कोसी क्षेत्र के डीआईजी डा. कुमार आशीष ने अपने पूरे परिवार के साथ सौर बाजार प्रखंड के भपटिया गांव पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलित किया और विधिवत रूप से मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह का माहौल रहा।

आवासीय कार्यालय में सुनी जनता की फरियाद, न्याय दिलाने का दिया भरोसा



नवरात्रि की छुट्टी में भी सक्रिय रहे कोसी रेंज के डीआईजी कुमार आशीष।

पटना/ एनएसबी। नवरात्रि की छुट्टी के बावजूद कोसी रेंज, सहरसा के डीआईजी डा. कुमार आशीष ने अपने आवासीय कार्यालय में पहुंचे लोगों की फरियाद सुनी। इस दौरान डीआईजी डा. कुमार आशीष ने विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उन्हें उचित कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

स्पष्ट भूमि अभिलेखों से कम होंगे संपत्ति विवाद, डिजिटल व्यवस्था पर जोर

दैनिक नवसंदेश

2025 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों का सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

राजस्व सचिव जय सिंह बोले- सर्वेक्षण पूरा होने के बाद स्पष्ट और डिजिटल होंगे भूमि रिकॉर्ड

पटना। राज्य में भूमि अभिलेखों को स्पष्ट, सटीक और डिजिटल बनाने की दिशा में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त का कार्य पूरा होने से जमीन से जुड़े रिकॉर्ड अधिक व्यवस्थित होंगे, जिससे संपत्ति विवादों को कम करने में मदद मिलेगी। इसी उद्देश्य से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को पटना के शास्त्रीनगर स्थित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान में शुरू हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन बिपार्ड के महानिदेशक अरविंद कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह, भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत तथा संस्थान के प्राचार्य दिव्य राज गणेश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बिपार्ड के महानिदेशक अरविंद कुमार चौधरी ने कहा कि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त का प्रशिक्षण प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। राज्य में भूमि सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है, ऐसे में इस विषय की गहरी समझ अधिकारियों के प्रशासनिक करियर में उपयोगी साबित होगी। राजस्व प्रशासन राज्य सरकार के कामकाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसके प्रभावी संचालन के लिए अधिकारियों को सर्वेक्षण के मूलभूत सिद्धांतों की जानकारी होना आवश्यक है।

स्पष्ट भूमि अभिलेखों से संपत्ति विवादों में आएगी कमी : श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में संपत्ति विवाद से जुड़ी अनेक घटनाएं सामने आती हैं। भूमि अभिलेखों का स्पष्ट और सटीक होना ऐसे विवादों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जमीन से जुड़े मामलों के समाधान के लिए अभिलेखों की स्पष्टता बेहद जरूरी है। उन्होंने डिजिटल व्यवस्था का उदाहरण देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से किसी संपत्ति की जानकारी प्राप्त करना और उसकी खरीद-बिक्री की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना आसान हो सकता है। राज्य का राजस्व प्रशासन भी डिजिटल व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन बिपार्ड के महानिदेशक अरविंद कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह, भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत तथा संस्थान के प्राचार्य दिव्य राज गणेश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक विषय को गंभीरता से समझने और व्यावहारिक रूप से कार्य करके सीखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्रशिक्षण के दौरान ही कर लेना चाहिए। फील्ड में जाने पर आम लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझना भी जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों की सराहना की और प्रशिक्षुओं को अनुभवी अधिकारियों से सीखने का अवसर पूरी तरह उपयोग करने की सलाह दी।

झोले से लैपटॉप तक पहुंचा राजस्व प्रशासन' : राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा कि राज्य में राजस्व संबंधी कार्यों को डिजिटल माध्यम से संचालित करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीब दस वर्ष पहले तक झोले में लेकर चलने वाले राजस्व संबंधी कार्य अब लैपटॉप तक पहुंच गए हैं। यह बदलाव राजस्व प्रशासन में तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण का कार्य सही तरीके से पूरा होने के बाद भूमि से संबंधित रिकॉर्ड अधिक स्पष्ट और डिजिटल होंगे। इससे राजस्व प्रशासन को मजबूती मिलेगी और राज्य की विकास यात्रा में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

10 दिनों तक विशेषज्ञों से प्रशिक्षण लेंगे अधिकारी : भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत ने प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा और प्रशिक्षण देने वाले विशेषज्ञों की जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी प्रशिक्षु अधिकारियों का परिचय भी प्राप्त किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक समाहर्ता-सह-सहायक दंडाधिकारी सौरव सिन्हा (मुजफ्फरपुर), अमित मीणा (भोजपुर), राज कृष्ण झा (पूर्वी चंपारण), नीलेश गोयल (गया जी), केतन शुक्ला (सहरसा), अंकुर त्रिपाठी (वैशाली, हाजीपुर), प्रिंस राज (नवादा), दीपक कुमार (पटना), कल्पना रावत (दरभंगा), फरकन्दा कुरैशी (बक्सर) और कुमुद मिश्रा (पूर्णिया) शामिल हुए।

इस अवसर पर सहायक निदेशक सुबोध कुमार, अनुदेशक विनय कुमार राय, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी पल्लवी और ऐमन फातिमा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

धान अधिप्राप्ति की तैयारियों में तेजी लाने के लिए चावल मिलरों के निबंधन की अवधि 15 नवंबर तक विस्तारित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। खरीफ विपणन मौसम 2026-27 में राज्य के किसानों से धान अधिप्राप्ति की तैयारियों को गति देने तथा धान की मिलिंग की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने चावल मिलरों के निबंधन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2026 से बढ़ाकर '15 नवंबर 2026' कर दी है। विभाग ने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि निर्धारित विस्तारित अवधि के भीतर चावल मिलरों का निबंधन अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

विकेन्द्रीत अधिप्राप्ति योजना के अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम 2026-27 में राज्य में धान अधिप्राप्ति '1 नवंबर 2026 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है।' अधिप्राप्त धान की समानांतर रूप से मिलिंग कराकर चावल तैयार करने के लिए पर्याप्त संख्या में चावल मिलरों का निबंधन एवं उनका भौतिक सत्यापन आवश्यक है।

चावल मिलरों का निबंधन 16 अगस्त 2026 से ई-सहकारी पोर्टल से प्रारंभ है उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष कुल 868 चावल मिलों का निबंधन कराया गया था। इस वर्ष अभी तक 608 मिलों के द्वारा निबंधन कराया जा चुका है। धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए विभाग ने निबंधन की अवधि विस्तारित करने का निर्णय लिया है, ताकि अधिक से अधिक चावल मिलरों का निबंधन समय पर पूरा हो सके और अधिप्राप्त धान की मिलिंग में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। विभाग ने सभी जिला पदाधिकारियों से इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निबंधन प्रक्रिया पूर्ण कराने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

जलवायु के अनुरूप खेती, भविष्य की तैयारी : विजय कुमार सिन्हा

बिहार के 1,200 गांवों में जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा, 27,600 एकड़ में होगा फसल प्रत्यक्षण

वैज्ञानिक खेती, कम लागत और बेहतर आय, जलवायु अनुकूल कृषि से किसानों को मिलेगा लाभ

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से बिहार में चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के कार्यान्वयन को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बाढ़, सुखाड़, अल्पवृष्टि और तापमान में अप्रत्याशित बदलाव कृषि क्षेत्र के लिए गंभीर चुनौती हैं। ऐसे में आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर खेती को जलवायु अनुकूल बनाना आवश्यक है। यह कार्यक्रम उत्पादन लागत कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय सुढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा।

विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य के 24 जिलों में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक जिले में 5 प्राथमिक गांवों का चयन होगा, जिससे कुल 120 प्राथमिक गांव चिन्हित किए जाएंगे। प्रत्येक प्राथमिक गांव के निकटवर्ती 9 द्वितीयक गांवों को भी कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। इस प्रकार कुल 1,200 गांवों में जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि कृषि को अधिक टिकाऊ बनाया जा सके।

उन्होंने आगे कहा कि जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कृषि विभाग, बिहार सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1,405. 51 लाख रुपए (लगभग 14.06 करोड़ रुपए) की राशि की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है।

श्री सिन्हा ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प, किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को आधुनिक एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के विजन के अनुरूप है। केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, आधुनिक तकनीकों और प्रातिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देकर खेती को अधिक टिकाऊ लाभकारी एवं जलवायु अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

कृषि मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के तहत रबी एवं गरमा मौसम में कुल 27,600 एकड़ में विभिन्न फसलों की खेती का प्रत्यक्षण किया जाएगा। रबी मौसम में 18,000 एकड़ में जीरो टिलेज तकनीक से गेहूं, चना एवं मसूर तथा रेज्ड बेड तकनीक से मक्का, सरसों, अलसी, मसालों और सब्जियों की खेती होगी। वहीं, गरमा मौसम में 9,600 एकड़ में मक्का, मूंग, उड़द, मोटे अनाज, सूरजमुखी, तिल, हरी खाद के लिए ढैंचा एवं सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

खबरें | खास-खास



गर्दनीबाग में सिन्दुर लगाती महिलाएं।

भविष्य की नौकरियों के लिए युवाओं में कौशल विकास विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार नालंदा कॉलेज में 3-4 नवंबर को

आईसीएसएसआर (भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक विज्ञान अनुसंधान) द्वारा सम्पोषित सेमिनार में दिल्ली, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश उड़ीसा, झारखंड, बिहार सहित अनेक राज्यों के जुटेंगे शोधार्थी



ऐतिहासिक नालन्दा कॉलेज बिहारशरीफ।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। आगामी 3 एवं 4 नवंबर, 2026 को ऐतिहासिक नालन्दा कॉलेज बिहारशरीफ में द्विदिवसीय नेशनल सेमिनार आयोजित होगा। स्किलिंग यूथ फॉर फ्यूचर जॉब्स (भविष्य की नौकरियों के लिए युवाओं को कौशल प्रदान करना) विषय पर आधारित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिल्ली, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश उड़ीसा, झारखंड, बिहार सहित अनेक राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वान शिक्षक -छात्र शिरकत करेंगे। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक विज्ञान अनुसंधान (आईसीएसएसआर) द्वारा सम्पोषित सेमिनार में कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता, डिजिटल तकनीक, शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और भविष्य की नौकरियां, उद्यमिता, नवाचार एवं समावेशी विकास, तथा भविष्योपयोगी कौशल, हरित अर्थव्यवस्था और रोजगार नीतियों जैसे प्रमुख विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अंतर्गत उच्च शिक्षा और रोजगार, उद्योग एवं शिक्षण संस्थानों के बीच समन्वय, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप, ग्रामीण उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता, संचार कौशल, आलोचनात्मक चिंतन और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण उप-विषय शामिल हैं। प्राचार्य प्रो सिन्हा ने बताया कि सेमिनार की संयोजक डा. संगीता कुमारी एवं ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा ध्रुव कुमार बनाए गए हैं। सेमिनार में शोधपत्र प्रस्तुत करने वाले इच्छुक प्रतिभागियों के लिए सारांश (एब्सट्रैक्ट) भेजने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर तथा पूर्ण शोध-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि एक नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी अपना सारांश एवं शोधपत्र पर भेज सकते हैं। विस्तृत जानकारी नालंदा कॉलेज की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

निर्वाची पदाधिकारी -सह -प्रमंडलीय आयुक्त ने बांकीपुर गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर स्कूल स्थित वजगृह -सह- मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 23 अक्टूबर 2026 को संपन्न होना है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा मतदान कर्मियों एवं आम नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्वाचन संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश देते निर्वाची पदाधिकारी-सह-प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार।

इसी क्रम में निर्वाची पदाधिकारी-सह-प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने बांकीपुर गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर स्कूल, पटना स्थित वजगृह एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रमंडलीय आयुक्त ने निर्देश दिया कि मतगणना केंद्र पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए 22 अक्टूबर से ही केंद्र पर मजिस्ट्रेट, पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पूरे परिसर एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निदेश दिया परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश नगर निगम, पटना को दिया गया ।

उल्लेखनीय है कि इसी केंद्र से 22 अक्टूबर को पटना जिले के मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने बिजली, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सुविधा एवं हेल्प डेस्क सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि केंद्र में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के पास वैध पहचान पत्र होना अनिवार्य है। बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं में पूर्ण सतर्कता बरतने तथा सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने को कहा।

पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन के दौरान मतदान प्रक्रिया के अनुश्रवण, आम लोगों की सुविधा तथा निर्वाचन से संबंधित सूचना एवं शिकायत प्राप्त करने के लिए निर्वाची पदाधिकारी-सह-प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त पटना, नालंदा एवं नवादा जिले में भी जिला नियंत्रण कक्ष के माध्यम से निर्वाचन संबंधी सूचनाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

बापू टावर फेलोशिप के लिए अब 31 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन, 5 चयनित फेलो को मिलेंगे 5 लाख रुपए

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बापू टावर फेलोशिप के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। पहले इसके लिए अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित थी। फेलोशिप के तहत महात्मा गांधी और बिहार से जुड़े सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विषयों पर शोध करना होगा। इसके लिए कुल पांच फेलो का चयन किया जाएगा, जिन्हें एक वर्ष के लिए पांच लाख रुपये की फेलोशिप राशि दी जाएगी।

बापू टावर के निदेशक विनय कुमार ने बताया कि आवेदक के पास गांधी आधारित विषयों में स्नातक या उससे उच्चतर डिग्री होनी चाहिए। इसके अलावा महात्मा गांधी और उनके जीवन दर्शन से जुड़े क्षेत्र में 5 वर्ष से अधिक कार्य करने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। उच्चत्तर डिग्री रखने वाले अभ्यर्थियों या गांधी दर्शन के क्षेत्र में 5 वर्ष से अधिक का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदक के लिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष रखी गई है।

बापू टावर फेलोशिप के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, फोटो और फेलोशिप शोध विषय पर 4000- 5000 शब्दों में शोध प्रस्ताव बापू टावर निदेशक, पटना को स्पीड पोस्ट, कूरियर के जरिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा गर्दनीबाग स्तिथ बापू टावर में जाकर आवेदन जमा करने की सुविधा दी गई है। प्राप्त शोध प्रस्तावों के आधार पर चयन कमिटी फेलो का चयन करेगी।

सालाना उर्स मुबारक के मौके पर मजार-ए- अकदस पर चादरपोशी की गई

पटना (दैनिक नवसंदेश)। खानकाह बारगाह-ए-इश्क तकिया शरीफ के बानी हजरत सैयदना शाह ख्वाजा रुकुद्दीन कुद्दिस सिर्रहुल अजीज व हजरत ख्वाजा सैयद शाह शाहिद हुसैन कुद्दिस सिर्रहुल अजीज के सालाना उर्स मुबारक के मौके पर मजार-ए-अकदस पर चादरपोशी की गई।

सालाना उर्स मुबारक के मौके पर बाद नमाज-ए-फज्र कुरआन ख्वानी का एहतमाम हुआ जिसमें बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने कुरआन मजीद की तिलावत की, बादह 11 बजे दिन से महफिल-ए-समा कब्ल नमाज-ए-जुहर तक मुनअकदि हुई जिसमें फुलवारी शरीफ के मशहूर व मारूफ कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किया, बाद नमाज-ए-इशा कुल शरीफ व महफिल-ए-समा की मजलिस मुनअकदि हुई। वहीं तीन रोजा सालाना उर्स मुबारक के मौके पर आखिरी रोज बाद नमाज-ए-फज्र कुरआन ख्वानी, बादह 9 बजे जियारत-ए-तबर्रुकात सरकार-ए-दो आलम व महफिल-ए-समा बाद नमाज-ए-इशा, इखष्तिताम।



सालाना उर्स मुबारक के मौके पर मजार-ए-अकदस पर चादरपोशी की गई।

पटना सिटी - खानकाह बारगाह-ए-इश्क तकिया शरीफ मित्तन घाट पटना सिटी में हजरत सैयदना शाह ख्वाजा रुकुद्दीन कुद्दिस सिर्रहुल अजीज (अल-मारूफ हजरत इश्क पाक) के उर्स मुबारक के मौके पर हस्ब-ए-साबिक कदीमी रिवायत के मुताबिक बाद नमाज-ए-मगरिब हजरत सैयदना शाह ख्वाजा रुकुद्दीन कुद्दिस सिर्रहुल अजीज के मजार-ए-अकदस पर चादरपोशी व दुआ का एहतमाम हुआ। इस मौके पर खानकाह बारगाह-ए-इश्क तकिया शरीफ के सज्जादा नशीन व मुतवल्ली हजरत सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद साहब कबिला ने खुसूसी दुआ फरमाई जिसमें मुल्क भर से कसीर तादाद में मुरीदीन, मुतवस्सिलीन और अकीदतमंदों ने शिरकत की। तीन रोजा सालाना उर्स मुबारक की सरपरस्ती खानकाह बारगाह-ए-इश्क तकिया शरीफ मित्तन घाट पटना सिटी के सज्जादा नशीन हजरत सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद साहब कबिला ने की।

नवंबर के द्वितीय सप्ताह में खुलेगा सामान्य स्थानांतरण पोर्टल : शिक्षा मंत्री

बिहार विधान परिषद् निर्वाचन में एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाएं शिक्षक एवं स्नातक मतदाता : मिथिलेश तिवारी

शिक्षकों के हित में सरकार के फैसले हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण

गोपालगंज / पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने 23 अक्टूबर को होने वाले बिहार विधान परिषद् के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के मद्देनजर राज्य के सभी प्रबुद्ध शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सभी आठों प्रत्याशियों को अपना बहुमूल्य मत देकर विजयी बनाने की अपील की है।

बुधवार को चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गोपालगंज में आयोजित प्रबुद्ध मतदाता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार के प्रबुद्ध शिक्षक एवं ातक मतदाता सरकार द्वारा शिक्षा एवं शिक्षक हित में किए गए कार्यों, लिए गए सकारात्मक निर्णयों तथा भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

श्री तिवारी ने कहा कि सरकार शिक्षकों की समस्याओं और मांगों के प्रति संवेदनशील है। शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निर्णय लिया जाएगा। देश के अन्य राज्यों में शिक्षकों को मिल रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का भी अध्ययन कराया जा रहा है, ताकि बिहार की परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर निर्णय लिए जा सकें। हमारा प्रयास है कि शिक्षकों को सम्मानजनक कार्य-परिवेश मिले और वे पूरी निष्ठा एवं ऊर्जा के साथ विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में योगदान दे सकें।

वित्तरहित शिक्षकों के भुगतान की प्रक्रिया डीबीटी के माध्यम से शुरू : शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों की व्यावहारिक समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। वित्तरहित शिक्षकों के बकाया भुगतान के संबंध में मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी और शिक्षा विभाग की ओर से लगभग 25 हजार शिक्षकोंधशिक्षकेतर कर्मियों के लिए 195 करोड़ की राशि उपलब्ध करा दी गई है और भुगतान की प्रक्रिया डीबीटी के माध्यम से प्रारंभ कर दी गई है।

नवंबर के द्वितीय सप्ताह में खुलेगा स्थानांतरण पोर्टल : शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि राज्य में बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 अधिसूचित की गई है, जिसमें प्रथम चरण में 61,123 (सरप्लस टीचर), 9,244 (म्यूचुअल ट्रांसफर) एवं 11,423 (इंटर डिस्ट्रिक्ट) कुल 81,790 (इक्यासी हजार सात सौ नब्बे) आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें 21,940 (इक्कीस हजार नौ सौ चालीस) शिक्षकों का स्थानांतरण किया जा चुका है। वर्तमान में लागू आदर्श आचार संहिता के कारण शिक्षकों की स्थानांतरण प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रोक दी गयी थी किन्तु आदर्श आचार संहिता की समाप्ति के पश्चात शिक्षकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सामान्य स्थानांतरण पोर्टल को नवंबर के द्वितीय सप्ताह में खोला जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

दिनकर जयंती समारोह संपन्न

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार केशरी श्रीकृष्ण सिंह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। स्वामी सहजानंद सरस्वती पुस्तकालय वाचनालय एंव स्मारक समिति के प्रांगण मे आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता युगेशवर प्रसाद सिंह और संचालन शशिकांत तिवारी ने किया। इस अवसर पर तारकेश्वर ठाकुर ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरसवती की प्रेरणा से श्रीकृष्ण सिंह ने बिहार मे सर्वप्रथम जमिंदारी उन्मूलन कर बिहार को पहला राज्य बना दिया। कृष्ण सिंह एक कुशल अधिवक्ता भी थे। वे जीवन पर्यंत गरीबों दलितों के मसीहा थे। धन्यवाद ज्ञापन अमरदीप जय सामाजिक कार्य कर्ता ने किया। ईस अवसर पर गौतम सोने सियाराम राकेश ने भी बिचार परकट किये।



कुष्ठ रोगियों के बीच डॉ. कांत ने मनाया जन्मदिन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए लोग अक्सर भव्य आयोजन करते हैं, लेकिन डॉ. रजनीश कांत ने कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के बीच अपना जन्मदिन मनाकर समाजसेवा की अनूठी मिसाल पेश की। उन्होंने इस खास दिन को जरूरतमंदों की सेवा और उनके बीच खुशियां बांटने के लिए समर्पित किया। डॉ. रजनीश कांत आरा के जमीरा गांधी धाम आश्रम में रहने वाले कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के बीच नियमित रूप से पहुंचते हैं। जरूरतमंदों के लिए पीने के पानी, कपड़े, कंबल, साड़ी और मिठाइयों जैसी आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था करते हैं। साथ ही, भोजन की व्यवस्था कर सभी को अपनेपन के साथ खाना खिलाते हैं, ताकि उन्हें सम्मान और आत्मीयता का एहसास हो।

वीर देवी ओझा की स्मृति में बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

भूमि पूजन

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर योद्धा वीर देवी ओझा की स्मृति को संजोने के उद्देश्य से सहजौली गांव में डिजिटल लाइब्रेरी निर्माण के लिए विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। इसका आयोजन वीर देवी ओझा मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से किया गया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष उमेश चंद्र पांडेय एवं सचिव अभिनव कुमार ओझा ने बताया कि लाइब्रेरी का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण से क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं युवाओं को अध्ययन और डिजिटल संसाधनों का लाभ मिलने की उम्मीद है। भूमि पूजन के मौके पर पैक्स अध्यक्ष कृष्ण कुमार, आचार्य पंडित रेमन चैबे, जदयू के जिला सचिव संजय चैधरी, वार्ड सदस्य हरिशंकर ओझा, सुरेमन चैधरी, विनय शंकर ओझा, अरुण कुमार ओझा, रविंद्र चैधरी, शिक्षाविद मुक्तेश्वर मिश्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। गीधा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खेसरहिया निवासी बीरबल यादव के रूप में हुई है। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि बीते 21 जून को खेसरहिया गांव स्थित एक बगीचे में शराब बेचने और पीने का विरोध करने पर बीरबल यादव ने शाकिर अली के साथ मारपीट की थी। इस दौरान शाकिर अली के सिर में गंभीर चोट आई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।

वाहन जांच में छह हजार रुपये जुर्माना

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाना क्षेत्र में पुलिस ने यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान मोटरसाइकिल सवारों के हेलमेट, कागजात सहित यातायात नियमों के अनुपालन की जांच की गई। वहीं, ट्रिपल लोडिंग कर चलने वाले बाइक सवारों पर भी पुलिस ने कार्रवाई की। थानाध्यक्ष सुनीत कुमार सिंह ने बताया कि वाहन जांच अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की जांच की गई। इस क्रम में कुल छह हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। जांच अभियान अपर थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही।



बाइक सवार दो दोस्तों को रौंदा, एक की मौत

आरा/गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। गड़हनी थाना के शिवपुर एवं अगिआंव गांव के बीच सोमवार की देर रात अज्ञात वाहन ने दशहरा मेला घूम कर घर वापस लौट रहे बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं बाइक पर पीछे बैठा मृतक का दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव वार्ड नंबर-6 निवासी मुंगा यादव का 20 वर्षीय पुत्र अनीश कुमार है। वह गुजरात में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। जबकि जख्मी उसी गांव निवासी नसीमुद्दीन का 18 वर्षीय पुत्र इमरान आलम है। इधर, दूरभाष पर बात करने पर मृतक के परिजन ने बताया कि सोमवार की देर रात पर दोनों दशहरा मेला घूम कर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। उसी शिवपुर एवं अगिआंव गांव के बीच अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां अनीश कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि जख्मी इमरान आलम को पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार बहन व तीन भाई में दूसरे स्थान पर था।

मिक्सर मशीन वाहन ने चचेरे भाइयों को रौंदा, एक की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। कोईलवर थाना क्षेत्र के मनभावन मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की देर रात मिक्सर मशीन वाहन ने चचेरे भाइयों को रौंदा दिया। हादसे में एक की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जबकि साथ रहा चचेरा भाई जख्मी हो गया। जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। मृतक गीधा थाना के बीरमपुर गांव निवासी स्व. शारदानंद यादव का 28 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार है। जख्मी उसी गांव के उसका चचेरा भाई सूरज कुमार शामिल है। सूरज ने बताया कि मंगलवार की रात दोनों ऑटो द्वारा दुर्गा पूजा मेला घूमने के लिए कोईलवर गए थे और देर रात वापस पैदल घर लौट रहे थे। उसी दौरान मनभावन मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप पीछे से आ रहे मिक्सर मशीन वाहन दोनों को टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई पिंटू कुमार यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पांच भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी बिंदु कुमारी एवं एक तीन माह का दुधमुंहा पुत्र अंश कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया।

श्रीबाबू राजनीति में शुचिता के पर्याय थे : डॉ. पाण्डेय

श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती पर संगोष्ठी



आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती बुधवार को डॉ. श्रीकृष्ण सिंह न्यास परिषद, आरा के तत्वावधान में एसबी कॉलेज के विवेकानंद सभागार में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर संगोष्ठी आयोजित कर श्रीबाबू के व्यक्तित्व, कृतित्व और आधुनिक बिहार के निर्माण में उनके योगदान पर चर्चा की गई।संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. रामप्रिय प्रसाद ने कहा कि श्रीबाबू विरल प्रतिभा के धनी थे। उनके जैसा कर्मठ और अध्ययनशील मुख्यमंत्री बिहार में दूसरा नहीं हुआ। मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. जेबी पांडेय ने कहा कि श्रीबाबू दूरदर्शी मुख्यमंत्री थे और राजनीति में शुचिता के पर्याय थे। वे केवल जानकार ही नहीं, बल्कि समझदार राजनेता भी थे। आधुनिक बिहार के नवनिर्माण में श्रीबाबू और अनुग्रह बाबू का विशेष योगदान रहा। श्रीबाबू हृदय पक्ष के धनी थे, जबकि अनुग्रह बाबू बुद्धि पक्ष के। दोनों एक-दूसरे के पूरक थे। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. रामबहादुर शर्मा ने कहा कि श्रीबाबू चुनाव के दौरान अपने क्षेत्र में वोट मांगने नहीं जाते थे। उनका मानना था कि यदि उन्होंने जनता के लिए काम किया है तो जनता स्वयं उन्हें जिताकर भेजेगी। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद की सद्यः प्रकाशित पुस्तक ह्यलक्ष्मण भार्या एवं भ्रातृ प्रेमह्न का लोकार्पण हुआ। संगोष्ठी में डॉ. बलिराज ठाकुर, डॉ. जितेंद्र कुमार, प्राचार्या डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. अयोध्या प्रसाद उपाध्याय, डॉ. शशि कुमार सिंह, डॉ. ममता मिश्रा और वरीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण राय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्वागत डॉ. मुक्तेश्वर उपाध्याय, मंगलाचरण वेद विधि शर्मा, संचालन डॉ. दिवाकर पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन शशिकांत तिवारी ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

वार्ड सदस्य की हत्या में वांछित पिता-पुत्र के घर चस्पाया गया इश्तेहार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। चैरी थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव निवासी सह वार्ड सदस्य की हत्या मामले में वांछित पिता-पुत्र के घर इश्तेहार चस्पाया गया। न्यायालय के आदेश पर सोमवार को चैरी थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव निवासी राजेश्वर सिंह एवं उसके पुत्र पिंटू सिंह उर्फ साधु के घर इश्तेहार चस्पाया पाया गया। बावजूद इसके आरोपितो द्वारा पुलिस या कोर्ट के समक्ष सरेंडर नहीं किया जाता है तो, पुलिस उनके घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करेगी। बता दें कि बीते 14 अगस्त की सुबह चैरी थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट वह गोलीबारी की गई थी। तब गोलीबारी के दौरान थाना क्षेत्र के भीखमपुर निवासी गांधीजी के पुत्र सह अगिआंव प्रखंड के डिलिया पंचायत वार्ड नंबर-11 के वार्ड सदस्य अशोक सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

महानवमी एवं विजय दशमी पर आरण्य देवी के दर्शन के लिए उमड़ी रही भीड़

हजारों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेका





आरा (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र के नौंवे दिन महानवमी एवं विजय दशमी के दिन मां दुर्गा का पूजन व दर्शन करने के लिए मंदिरों व पूजा पंडालों में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के मंदिर में महानवमी और विजय दशमी के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु-भक्तो ने पूरे भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि महानवमी को लेकर सोमवार की अहले सुबह करीब तीन बजे मां की आरती की गई। इसके बाद देवी दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए महिला-पुरुष श्रद्धालु-भक्तों का जनसैलाब उमड़ पडा। लोगों को देवी दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ा। बावजूद इसके श्रद्धालु भक्तों ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान मंदिर के प्रथम तल पर कई भक्तों ने हवन किया। हवन के दौरान धूप और अगरबत्ती की खुशबू से फिजां सुगंधित हो उठा। वही विजय दशमी के दिन मंगलवार को हजारों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने मां के दरबार में पूजा-अर्चना की। महिला-पुरुष भक्तों को भैरव बाबा मंदिर के गली के रास्ते मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा था। जबकि मुख्य द्वार से भक्तों की निकासी की जा रही थी। भक्तों को कतारबद्ध कराने में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं महिला-पुरुष पुलिस कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा। इसके अलावे ट्रस्ट के वोलेंटियर भी मुस्तैद दिखे। फायर ब्रिगेड के कर्मी भी मंदिर परिसर में प्रतिनियुक्त रहें। भक्त आरण्य देवी मैया की जय...भैरो भैया की जय....सच्चे दरबार की जय... के जयकारे लगा रहे थे। महानवमी एवं विजय दशमी के मौके पर श्रद्धालु-भक्तों के बीच ट्रस्ट द्वारा भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया वहीं मंदिर निर्माण को लेकर श्रद्धालु-भक्तों ने सहयोग दिया।

हत्या के प्रतिशोध में रिटायर कर्मी पीट-पीटकर हत्या, पत्नी जख्मी

पुलिस ने आरोपित को दबोचा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाना के विशुनपुरा गांव में युवक की हत्या के प्रतिशोध में एक रिटायर कर्मी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वही मारपीट के दौरान मृतक की पत्नी जख्मी हो गई, जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किए गए लोहे के रॉड को भी बरामद कर लिया गया है। मृतक चांदी थाना के विशुनपुरा गांव निवासी स्व.धरीक्षण सिंह के 70 वर्षीय पुत्र बसंत सिंह है। जख्मी उनकी 65 वर्षीया पत्नी कुसुम देवी है। सदर एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की दोपहर करीब दो बजे चांदी थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना के विशुनपुरा गांव निवासी 70 वर्षीय बसंत सिंह एवं उनकी पत्नी 65 वर्षीया पत्नी कुसुम देवी को उसी गांव के निवासी रामाशंकर सिंह द्वारा लोहे के रॉड से मारकर जख्मी कर दिया गया है। जिसमें बसंत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय थाना मौके पर पहुंची। पुलिस ने नामजद आरोपित रामाशंकर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त लोहे के रॉड को भी बरामद कर लिया गया है। हत्या का मुख्य कारण प्रतिशोध बताया गया है। उनके द्वारा बताया गया कि बीते 16 अगस्त को पवना थाना के पवना बाजार पर उनके भांजे शांतनु कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस हत्याकांड में मृतक बसंत सिंह का नाती अश्वनी कुमार उर्फ मोलू नामजद आरोपित था। जिसे गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था। उसी प्रतिशोध में उनके द्वारा बसंत सिंह की हत्या की गई है। मृतक के पिता कुंदन सिंह के द्वारा पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी मनीष कुमार के पुत्र अश्वनी कुमार उर्फ मोलू को नामजद एवं दो अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

28 ग्राम हेरोइन के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

आरा। जगदीशपुर थाना पुलिस ने हेरोइन के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 28 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। वह थाना क्षेत्र के बभनिआंव गांव निवासी विश्वनाथ यादव का पुत्र जयराम कुमार उर्फ जयराम यादव है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी।

रंगदारी व हत्या के प्रयास सहित दो मामलों में वांछित दानी यादव गिरफ्तार

हत्या, लूट, डकैती एवं आर्म्स एक्ट सहित दर्जनों मामलों का आरोपी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहिया थाना पुलिस द्वारा रंगदारी व हत्या के प्रयास के दो मामलों में वांछित चल रहा बिहिया का कुख्यात अपराधी दानी यादव को गिरफ्तार गया है। उसे सोमवार को आरा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। वह बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया अस्पताल रोड निवासी स्व. द्वारिका यादव का पुत्र दानी यादव है। इसकी जानकारी जगदीशपुर एसडीपीओ रवि कुमार ने मंगलवार को बिहिया थाना में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया की एसपी अवधेश दीक्षित को सूचना प्राप्त हुई थी कि बिहिया का कुख्यात अपराधी दानी यादव का मूवमेंट आरा स्टेशन की तरफ हुआ है। सूचना उपरांत एसपी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया, जिसमें बिहार एसटीएफ, डीआईयू एवं बिहिया थाना के थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी एवं अपर थानाध्यक्ष राम कुमार शामिल थे। इसके साथ ही तकनीकी सूत्र के आधार पर उसे सोमवार को आरा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ श्री कुमार ने बताया कि वह बिहिया, शाहपुर, आरा रेल थाना एवं बक्सर रेल थाना में दर्ज हत्या, लूट, डकैती एवं आर्म्स एक्ट सहित करीब 23 मामलों मे दर्ज है, जिसमें वह हत्या के प्रयास एवं रंगदारी के दो मामलों में वांछित चल रहा था। जबकि अन्य पर वह बेल पर था। उन्होंने बताया कि दानी यादव की गिरफ्तारी के बाद बिहिया सहित पूरे जिले में अपराध पर नियंत्रण हो पाएगा।

बहन के ससुराल आए युवक की गोली मारकर हत्या, सनसनी

प्रेम प्रसंग में घटना को अंजाम का आरोप, दो नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज



आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर मोहल्ले में सोमवार की शाम बहन के ससुराल आए युवक की हत्या का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। युवक की प्रेम प्रसंग में गोली मारकर हत्या की गई थी। हत्या के मामले में मुख्य आरोपित व उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से हत्या में प्रयुक्त देसी पिस्तौल, एक गोली तथा एक मोबाइल बरामद हुआ। सदर एसडीपीओ वन सुशील कुमार ने बताया कि अभिषेक की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई है, उसका प्रेम अपनी ही बहन के जेठानी की पुत्री से चल रहा था। जबकि मोहल्ले के ही एक अन्य युवक का उस लड़की से प्रेम करता था। इसी को लेकर उसकी हत्या की गई। पुलिस ने आरोपित इब्राहिम नगर मोहल्ला निवासी गोधन यादव के पुत्र सचिन कुमार उर्फ छोटे यादव एवं उसी मोहल्ला के नाबालिग दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। अभिषेक हत्याकांड मामले में मृतक के पिता रजल राय के बयान पर सचिन कुमार उर्फ छोटे यादव एवं उसी मोहल्ला निवासी नाबालिग दोस्त के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहा गया है कि 19 अक्टूबर अपने पुत्र अभिषेक कुमार यादव साथ बाइक द्वाराघर लौट रहा था। रास्ते में अपनी बहन रेशमी कुमारी के ससुराल इब्राहिम नगर गये थे। वे दोनों वही रुक गए। जहां उसकी जेठ-जेठानी की बेटी मौजूद थी। उनकी पुत्री रेशमी कुमारी उनके घर चली गई। इसी बीच शाम करीब साढ़े छह बजे सचिन कुमार उर्फ छोटे यादव अपने मोहल्ले के दोस्त के साथ बेटी के घर में घुस आया और अभिषेक को गाली देते हुए बोला कि तुम आज के बाद प्रेमिका से बात नहीं करेगा। अपने दोस्त के साथ मिलकर उसे पकड़ कर घसीटते हुए घर उनके बाइक के पास ले गया, उसके बाद सचिन कुमार उर्फ छोटे यादव ने पिस्टल से अभिषेक कुमार यादव को सीने में गोली मार दी।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं का किया गया बनास नदी में विसर्जन



गडहनी (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र में नौ दिनों की विधिवत पूजा अर्चना के बाद बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न स्थलो पर स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धालु महिलाओं द्वारा परम्परानुसार मां दुर्गा को खोइछा देने की रस्म अदायगी के बाद गाजे बाजे के साथ किया गया। इसके पूर्व गडहनी में आयोजित भव्य जुलुस में बाजे गाजे के साथ हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। नगर के आरा सासाराम मुख्य मार्ग, ब्लॉक रोड भ्रमण करने के बाद विसर्जन जुलुस सहंगी रोड होते हुए शिव घाट एवं कोयला फैक्टरी के समीप बनास नदी पहुंचा। यहाँ देर शाम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना किये जाने के बाद माँ दुर्गा व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं को बनास नदी में विसर्जित कर दिया गया। विसर्जन करने वालों में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति गड़हनी गोला के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, रितेश यादव, गुड्डु यादव, अनिल यादव, पिन्टू कुमार सिंह, रंजन यादव, सहित सैकड़ों समर्पित सदस्य शामिल हुए। वहीं पुरानी बाजार गड़हनी में स्थित माँ दुर्गा की प्रतिमा बनास नदी में विसर्जन करने वालों में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति पुरानी बाजार गड़हनी के अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह, सुमन कुमार चैरसिया, समर गुप्ता समीर गुप्ता, रजत कुमार गुप्ता, धनजी शर्मा, पंकज कुमार गुप्ता, भीम कुमार सोनी, वहीं दुर्गा पूजा समिति बिचली पट्टी गड़हनी मे अक्षय मिश्र, मुना बाबा, भगवान सोनी, रमन सिंह, पंकज सिंह सहित अन्य समर्पित सदस्यों ने भाग लिया।

अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। दशहरा का मेला देखकर घर जा रहे एक युवक को बेलगाम ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पूरा मामला पटना-बक्सर हाईवे पर कुल्हड़िया गांव के समीप का है। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से पैदल जा रहे एक युवक की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी 30 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार के रूप में हुई है। पिंटू कुमार दशहरा का मेला घूमने के बाद अपने दोस्तों के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुल्हड़िया गांव के समीप पटना-बक्सर हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर कुल्हड़िया के समीप पटना-बक्सर हाईवे को जाम कर दिया। सड़क जाम होने से हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोईलवर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीण मुआवजे की मांग पूरी करने और संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े थे। बाद में थानाध्यक्ष के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। उन्होंने प्रशासन से हाईवे पर वाहनों का परिचालन निर्धारित लेन में सुनिश्चित कराने और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण सड़क हादसों का खतरा लगातार बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने की अपील की।

अग्निबाण लगते ही धू-धू कर जल उठा रावण

रामलीला मैदान में किया गया रावण के पुतले का दहन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर जिले में मंगलवार को बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजय दशमी का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। मंगलवार की सुबह से ही देर रात तक लोगों ने दशहरा मेले का लुफ्त उठाया। छोटे-छोटे बच्चे, युवक-युवतियां अपने परिवालो के साथ नये-नये परिधान पहनकर मेला घूमने निकले। मुख्य कार्यक्रम शहर के रामलीला मैदान में हुआ। जहां नगर रामलीला समिति के तत्वाधान में चल रहे रामलीला के दौरान रावण वध का कार्यक्रम हुआ। रावण के पुतले में जैसे ही अग्निबाण लगा। लोगों ने तालियां बजाकर जय श्रीराम के नारे लगाए। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी हुई। रावण वध कार्यक्रम को देखने के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी थी। इसको लेकर पुलिस-प्रशासन द्वारा चाक-चैबंद व्यवस्था की गई थी। विजय दशमी के अवसर पर श्री राम-रावण युद्ध के पश्चात रावण पुतला दहन सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रावण पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम मनेश कुमार मीणा, एसपी अवधेश दीक्षित, पुरानी नगर रामलीला समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

गाजे-बाजे के साथ हुआ मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन

खोईछा भराई के साथ निकाला गया विसर्जन जुलूस

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर सहित पूरे जिले में बुधवार को मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। खोईछा भराई की रस्म के बाद विसर्जन जुलूस निकाला गया। विसर्जन जुलूस को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान मां की भक्ति गीतों पर युवाओं की टोली ने जमकर नृत्य किया। विसर्जन जुलूस के दौरान पुलिस-प्रशासन की टीम मुस्तैद रही। शहर के शीशमहल चैक पर फायर बिग्रेड की गाड़ी एवं दंगा निरोधक दस्ता को तैनात किया गया था। डायल-112 पुलिस टीम के जवान इलाके में घूम-घम कर मॉनिटरिंग कर रहे थे। वही सदर एसडीओ, सदर एसडीपीओ-1 सुशील कुमार, यातायात डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु, नगर थाना इंचार्ज देवराज राय, नवादा थाना प्रभारी कुमार रजनीकांत एवं यातायात प्रभारी दल बल के साथ डटे रहें। बुधवार शाम चार बजे से मां दुर्गे की प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस निकाला गया। जो विभिन्न रास्तों से होते हुए नदी घाट पर पहुंचा। मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन शहर के गांगी नदी घाट, मझौंवा गांगी नदी पुल, बड़कागांव पुल स्थित नदी, कोईलवर स्थित सोन नदी एवं बड़हरा के केशोपुर स्थित गंगा नदी में किया गया। इसके अलावे ग्रामीण इलाकों में भी नदी, तलाब, पोखर आदि में भी मां दुर्गे की प्रतिमाओं का विसर्जन का गाजे-बाजे के साथ किया गया। विसर्जन को लेकर पूरे शहर में शाम में बजे से विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई थी।

स्नातक व शिक्षक निर्वाचन की मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों के क्रम में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार ने खेल भवन स्थित बज्रगृह एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने मतगणना कार्य के सुचारु, पारदर्शी, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन के लिए की जा रही तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों से विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना स्थल पर उपलब्ध स्थान, मतगणना कक्षों की व्यवस्था, आवश्यक आधारभूत सुविधाओं, प्रवेश एवं निकास मार्गों तथा सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने मतगणना के दिन प्रतिनियुक्त

■ खेल भवन स्थित बज्रगृह व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य अधिकृत व्यक्तियों के आवागमन को सुव्यवस्थित रखने तथा मतगणना से संबंधित सभी कार्यों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना के उपरांत मतपेटिकाओं की प्राप्ति एवं जमा करने की प्रक्रिया के लिए निर्धारित रिसीविंग काउंटर के संबंध में जानकारी ली। मतपेटिकाओं के संग्रहण एवं प्राप्ति की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। इसके लिए नियंत्रण कक्ष का गठन करने तथा संबंधित कर्मियों की जिम्मेदारियां स्पष्ट करने का निर्देश दिया, ताकि मतगणना के उपरांत मतपेटिकाओं की प्राप्ति एवं संग्रहण के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। वाहनों के आवागमन के लिए निर्धारित मार्गों का स्पष्ट निर्धारण किया जाए। यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए वाहनों के प्रवेश एवं निकास की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके तहत वाहनों के प्रवेश के लिए निर्धारित मार्ग का उपयोग किया जाएगा, जबकि निकास की व्यवस्था पोलो मैदान की ओर से रखने की योजना है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना कार्य से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप ससमय पूर्ण कर ली जाएं।निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान कल, सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक

सुबह 5 बजे से संध्या 6 बजे संध्या तक सभी तरह के वाहनों के परिचालन पर रहेगा रोक

■ अपने वाहन से मतदान केंद्र के पास 200 मीटर की परिधि तक जा सकेंगे मतदाता

दरभंगा (एनएसबी)। जिला दंडाधिकारी कौशल कुमार द्वारा बताया गया कि बिहार विधानसभा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 23 अक्टूबर 2026 को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। मतदान कार्य 8 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होकर 4 बजे अपराह्न तक संपन्न होगा। निर्वाचन की तिथि की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी लागू है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं निरोधात्मक कार्रवाई हेतु स्थायी आदेश निर्गत है। मतदान के दिन शांति व्यवस्था



तैयारी का जायजा लेते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने हेतु संपूर्ण दरभंगा जिला में निम्नांकित निषेधाज्ञा जारी हैं। सभी क्षेत्र में 5 बजे प्रातः से 6 बजे संध्या तक सभी प्रकार के वहनों दो पहिया वाहन सहित का परिचालन पूर्णतया निषिद्ध रहेगा। मतदान केंद्र परिसर में निर्वाचन कार्य हेतु प्रतिनियुक्ति कर्मियों को छोड़कर मोबाइल का प्रयोग वर्जित रहेगा। ।शासकीय कार्य में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/मतदान दल के उपयोग हेतु वाहन, आकस्मिक चिकित्सा हेतु मरीज के साथ एंबुलेंस का परिचालन एवं अन्य आवश्यक सेवाओं जैसे-विद्युत, दुग्ध वैन, पानी का टैंकर आदि, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के मतदान के दिन उपयोग हेतु निवार्ची पदाधिकारी से प्राप्त परमिटयुक्त वहन जिस पर चालक सहित पांच व्यक्ति से अधिक न हो तथा उसे मतदाता के ढोने का कार्य नहीं लिया जा रहा हो, निजी वाहन मालिक के स्वयं एवं परिवार के सदस्यों के लिए मतदान हेतु मतदान केंद्र से 200 मीटर की परिधि के बाहर तक जाने के लिए उपयोग में ले जाने वाले वाहन, निश्चित रूट पर एवं निश्चित बिंदु से निश्चित बिंदु तक चलने वाले पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन जैसे बस, बीमार एवं रुग्ण व्यक्तियों द्वारा अपने प्रयोग में लाये जाने वाले वाहन,रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड आदि पर जाने के लिए प्रयोग किए जाने वाले रिक्शा एवं अन्य वाहन जिसे टाला नहीं जा सकता है को वाहन परिचालन की अनुमति रहेगी।

सुपौल की टीम ने 3-1 से पूर्णिया को पराजित कर कप पर जमाया कब्जा

युवराज कुमार कपिलेश्वर सिंह व पूर्व जिप सदस्य हेमंत झा ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



कार्यक्रम में कुमार कपिलेश्वर सिंह व अन्य।

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के हरिहरपुर जगदम्बा खेल मैदान में 49 वर्षों से दुर्गा पूजा के मौके पर आयोजित श्री श्री 108 दुगार्पूजा फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में पूर्णिया की टीम को 3-1 से पराजित कर सुपौल की टीम ने कब पर कब्जा जमा लिया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि दरभंगा राज परिवार के युवराज कुमार कपिलेश्वर सिंह एवं पूर्व जिप सदस्य हेमंत झा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मौके पर युवराज कुमार कपिलेश्वर सिंह ने कहा खेल के आयोजन से अनुशासन सिखने को मिलता है। जो समाज के लिए अति महत्वपूर्ण है। इस मौके पर उन्होंने कहा हम लोग चाहते है की गांव गांव में इस तरह का मैदान हो। इसके लिए हम लोग प्रयासरत है। साथ ही उन्होंने आयोजन समिति को हर संभव मदद का भरोसा दिया।वही पूर्व जिला पार्षद हेमंत झा ने क्षेत्र के लोगो से स्टेडियम निर्माण के लिए अपना हाथ बढ़ाने का आह्वान किया।मैन ऑफ द मैच सुपौल टीम के सादिक को दिया गया।वही बेस्ट स्ट्राइकर एवं मैन ऑफ द सीरीज शमशाद काला को दिया गया। बेस्ट डिफेंडर पूर्णिया टीम के कसान रवि को एवं बेस्ट गोल कीपर सुपौल टीम के कुलवीर को दिया गया।दर्शको से भरी मैदान पर दोनो ही टीम ने खेल के शुरूआत से ही एक दूसरे पर

■ हरिहरपुर में 49वां दुर्गा पूजा फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

बढ़त बनाने के लिए जोरदार प्रयास शुरू कर दिया। खेल के मध्य तक दोनों टीमें एक-एक गोल कर बराबरी पड़ रही। मध्यांतर के बाद सुपौल की टीम ज्यादा आक्रामक हो गई। खेल के 37 वे मिनट में सुपौल की टीम ने टीम ने पेनल्टी के रूप में मिले अवसर में गोल दागकर बढ़त बना ली। खेल के 44 वे मिनट में पूर्णिया की टीम को भी पेनल्टी का अवसर मिला और उसने भी एक गोल कर खेल को बराबरी पर ला दिया। मध्यांतर तक दोनो ही टीम निर्णायक बढ़त के लिए प्रयास करती रही। मध्यांतर के बाद सुपौल की टीम ने एक और गोल पूर्णिया के गोल पोस्ट में दागकर अपनी बढ़त बना ली।जिसे बराबरी करने के लिए पूर्णिया की टीम लगातार प्रयास करती रही। इधर खेल के अंतिम क्षण में सुपौल की टीम ने एक और गोल कर अपनी जीत सुनिश्चित कर ली। लगातार दो गोल करते देख दर्शक दीर्घा में बैठे खेल प्रेमियों ने ताली बजाकर टीम का स्वागत किया। मौके पर मुखिया अजय कुमार झा, सरपंच अब्दुल राजिक, मनोज कुमार मिश्र, बिक्रम मिश्रा, गंगा प्रसाद झा, पंकज मिश्रा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आभूषण दुकान से 19 लाख के जेवरात की ठगी, बदमाश फरार

सिमरी में ग्राहक बनकर पहुंचे बदमाश ने दिया घटना को अंजाम

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर-बस्तवाड़ा रोड स्थित एक आभूषण की दुकान में 19 अक्टूबर को दिनदहाड़े उन्नीस लाख रुपये के सोने के जेवरात की ठगी कर फरार हो गया। आभूषण दिखाने के बहाने लगभग 120 ग्राम सोने के जेवरात ग्राहक बनकर पहुंचे बदमाश ने घटना को अंजाम दिया। इस घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिमरी पुलिस कार्रवाई शुरू कर दी है।

बदमाश दुकान के बाहर बाइक लेकर खड़े अपने साथी के साथ फरार हो गया। इस मामले में दुकान संचालक संजय ठाकुर के आवेदन पर बुधवार को सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। उसने पुलिस को बताया की घटना के समय दुकान पर संचालक के भाई रघुवंश कुमार ठाकुर मौजूद थे। युवक ने सोने की बाली खरीदने के बहाने अलग-अलग डिजाइन के आभूषण दिखाने को कहा। इसी दौरान उन्हें बातों में उलझाकर



सीसीटीवी मे बाइक से भाग रहे दोनो बदमाश।

सोने की चेन के नौ पीस वाले पैकेट सहित झुमका, नथिया, टीका और अंगूठी के पैकेट गायब कर दिए। आरोपित इससे पहले सिमरी की अन्य आभूषण दुकानों पर भी गया था। एक स्वर्णकार दुकानदार के भाई सुमन कुमार साह ने संदेह होने पर दुकानदार को सूचना दी, लेकिन तब तक आरोपित भागने लगा था। दुकानदार के भाई और सुमन कुमार साह ने पीछा किया, लेकिन बदमाश एनएच-27 की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना पर सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बदमाश के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थाना से महज कुछ दूरी पर हुई इस घटना से स्थानीय दुकानदारों में भय व्याप्त है।

बाइक सवार दंपति को ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मी ने मारा थप्पड़

दरभंगा (एनएसबी)। लहेरियासराय-दरभंगा मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक थाना के पास दुर्गा पूजा के दौरान मेला घूमने जा रहे बाइक सवार दंपति और ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मी के बीच गलत लेने में जाने को लेकर कहा सुनी हो गई। कहा सुनी इतनी ज्यादा बढ़ गई की उपस्थित पुलिस कर्मी के द्वारा बाइक सवार को एक झापड़ लगा दिया जिससे बाइक सवार दंपति सड़क पर गिर गए। गिरने के बाद भीड़ होने के कारण सड़क जाम हो गया। इस दौरान जिलाधिकारी कौशल कुमार व एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारड्डी की गाड़ी गुजर रही थी। बाइक सवार की पत्नी पदाधिकारी को घटना की सारी जानकारी दी और महिला ने आरोप लगाया कि सिपाही मारपीट किया है। वहीं जवान का कहना था कि एक लेंन से जाने को कहा गया था लेकिन बाइक सवार ने दूसरी लेंन में बाइक घुसा दी जिससे सड़क जाम होने लगा। सूचना पर पूजा समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे और विवाद को सुलझाया। उसके बाद यातायात सामान्य हो गया। लहेरियासराय थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि मामले को लेकर अब तक किन्हीं के द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलता है तो मामले की तहकीकात की जाएगी।

मेला में झूला झूलते समय बेहोश हुई लड़की

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। नगर पंचायत सिंहवाड़ा मे दुर्गा पूजा के अवसर पर मेला में लगे झूला पर काफी ऊंचाई पर जाने के दौरान झूला पर ही एक सोलह वर्षीय लड़की के बेहोश हो गई। इस घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। झूला पर बगल में बैठे लोगों ने बेहोश हुई लड़की को ऊंचाई से गिरने से बचाया। जैसे तैसे झूला चलने वाले कर्मियों ने विशाल नाव के जैसे बने झूला को रोका। मौके पर पहुंची सिंहवाड़ा पुलिस ने बेहोश युवती को झूला से उतरा। उसे इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी में भर्ती किया गया है। बेहोश युवती मुजफ्फरपुर जिला के गंगिया नवादा निवासी बताई गई है। बताया गया है कि मेला में नाव के आकार का बड़ा झूला लगा हुआ था।

नव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापित हुईं मां दुर्गा, भागवत कथा का समापन

तारडीह (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के महिया गांव स्थित दुर्गा स्थान परिसर में नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ आयोजित देवी भागवत कथा का समापन हो गया। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।धार्मिक अनुष्ठान के दौरान पंडित राधेश्याम झा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-पाठ संपन्न कराया। यजमान के रूप में आदित्यनाथ ठाकुर और उनकी धर्मपत्नी शीला देवी ने विधि-विधान से अनुष्ठान में भाग लिया। प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा की स्थापना की गई। इससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।देवी भागवत कथा के दौरान प्रस्तुत एक से बढ़कर एक आकर्षक झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। धार्मिक प्रसंगों पर आधारित झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत की गई लीलाओं ने श्रद्धालुओं का मनोरंजन करने के साथ उन्हें भक्ति भाव से सराबोर कर दिया।कथा समापन के अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के जयकारे लगाए। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। ग्रामीणों की सहभागिता से धार्मिक आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में श्रद्धालु।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई जयकारों के बीच हुआ प्रतिमा विसर्जन

तारडीह (एनएसबी)। तारडीह प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना के बाद नम आंखों से माता को विदाई दी गई।

मंगलवार को कुर्सो-नदियामी, शेरपुर, अवाम, महथौर, कठरा और ककोढ़ा समेत विभिन्न गांवों में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर आने की कामना के साथ मां को विदाई दी।विसर्जन जुलूस में भक्तों की भीड़ उमड़ी। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच मां के जयकारे गूंजते रहे। महिलाओं ने मां दुर्गा को खोइछ भरकर विदाई दी। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।सकतपुर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार की मौजूदगी और देखरेख में विसर्जन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस सतर्क रही। शांतिपूर्ण माहौल में प्रतिमा विसर्जन संपन्न होने के साथ ही क्षेत्र में दुगार्पूजा का समापन हो गया।



प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम में श्रद्धाल।

तुमौल के नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के निर्माण में अनियमितता की हुई जांच

अलीनगर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के लहटा-तुमौल-सुहथ पंचायत के तुमौल गांव में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के निर्माण में कथित रूप से अनियमितता को लेकर लगाए गए आरोप के विरुद्ध बुधवार को डीडीसी स्तर से गठित जांच दल ने बुधवार को गंभीरता के साथ जांच की।

मुख्य जांच अधिकारी के तौर पर स्थानीय बीपीआरओ दीपिका झा के साथ बीडीओ ललित मिश्रा ने पहुंचकर भौतिक जांच किया। करीब दो घंटों तक चली जांच में छत, दीवार, फर्स, चबूतरा, बिजली और रंग रोगन कार्य के स्थितियों पर काफी गहराई से तहकीकात किया। जिसमें अधिकारी स्तर से संतोष जनक बताया गया है। बतादें कि एक ग्रामीण युवक मनु मिश्रा जो पिछले कई वर्षों से दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी करते हैं, वे भवन निर्माण कार्य में अनियमितता का कथित तौर पर आरोप लगाते हुए ऑनलाइन शिकायत दर्ज किया था। दर्ज शिकायत के आधार पर एक सप्ताह पहले सहयोग पोर्टल स्तर के अधिकारियों द्वारा हुई जांच में कार्य को संतोषजनक बताया गया था। पुनः डीडीसी ने अपने स्तर से बीपीआरओ दीपिक झा को निर्माण कार्य के भौतिक स्थिति का जांच कर रिपोर्ट देने की निर्देश जारी किया। जिसके आलोक में बुधवार को बीपीआरओ ने वीडियो के साथ मिलकर जांच करने पहुंचे। जहां पंसस, सरपंच, कई वार्ड सदस्य के अलावा स्थानीय ग्रामीणों ने कार्य को बेहतर बताते हुए इसे पंचायत चुनाव से जोड़कर बेबुनियाद आरोप लगाने की बात कहा। बतादें कि पूर्व मुखिया राधेश्याम झा द्वारा वर्ष 2021 में 1.23 करोड़ के निर्धारित लागत से बनने वाली भवन का निर्माण कार्य आरंभ कर लिंटर तक के कार्य को संपन्न कराया था, जिसके बाद पंचायत चुनाव शुरू होने की स्थिति में शेष कार्य और की गई कार्य के आलोक में



जांच करते पदाधिकारी।

भुगतान भी लंबित रह गया था। चुनाव बाद मुखिया बदलने पर पूर्व मुखिया ने अपने स्तर से पूरे किए गए कार्य के आलोक में खर्च की गई राशि की मांग किया था। विभागीय स्टार्स राशि मिलने के बाद नवंबर 2023 में पूर्व मुखिया के समय में किए गए कार्य के आलोक में शेष सभी राशि भुगतान की गई थी। अब वर्तमान मुखिया शतीशचंद्र झा उर्फ भोला झा ने अधिक समय लगने के कारण महंगाई के अनुकूल प्राक्कलित राशि को बढ़ाने की मांग वरीय अधिकारी के समक्ष रखा था। जिसमें मार्च 2025 में सुधार कर प्राक्कलित राशि को बढ़ाने के बाद कार्य आरम्भ कराया गया। मुखिया एवं पंचायत सचिव ने बताया कि तीव्रगति से कार्य कराते हुए जून 2026 में कार्य को संपन्न कराते हुए विभाग को उदघाटन कराने एवं शेष खर्च के आलोक में राशि तीस लाख राशि का भुगतान कराने की मांग रखा जो अभी तक लंबित है। पंचायत सचिव ने बताया कि भुगतान विभागीय स्तर से लंबित रहने के कारण जिन व्यापारियों द्वारा सामग्रियां ली गई थी लगातार परेशान की जा रही है। इस संबंध में बीपीआरओ दीपिका झा ने बताया कि जांच काफी गंभीरता से की गई है। जो बिल्कुल संतोषजनक है। कार्य में किसी प्रकार की गड़बड़ियां नहीं देखी गई है। जांच के दौड़ान कई लोगों द्वारा इसे आपसी द्वेष की बात बताया जा रहा था।

फलाहार व सात्विक आहार हमारी सनातन संस्कृति का हिस्सा : कुमार कपिलेश्वर

कामेश्वर धार्मिक ट्रस्ट के ट्रस्टी ने माधवेश्वर परिसर में फलाहार कार्यक्रम का किया शुभारंभ

दरभंगा (एनएसबी)। जिला समन्वय समिति द्वारा माधवेश्वर परिसर में फलाहार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज दरभंगा कामेश्वर धार्मिक ट्रस्ट के ट्रस्टी कुमार कपिलेश्वर सिंह एवं रानी कविता सिंह रहे। ट्रस्टी दंपत्ति द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर फलाहार कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्टी कुमार कपिलेश्वर सिंह ने कहा कि फलाहार और सात्विक आहार हमारी सनातन संस्कृति का हिस्सा है, जो तन-मन को पवित्र करता है। फलाहार का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। उन्होंने दरभंगा जिला समन्वय समिति के इस आयोजन की सराहना की। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात ट्रस्टी दंपत्ति ने मधुबनी जिला के राजनगर स्थित ऐतिहासिक माँ दुर्गा मंदिर, माँ काली मंदिर, माँ कामाख्या देवी मंदिर एवं अन्य प्राचीन मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की



पूजा अर्चना करते कुमार कपिलेश्वर सिंह एवं रानी कविता सिंह।

■ राजनगर स्थित ऐतिहासिक माँ दुर्गा मंदिर, माँ काली मंदिर, माँ कामाख्या देवी मंदिर एवं अन्य प्राचीन मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की

और समस्त मिथिलावासियों एवं देशवासियों के सुख-शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।उन्होंने कहा कि राजनगर राज दरभंगा की ऐतिहासिक धार्मिक राजधानी रही है और महान महाराजा रमेश्वर सिंह जी द्वारा बसाई हुई नगरी है। यहाँ के प्रत्येक मंदिर में राज दरभंगा का इतिहास और धर्म के प्रति उनका समर्पण दिखता है। इन धरोहरों का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। बहुत जल्द भवनों एवं मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। वर्ष 1870 से राज दरभंगा द्वारा हर वर्ष यहाँ हर्षोल्लास से पूजा होती आ रही है। वहीं राजनगर एस.एस.बी. परिसर में कमांडेंट खोदा राम एवं डिप्टी कमांडेंट जीत सिंह द्वारा कुमार कपिलेश्वर सिंह से भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा राज परिवार के वैभवशाली इतिहास पर चर्चा हुई इस अवसर पर डॉ. हेमपति झा पूर्व विभागाध्यक्ष, मारवाड़ी महाविद्यालय, आशुतोष दत्ता मुख्य प्रबंधक, राज दरभंगा डॉ. संतोष कुमार प्रबंधक, राजनगर धार्मिक ट्रस्ट, अमरकांत झा, मंजेश चौधरी, प्रियांशु झा, सत्यम सिंह, दीपक पासवान, आशीष झा, धीरज कनोडिया, सुनील रॉय, राम कृष्ण लाल दास, अशोक कुमार मंडल, मुकेश झा, प्रभाकर कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

खजौली (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के कन्हौली से सुक्की गांव जाने वाली कमला पश्चमी तटबंध में कन्हौली-सुक्की सीमा पर मंगलवार की देर रात हुई बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गए। जख्मी दोनों युवक को बेहतर इलाज हेतु मधुबनी भेजा गया है। वहीं पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मधुबनी भेज दिया है।

मृतक युवक की पहचान बाबूबरही थाना क्षेत्र के बरुआर ग्राम निवासी कपालेश्वर सदाय के पुत्र कैलाश सदाय के रुप में हुई है। जबकि जख्मी युवक की पहचान उसी गांव के बदरी सदाय के पुत्र राकेश सदाय तथा रामाशीष सदाय के पुत्र मिथिलेश सदाय के रुप में हुई है। बताया



घटनास्थल पर भीड़।

जाता है कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर कन्हौली से सुक्की सायफन की तरफ कमला पश्चमी तटबंध से दुर्गा मेला देखने आ रहे थे। इसी दौरान कन्हौली-सुक्की गांव की सीमा पर पुरानी कमला के जीर्णोद्धार को लेकर काटे गए कमला पश्चमी तटबंध के पास बनाए गए डायबर्सन में अनियंत्रित होकर बाइक गिर गया। घटना के बाद बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक युवक डायबर्सन के पास पानी से भरे गड्ढे में गिर गया। जिससे पानी में डूबकर उनकी मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। सूचना पाकर रात में ही अंचल अधिकारी सिमरन आजाद, बीडीओ चंदन कुमार एवं थानाध्यक्ष सपन कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। आपदा मित्र विजय कुमार ने घटना कर सूचना प्रशासन को दिया। मृतक युवक के शव को मछुआरों के सहारे खोजा गया। थानाध्यक्ष सपन कुमार ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया है'

सड़क हादसे में घायल पुलिस चालक तेज नारायण साह का इलाज के दौरान असामयिक निधन

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि 20 अक्टूबर को समय करीब प्रातः 08:30 बजे पुलिस केन्द्र, मधुबनी का बोलेरो वाहन (रजिस्ट्रेशन नं.- इफ 01ढङ 5114) फुलपरास थाना क्षेत्र अंतर्गत खोपा में ड्यूटी पर था। इसी दौरान एनएच-27 पर सड़क के गड्ढे में टायर चले जाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकराकर पलट गया, जिससे बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

इस सड़क दुर्घटना में बोलेरो चालक तेज नारायण साह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की गश्ती गाड़ी द्वारा तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज हेतु उन्हें तत्काल डीएमसीएच दरभंगा रेफर किया गया, जहां इलाज के क्रम में चालक तेज नारायण साह का दुखद निधन हो गया। वर्त्तमान में एनएच-27 पर यातायात व्यवस्था पूर्णतः



फोटो संख्या 7 क्षतिग्रस्त पुलिस वाहन।

सुचारू रूप से संचालित है तथा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य व नियंत्रण में है। मामले में अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

परिधान रेडीमेड प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया



उद्घाटन समारोह में उपस्थित।

खजौली (एनएसबी)। बुधवार को खजौली प्रखंड क्षेत्र के खजौली बाजार स्थित रेलवे लाइन से पूरब संतु चौक पर 'परिधान रेडीमेड' प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन महेंद्र चौधरी, महात्मा राम परीक्षण यादव एवं पंडित परमानंद झा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महेंद्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए सभी उम्र के महिला-पुरुषों के लिए आकर्षक कपड़ों के कलेक्शन के साथ प्रतिष्ठान की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से स्थानीय लोगों को ब्रांडेड कपड़ों की खरीदारी के लिए अब दूर-दराज के बाजारों में नहीं जाना पड़ेगा। इससे लोगों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर खरीदारी की सुविधा मिलेगी। वहीं, परिधान रेडीमेड के संचालक दिनेश चौधरी ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि, उचित व्यवहार और बेहतर सेवा उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कपड़े उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर महेश चौधरी, शिबू यादव, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, मुकेश चौधरी, शिवम चौधरी, सूर्यनारायण चौधरी, रामप्रताप चौधरी, स्मिता, रिंकू देवी, रामदाई देवी, सावित्री कुमारी, गीता देवी, आलोक कुमार, रविन्द्र भारती सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पुलिस संस्मरण दिवस : अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि



पुष्प अर्पित करते एसएसपी।

मधुबनी (एनएसबी)। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर पुलिस केंद्र, मधुबनी में वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी योगेंद्र कुमार के द्वारा कर्तव्य पथ पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), मधुबनी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। तत्पश्चात वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा अमर शहीदों के आश्रितों एवं परिजनों से भेंट कर उनसे संवाद स्थापित किया गया तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया। विभाग अपने वीर बलिदानियों के अदम्य साहस को नमन करता है एवं उनके परिजनों के कल्याण व सहयोग हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।

त्रुटिपूर्ण स्नातक नामावलिया तैयार की गई है, अधिवक्ता आदित्य ठाकुर ने आयुक्त को दिया आवेदन



आवेदन देते अधिवक्ता आदित्य ठाकुर।

सहरसा सदर (एनएसबी)। बिहार में स्नातक विधान परिषद की चार सीटों में पटना, तिरहुत, दरभंगा और कोशी स्नातक विधान परिषद की निर्वाचन होना है, जिसमें व्यवहार न्यायालय, सहरसा के अधिवक्ता आदित्य ठाकुर ने आयुक्त सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कोशी प्रमंडल, सहरसा सह पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया के माध्यम से मुख्य निर्वाचन आयुक्त, बिहार निर्वाचन आयोग, पटना को आवेदन प्रेसित की गई है जो श्री ठाकुर के द्वारा ई-मेल के माध्यम से भी मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संविधान में निहित अधिकार के अनुसार बिहार स्नातक विधान परिषद की चुनाव कराने का आवेदन पत्र दी गई है, चुनाव आयोग देश आजादी के समय में जो स्नातक नामावलिया तैयार की जाती थी, वही आज देश के आजादी के अमृतकाल में त्रुटिपूर्ण स्नातक नामावलिया तैयार की गई है, जो अपूर्ण और संविधान के अनुरुप नही हैं द्य बिहार के सभी स्नातक पास को मतदान करने का अधिकार होना चाहिए, जो चुनाव आयोग के त्रुटिपूर्ण आदेश के कारण लाखो स्नातक पास मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करते हुए मतदाता तक बनने नही दिया गया हैं। इस उक्त चुनाव के उम्मीदवारों के द्वारा जो मतदाता बनाये गये है उसी पर इस वर्ष चुनाव करायी जा रही है। चुनाव आयोग मतदाता बनने के लिए कोई जागरूकता कार्यक्रम या स्नातक कर्मचारी, चिकित्सकों के रजिस्ट्रर, चाटेट एकाउंटेंट के रजिस्ट्रर, इस्ट्रीच्यूट ऑफ इंजीनियर्स द्वारा रखे गए इंजीनियरों के रजिस्ट्रर, अधिवक्ताओ की नामावली में पंजीकृत स्नातकों की सूची में सुसंगत प्रविष्टि की प्रमाणित प्रति, न्यायालय के न्यायालयकर्मी, न्यायाधीशगण, अन्य सभी विभागों के पदाधिकारीगण में कितनों को स्नातक नामावलिया में मतदाता के रुप में नाम तैयार की गई हैंद्य भारत सरकार और बिहार सरकार के द्वारा पिछले कई दशक से सभी विभागों में स्नातक स्तरीय चयन प्रक्रिया की गई हैं।

ग्राम सर्वसीमा में विवाहिता की चाकू मारकर हुई हत्या का त्वरित उभेदन

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 19 अक्टूबर की रात्रि समय करीब 09:45 बजे भैरवस्थान थाना अंतर्गत ग्राम सर्वसीमा में मोटरसाइकिल की किस्त जमा करने के विवाद एवं पूर्व रंजिश को लेकर पड़ोस के युवकों द्वारा एक विवाहिता काजल कुमारी पर चाकू से प्रहार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया।

उक्त घटना की सूचना प्राप्त होते ही भैरवस्थान थाना की पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल महिला को तुरंत इलाज हेतु रामशिला अस्पताल, सकरी भेजा गया। अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही महिला की मृत्यु हो गई। तदोपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल, मधुबनी भेजा गया। घटना के संदर्भ में मृतिका की मां द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर भैरवस्थान थाना कांड संख्या 165/26, दर्ज किया गया। घटनास्थल का निरीक्षण अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, झंझारपुर एवं की टीम द्वारा



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

किया गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए थानाध्यक्ष, भैरवस्थान थाना एवं पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई। इसी क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त दिल्ली भागने की फिराक में हैं। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित घेराबंदी एवं छापामारी करते हुए प्राथमिकी दर्ज होने के महज 03 घंटे के भीतर नरवार आईबी चौक से दोनों को दबोच लिया गया। कार्रवाई के दौरान 01 अभियुक्त जतिन चौधरी को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं 01 विधि विरूद्ध बालक को निरूद्ध किया गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में अभियुक्त ने घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया हैं तथा उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोबाईल को विधिवत जब्त कर लिया गया हैं। विधि-सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

11 किलोग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



गिरफ्तार तस्कर।

लदनियां (एनएसबी)। लदनियां पुलिस को मादक पदार्थ के क्षेत्र में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस के इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है। थाना सूत्रों से मिली सूचना के अनुसार थाना को गुप्त सूचना प्राप्त होने के बाद थाना अध्यक्ष मुकुल रंजन सिंह ने थाना पुलिस टीम को सूचना सत्यापन हेतु रविवार को करीब सबा तीन बजे एस आई पुलिस चौधरी के साथ पुलिस दलबल को महुआ गांव भेजा ।जहां पुलिस टीम ने गुप्त प्राप्त सूचना के अनुसार उमेश गिरि के घर छापेमारी कर ग्यारह किलो गांजा जैसा पदार्थ बरामद किया। छापेमारी में गृह स्वामी उमेश गिरि के पुत्र 18 वर्षीय पुत्र हरिशचंद्र गिरि को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस निरीक्षक मुकुल कुमार सिंह ने इस बाबत एस आई पुलिस चौधरी के आवेदन पर कांड संख्या - 451/ 026 दर्ज किया गया है। उक्त केस में हरिशचंद्र गिरि एवं संतोष यादव पिता बिंदी यादव नामजद अभियुक्त बनाया है। हालांकि पुलिस इस कांड में अन्य तस्करों को भी तलाशी में जुट गए हैं।

स्नातक चुनाव को लेकर बी एन एस एस की धारा 163 लगायी गयी

बेनीपट्टी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद् के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 23 अक्टूबर 2026 को होने बाले मतदान के लिए शारंग पाणि पाण्डेय अनुमंडल दण्डाधिकारी बेनीपट्टी द्वारा बी एन एस एस की धारा 163 लगायी गयी है।

साथ ही शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी के गोपनीय कार्यालय प्रकोष्ठ में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है जिसमे कर्मियों की प्रतिनियुक्ति दो पालियों में की गयी है। राज कुमार झा कार्यपालक दंडाधिकारी -सह-सहायक जिला



एसडीएम बेनीपट्टी।

आपूर्ति पदाधिकारी को नियंत्रण कक्ष का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

पोखड़ा से एक अज्ञात बच्चे का शव बरामद

लदनियां (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के खाजेडीह चौक से भुतहा गांव जाने वाली सड़क के किनारे स्थित पोखड़ा से एक अज्ञात बच्चे का शव मिलने का मामला प्रकाश में आया है। शव बार्मादगी के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। गांव के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब आसपास के लोग पोखरी में नित्य क्रिया करने एवं स्नान करने पहुंचे तो एक बच्चे का शव तैरते हुए देखा। इसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। और देखते देखते ही ग्रामीणों का भीड़ मौके ये बरदात पर इकट्ठा हो गया।सूचना के अनुसार मृतक बच्चे का उम्र पांच साल बताया जा रहा है। गांव के कुछ लोगों का कहना है कि शव 10 दिन पूराना लग रहा है। मृतक के शव की स्थिति काफी खराब है। ग्रामीणों एवं पुलिस टीम के अनुसार शव की पहचान नहीं हो पाई है।

एसएसबी जवानों ने 93 लीटर से अधिक शराब के साथ दो बाइक चालक को क्या गिरफ्तार

लदनियां (एनएसबी)। एसएसबी महुलिया के जवानों ने गस्ती के दौरान पीलर संख्या 262 मरनैया के समीप दो बाइक पर लदे 93 लीटर अंग्रेजी एवं देसी शराब के साथ शराब के दो धंधेबाज को पकड़े जाने की बात सामने आया है। पुनि सह लदनियां थाना अध्यक्ष मुकुल रंजन कुमार सिंह ने इस बाबत एसएसबी संवाय महुलिया के सहायक उप निरीक्षक उत्तम कुमार दास के आवेदन के अलोक में कांड संख्या 452 / 026 दर्ज किया है।प्राथमिकी में 93 लीटर 5 सौ अग्रेजी व देसी शराब के साथ 27 वर्षीय सुंदर पासवान पिता मुक्ति पासवान एवं 28 वर्षीय दिवाकर कुमार पासवान पिता सुनील कुमार पासवान को नामजद अभियुक्त बना कर न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया है। पुलिस के पुछताछ से ज्ञात हुआ है कि दोनों शराब धंधेबाज बाबूबरही थाना अंतर्गत बौसी गांव का रहने वाला है। और शराब तस्करी में वर्षों से संलिप्त है, जिंसको पकड़ने के लिए पुलिस रात दिन जुटा हुआ था।पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को कई शराब तस्करों के संबंध में जानकारी प्राप्त हुआ है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है

मधुबनी की माटी पर दो दशक बाद फिर लौटेगी जन-संस्कृति की धमक

'इप्टा के 17वें बिहार राज्य सम्मेलन सह राष्ट्रीय सांस्कृतिक समारोह' को लेकर आयोजन समिति की बैठक

मधुबनी (एनएसबी)। भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) के आगामी बिहार राज्य सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति की एक अहम बैठक मुख्य संरक्षक झसहझ पूर्व मंत्री समीर कुमार महासेठ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सम्मेलन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के उद्देश्य से आयोजन समिति एवं उपसमिति गठन किया गया और आयोजन से जुड़ी संभावित रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 में बिहार इप्टा अपने गौरवशाली 80वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। ऐसे में इस 17वें राज्य सम्मेलन की मेजबानी का अवसर मधुबनी इकाई को मिलना बेहद खास माना जा रहा है।

इससे पहले वर्ष 2007 में मधुबनी इप्टा ने राज्य सम्मेलन का सफल आयोजन किया था, जब देश के जाने-माने कलाकारों के अलावे सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री नंदिता दास जैसे दिग्गज कलाकार शहर की सड़कों पर स्थानीय कलाकारों के साथ पैदल घूमे थे। करीब 20 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर मिथिला की सांस्कृतिक धरती पर जन-संस्कृति के इस बड़े समागम को लेकर रंगकर्मियों और कलाप्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।बैठक में सम्मेलन के संभावित स्वरूप, तिथियों और व्यवस्थाओं पर प्राथमिक सहमति बनी।



बैठक करते समिति कि लोग।

प्रस्तावित रूपरेखा के अनुसार, यह तीन दिवसीय महासम्मेलन आगामी 02 से 04 अप्रैल 2027 को आयोजित किया जाएगा। जबकि 01 अप्रैल 2027 को कर्टन रेजर और प्रेस कॉन्फ्रेंस प्रस्तावित की गई है। कार्यक्रम के महासचिव इंद्र भूषण रमण बमबम ने बताया कि सम्मेलन में देश व राज्य भर से लगभग 500 कलाकारों के जुटने का अनुमान है, जिनमें करीब 200 महिला कलाकार शामिल होंगी। बैठक में कार्यक्रम के मंच पर मैथिली, भोजपुरी, मगही, अंगिका और बज्जिका जैसी लोक भाषाओं के सशक्त नाटकों व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का ताना-बाना बुनने पर विमर्श हुआ। इस समारोह में देश भर के कलाकार और उनका दल अपने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उत्तरपूर्व राज्यों असम, त्रिपुरा एवं मणिपुर से सांस्कृतिक दल, दक्षिण के राज्य केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना के सांस्कृतिक दल सहित पश्चिम के राज्यों की सांस्कृतिक दल, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड के सांस्कृतिक दलो के भाग लेने की संभावना है साथ ही नेपाल की सांस्कृतिक दल भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। राष्ट्रीय फलक के साहित्यकार डॉ० पुरुषोत्तम अग्रवाल, वरिष्ठ रंगकर्मी व विख्यात फिल्म अभिनेता नसीरुद्दीन शाह, फिल्म अभिनेत्री रत्ना पाठक, मनोज बाजपेयी, प्रकाश राज, आशीष विद्यार्थी, अखिलेंद्र मिश्रा, विनीत कुमार, प्रसन्ना, डा कमलानंद झा और दुर्गेश कुमार जैसे शख्सियतों का भाग लेने की संभावना है। इस वृहद आयोजन और आवासन, भोजन एवं मंच सज्जा जैसी व्यवस्थाओं के संचालन हेतु संभावित बजट का आकलन करते हुए जनसहयोग एवं चंदे के माध्यम से राशि जुटाने की बात रखी गई। समारोह को सुचारू रूप देने के लिए स्वागत एवं आयोजन समिति के विभिन्न दायित्वों और प्रमुख नामों के प्रस्ताव भी पटल पर रखे गए, जिन्हें आगामी बैठकों में अंतिम रूप दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के संरक्षक मंडल में समीर महासेठ (पूर्व उद्योग मंत्री, बिहार), बिंदु गुलाब यादव, विमल मसकरा और अनिल बैरोलिया के नाम रखे गए। अध्यक्ष मंडल के लिए श्री अरविंद प्रसाद, रामश्रृंगार पांडे, एस०एन० लाल, प्रो० विनय कुमार लाल दास, सुरेश बैरोलिया, डॉ० हेमचंद्र झा, रामचंद्र शर्मा, श्रीमती मनीषा लाल, चंदना दत्त, मिनाक्षी कुमारी एवं किरण वर्मा के नाम प्रस्तावित हुए। आयोजन समिति महासचिव के रूप में इंद्रभूषण रमन 'बमबम', कोषाध्यक्ष पद हेतु अमित महासेठ एवं रमेश कुमार। साथ ही कार्यालय सचिव के दायित्व के लिए श्री पंचम प्रकाश का नाम प्रस्तावित किया गया। वहीं सचिव मंडल में ऋषि वशिष्ठ, जटाधर पासवान, रंजीत रॉय, अजय धारी सिंह, सुनील कुमार यादव, श्रीप्रसाद दास, रंजीत कुमार राय, अभिषेक कुमार, प्रभात कुमार, पूजा कुमारी, सिमरन कुमारी, रूपा कुमारी और अरविंद गुप्ता चुने गए। प्रत्येक समिति में कुछ स्थान खाली रखे गए है, जिनमें अगले बैठक में नामों को भरा जाएगा। कोर समिति की इस महत्वपूर्ण बैठक में अरविंद प्रसाद, प्रो० विनय कुमार लाल दास, पवन कुमार, अमित महासेठ, संजय कुमार, एस एन लाल, अजयधारी सिंह, मीनाक्षी कुमारी, सुरेश बैरोलिया, श्रीप्रसाद दास, कौशल नायक, रंजीत राय, रमेश कुमार, अभिषेक आकाश, पूजा कुमारी, प्रभात रंजन एवं अन्य साथी उपस्थित रहें। सभी ने एकजुट होकर इस आयोजन को मिथिला और बिहार के सांस्कृतिक इतिहास में एक मील का पत्थर बनाने का संकल्प दोहराया।

शक्ति की अधिष्ठात्री देवी दुर्गा की साधना एवं रावण दहन के साथ विजयादशमी संपन्न, लोगों ने परिवार व समाज के लिए की मंगल कामना

तीर लगते ही धू-धू कर जला रावण का पुतला



रावण दहन देखने उमड़ी सैंकड़ो की भीड़।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुजफ्फरपुर जिले में शक्ति कि अधिष्ठात्रि देवी दुर्गा की साधना, आराधना का नौ दिवसीय पर्व दुगार्पूजा एवं विजयादशमी कुछ एक घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण एवं हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हो गया। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस नौ दिवसीय उत्सव का हर उम्र वर्ग के लोगों ने साधना, आराधना के साथ हीं भरपूर आनंद लिया। महिलाओ के लिए जहाँ यह त्यौहार नियम व्रत और पूजा अर्चना को लेकर खास रहा, वहीं बच्चों के लिए यह त्यौहार अपने माता पिता और भाई बहन के साथ पूजा पंडालो मे घूम घूमकर आकर्षक सजावट, चलती फिरती मां दुर्गा की मनोहारी और जीवंत प्रतिमाओं के दर्शन के साथ साथ मेला का आनंद उठाने का विशेष अवसर लेकर आया। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भिन्न भिन्न स्वरूपों के बने पूजा पंडाल और मां दुर्गा की मनोहारी और चलन्त प्रतिमाओं को देख बच्चे खूब आह्लादित हुए। वही नवमी पूजा के दिन विभिन्न पूजा पंडालों में विविध कार्यक्रमों के आयोजन का सभी लोगों ने एकसाथ आनंद लिया।

कहीं 80 तो कहीं 60 फीट के रावण का पुतला दहन

मंगलवार को विजयादशमी के दिन बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक स्वरूप गांव से लेकर नगर तक सैंकड़ो स्थानों पर रावण दहन का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए हर उम्र वर्ग के लोगो की भारी भीड़ आयोजन स्थल पर उमड़ी।

मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर, मुसहरी, मड़वन और बोचहां प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर रावण दहन का आयोजन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण दहन को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे क्षेत्र में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा। मोतीपुर प्रखंड के पनसलवा में 80 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। वहीं, बगही और फुलवरिया में भी भव्य आयोजन हुआ। परसौनीनाथ फुलवरिया में 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक डॉ. अरुण कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि राजेश कुमार सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पूजा समिति के सदस्य, सरैया की सीडीपीओ अभिजीत कौर और राजेपुर थानाध्यक्ष रविकांत कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। रावण दहन के दौरान हजारों की संख्या में लोग जुटे। वहीं मुशहरी प्रखंड चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा प्रखंड चौक श्मशान परिसर मे आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बोचहाँ विधायक बेबी कुमारी शामिल हुईं। साथ हीं बीडीओ विनोद आनंद, थानाध्यक्ष सुबोध कुमार मेहता सहित क्षेत्र के सैंकड़ो लोगों ने 60 फिट के रावण को जलते देख रोमांचित हुए। वही बोचहाँ प्रखंड के मैदापुर, बरहेता और बलुआहां में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते श्रद्धालू गण।

प्रखंड के तीन अलग-अलग स्थानों मैदापुर, बरहेता और बलुआहां में रावण के विशालकाय पुतलों का दहन किया गया। रावण का पुतला जलते ही पूरा इलाका भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान मेले जैसा माहौल रहा और रावण दहन का नजारा देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। मैदापुर पंचायत स्थित प्रसिद्ध शुक्र हाट बाजार में दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही भुताने पंचायत के बरहेता गांव और नरकटिया पंचायत के बलुआहां में भी रावण दहन का आयोजन किया गया। तीनों स्थानों पर रावण दहन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

संक्षिप्त खबरें

इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से पूर्व सैनिक की मौत, जांच में जुटी जीआरपी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेलखंड पर चंद्रलोक रेलवे गुमटी के समीप रेलवे ओवरब्रिज के नीचे इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक पूर्व सैनिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर कोठिया निवासी 35 वर्षीय मंटू कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।

चंद्रलोक रेलवे गुमटी के समीप रेलवे ओवरब्रिज के नीचे मिला शव, मोबाइल फोन से हुई पहचान

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंटू कुमार अहियापुर थाना क्षेत्र स्थित अपने ससुराल आए हुए थे। बताया जा रहा है कि पत्नी के साथ अनबन के कारण वह मानसिक तनाव में थे। हालांकि, ट्रेन की चपेट में आने की घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। बताया गया है कि मंटू कुमार ने करीब 15 वर्षों तक भारतीय सेना में सेवा दी थी। सेवानिवृत्ति के बाद वह घर पर रह रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से मृतक का मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिस पर उनके परिजनों के लगातार कॉल आ रहे थे। मोबाइल फोन के आधार पर उनकी पहचान की गई। इसके बाद रेल पुलिस ने फोन के माध्यम से स्वजन को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मृतक के भाई ने शव प्राप्त किया और उसे लेकर शिवहर स्थित अपने घर चले गए। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में शोक छा गया। इधर, पूर्व सैनिक की मौत की सूचना फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। रेलवे ओवरब्रिज के नीचे मौजूद लोगों के साथ पुल से गुजर रहे राहगीर भी रुककर घटनास्थल देखने लगे। इससे ओवरब्रिज पर आवागमन प्रभावित हुआ और कुछ समय के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जीआरपी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि मामले में रेल थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है। घटना के कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

मुजफ्फरपुर में भीषण अग्निकांडः आग के बीच एक के बाद एक फटे दो गैस सिलेंडर, लाखों की संपत्ति राख

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के पारु थाना क्षेत्र के कटारू पंचायत के कुंवारी गांव वार्ड 9 स्थित एक घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से घर में रखे दो एलपीजी गैस सिलेंडर एक के बाद एक जोरदार धमाके के साथ फट गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय रामबालक राम की पत्नी कमली देवी के घर में मंगलवार दोपहर अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। इसी दौरान घर में रखे दो एलपीजी गैस सिलेंडर एक के बाद एक जोरदार धमाके के साथ फट गए। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक कमली देवी का पूरा घर जलकर राख हो चुका था। घर में रखे कपड़े, बर्तन, घरेलू सामान, नकदी समेत लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान की बात सामने आई है। इस अग्निकांड के कारण पीड़ित परिवार के सामने रहने और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने का संकट खड़ा हो गया है। संयोगवश इस भीषण आग और सिलेंडर विस्फोट के बावजूद कोई बड़ा जानी नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद गांव में शोक और चिंता का माहौल है।

प्रतापपुर कांड के प्रभावित परिवारों को विधायक ने सौपा कल्याण विभाग द्वारा दी गई राशि का चेक

कांटी(एनएसबी)। कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार बुधवार को करजा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर पहुंचे। जहां उन्होंने आगजनी से प्रभावित परिवारों को कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रति परिवार 58,050 रुपये का चेक वितरित किया। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों से संवाद कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आपसी संयम और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। इस दौरान विधायक अजीत कुमार ने मामूली विवाद को लेकर एक युवक की हुई हत्या को दुःखद बताया। उन्होंने कहा कि जिस किसी ने इस घटना को अंजाम दिया है, उसे सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो दोषी होंगे उन्हें सजा मिलेगी और निर्दोष होंगे, वे उन्हें वेवजह फंसने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, सीओ पुष्कल कुमार, करजा थानाध्यक्ष रामएकबाल प्रसाद, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो. शमीम, मनोज कुमार सिंह, मो. जाबिर हुसैन, मो. फूल बाबू और प्रेम कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास, विरोध करने पर परिवार पर हमला, गर्भवती महिला समेत कई घायल

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के करजा थाना क्षेत्र के बड़कागांव टोला भररा में दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म के प्रयास और विरोध करने पर पूरे परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 18 अक्टूबर की दोपहर करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को लिखित आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, पड़ोस के कुछ लोगों ने घर में घुसकर महिला के साथ अभद्रता की और बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़िता के आवेदन के मुताबिक, नबी हसन, मो. मकबुल, मो. करीम उर्फ राजा, हमीदा खातून और शमीना खातून जबरन उसके घर में घुस आए। आरोप है कि नबी हसन पहले भी उसकी बहू के साथ छेड़खानी करता था। घटना के दिन उसने बहू के कपड़े फाड़ दिए और दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर सुनकर जब सास और परिवार के अन्य सदस्य बचाव के लिए पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

विजयादशमी पर कलवार महिला मंच ने डांडिया उत्सव आयोजन के साथ की मां दुर्गा की विदाई

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। कलवार महिला मंच, मुजफ्फरपुर की ओर से दशहरा के अवसर पर मंगलवार को नई बाजार स्थित विद्या विवाह भवन में डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें समाज की महिलाओं ने डीजे की धुन पर पूरे परिवार सहित जमकर मनोरंजन किया। इस अवसर पर डांडिया गीत और नृत्य के बीच प्रसिद्ध लोक गीत गायिका पुष्पा प्रसाद और अन्य के गीतो ने महिलाओ के उत्साह को और बढ़ाने का काम किया। वही उपमहापौर डॉ मोनालिसा और डॉ नवीन कुमार समेत अन्य ने भी कार्यक्रम में जोश भरे। इस अवसर पर कलवार समाज के गण मान्य लोगों की उपस्थिति रही और सभी ने एक दूसरे को दशहरे की शुभकामना दी। इस मौके पर उप महापौर डॉ, मोनालिसा, भाजपा महिला मंच पूर्वी की महामंत्री सविता जायसवाल, समेत पूर्व अध्यक्ष सविता चौधरी, पूर्व महामंत्री जूली चौधरी को कलवार महिला मंच की अध्यक्ष रागिनी चौधरी, महामंत्री रेणु चौधरी, कोषाध्यक्ष लवली जायसवाल, साधना चौधरी, वंदना भारती, मीरा चौधरी, शिखा चौधरी, मधु चौधरी, प्रियंका चौधरी, शकुंतला जायसवाल, नीतू सिंह, सुशीला चौधरी, नीलम चौधरी, ऊषा चौधरी और अन्य महिलाओं के स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रेणु चौधरी ने किया। इस मौके पर ब्याव सेवा ट्रस्ट के मंत्री दिलीप कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार चौधरी, बलभद्र आरती कमेटी के मुख्य संयोजक दीपक कुमार समेत विभिन्न पदाधिकारी मौजूद थे।



विजयादशमी पर आयोजित डांडिया उत्सव मे शामिल कलवार महिला मंच की महिलाएं।

पर्यटन मंत्री ने पूजा पंडालों में भ्रमण कर लिया मां दुर्गा का आशीर्वाद रावण दहन में भी हुए शामिल

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नवरात्रि के दौरान राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता मंगलवार को अपने कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पूजा पंडालों भ्रमण कर माँ दुर्गा के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की जनता की सुख शांति और कुढ़नी की प्रगति की कामना की।



मां दुर्गा का दर्शन कर आशीर्वाद लेते पर्यटन मंत्री केदार प्र गुप्ता।

वहीं क्षेत्र के कुढ़नी हाई स्कूल ग्राउंड में त्रिदेव सेवा समिति द्वारा विजयदशमी के अवसर पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में उपस्थित होकर विधायक सह पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो को विजयदशमी की बधाई दी। साथ हीं उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें प्रभु श्रीराम के आदर्शों, सत्य, मयार्दा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मौके पर ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

ट्रेन में बरामद शराब घर ले जाने के आरोप में जीआरपी का हवलदार और महिला होमगार्ड गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। शराब तस्करी रोकने और कानून का पालन कराने की जिम्मेदारी जिन पुलिसकर्मियों पर है, उन्हीं पर शराब के मामले में गंभीर आरोप लगे हैं। सहरसा-गरीबरथ एक्सप्रेस में ड्यूटी के दौरान बरामद शराब को नियमानुसार जब्त कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बजाय अपने पास रखने के आरोप में जीआरपी के एक हवलदार और महिला होमगार्ड जवान को गिरफ्तार किया गया है। मामले में दो अन्य अज्ञात आरोपितों की भी तलाश की जा रही है।

गरीबरथ एक्सप्रेस में चार बैगों से मिली थी 27 लीटर अंग्रेजी शराब, रेल एसपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

घटना 19 अक्टूबर की है। ट्रेन संख्या 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस में सुरक्षा ड्यूटी के दौरान चार बैगों से अंग्रेजी शराब बरामद की गई थी। इन बैगों में रॉयल स्टैग की 24 और ऑफिसर चॉइस की 12 बोतलें थीं। सभी बोतलें 750 मिलीलीटर की थीं। इस तरह कुल 36 बोतलों में 27 लीटर शराब मिली थी। आरोप है कि बरामद शराब को नियमानुसार जब्त कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बजाय ड्यूटी पर तैनात हवलदार नरेंद्र कुमार सिंह और महिला होमगार्ड जवान अर्चना कुमारी ने अपने पास रख लिया। मामले में दोनों की कथित संलिप्तता सामने आने के बाद रेल पुलिस महकमे में हलचल मच गई। रेल एसपी बीणा कुमारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार हवलदार नरेंद्र कुमार सिंह (59) छपरा जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र के सरहैया गांव के निवासी हैं। वहीं, महिला होमगार्ड जवान अर्चना कुमारी (24) मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं। दोनों हाजीपुर रेल थाना में पदस्थापित बताए गए हैं। बताया जा रहा है कि मामले में दोनों कर्मियों को बचाने के लिए पैरवी भी की गई, लेकिन रेल एसपी ने अपना रुख नहीं बदला और नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद दोनों की गिरफ्तारी हुई। मामले में दो अन्य अज्ञात आरोपितों की संलिप्तता की बात भी सामने आई है। पुलिस उनकी पहचान करने और गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है। शराब बरामदगी के मामले में रेल पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी से विभागीय अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जवाबदेही को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आधुनिक बिहार के निर्माण में प्रमुख शिल्पकार थे बिहार केसरी डॉ श्रीकृष्ण सिंह : कृपाशंकर शाही

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नगर के स्थानीय भगवानपुर चौक स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती किसान भवन में बुधवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री रहे डॉ श्रीकृष्ण सिंह की जयंती मनाई गई। मुजफ्फरपुर जिला पश्चिमी के तत्वावधान में एवं जिला पश्चिमी

मुजफ्फरपुर जिला पश्चिमी के तत्वावधान में कांग्रेस नेताओं ने मनाई जयंती

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कृपाशंकर शाही के नेतृत्व में इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मौके पर उपस्थित तमाम लोगों ने श्रीबाबू की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि देकर उन्हें नमन करते हुए उनके महान व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पश्चिमी जिलाध्यक्ष कृपा शंकर शाही ने कहा कि डॉ श्रीकृष्ण सिंह आधुनिक बिहार के निर्माण के प्रमुख शिल्पकार थे। उन्होंने औद्योगिक विकास, शिक्षा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचार और कार्य आज भी जनसेवा के लिए प्रेरणास्रोत हैं।कांग्रेस नेता सुरेश शर्मा नीरज ने कहा कि डॉ श्रीकृष्ण सिंह का जीवन संघर्ष, दूरदर्शिता और जनकल्याण के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने बिहार को विकास की राह पर आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और प्रदेश के हित में कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं आलोक शर्मा ने कहा कि बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह का योगदान राज्य के इतिहास में अविस्मरणीय है। उन्होंने अपने नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से बिहार को नई पहचान दिलाई। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर प्रदेश के विकास में योगदान देने की जरूरत है। कार्यक्रम में सुशील कुमार शाही, त्रिभुवन पटेल, ओबीसी जिला अध्यक्ष मुमताज अंसारी, नीरज कुमार, पैक्स अध्यक्ष संजय गुप्ता, ओंकार नाथ चौधरी, शशि गुप्ता, रमेश तिवारी, समसुल, शिवम कुमार, रितेश झा, रमन सिंह, मोहन बैठा, रूपेश कुमार सिंह, उमेश कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, रुपेश गौतम, विक्की चौधरी, जावेद, आशा देवी और सतनारायण यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. श्रीकृष्ण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



जयंती पर डॉ श्रीकृष्ण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते मुजफ्फरपुर पश्चिमी कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता गण।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र प्रसाद सिंह के निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मुजफ्फरपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद सिंह का निधन अचानक रविवार को हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही मुजफ्फरपुर के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। जिसने भी उनके निधन की खबर सुनी वे सन्न रह गए। वहीं नगर और जिले मे यह खबर फैलते ही पूरा जिला सहित बिहार के राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई।

उनके निधन को भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें पार्टी का झंडा ओढ़कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पार्टी के प्रति समर्पित रहे रविंद्र प्रसाद सिंह के निधन की सूचना मिलते हीं सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी दिवंगत नेता के आवास पर पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने कहा कि रविंद्र बाबू का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना जीवन संगठन की मजबूती और निस्वार्थ जनसेवा के लिए समर्पित किया। उनका संगठनात्मक अनुभव, मार्गदर्शन और आत्मीय व्यवहार सदैव हमारी स्मृतियों में जीवित रहेगा। वही बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी एवं केदार प्रसाद गुप्ता तथा तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार नरेंद्र प्रसाद सिंह ने भी उनके आवास पर पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए और शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रविंद्र बाबू कुशल संगठनकर्ता, समर्पित राजनेता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध व्यक्तित्व थे। पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने भावुक शब्दों में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रविंद्र जी उनके दाहिने हाथ थे। वही मौके पर उपस्थित नगर विधायक रंजन कुमार ने कहा कि हमने आज अपना एक मार्गदर्शक खो दिया। मौके पर स्वर्गीय रविंद्र प्रसाद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुँचे लोगों में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरपुर के सांसद राजभूषण चौधरी निषाद, पूर्व मंत्री रामसूरत राय, प्रदेश के पूर्व महामंत्री डॉ. राजेश वर्मा, पूर्व सांसद अजय निषाद, जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव, डॉ. ममता रानी, पूर्व एमएलसी नरेंद्र प्रसाद सिंह,



स्व रविंद्र प्रसाद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय शरावगी।



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र प्र सिंह के अंतिम दर्शन को उनके आवास पर पहुँचे पार्टी के नेतागण कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग।

प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आवास पर पहुंच दी श्रद्धांजलि

प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, डॉ. रागिनी रानी, मनोज चौधरी, प्रदेश नेता प्रभात मालाकार, जिला उपाध्यक्ष अशोक झा, अरविंद सिंह, फेकू राम, सुरेश कुमार, रितु राज, जिला महामंत्री मनोज तिवारी, रविशंकर कुशवाहा, जिला मंत्री परितोष सिंह, बिकाऊ यादव, कृष्णा महतो, पूनम वर्मा, रितु आनंद, दिलीप कुमार, संजय चुरीवाल, डॉ साकेत शुभम ठाकुर, रंजन कुमार ओझा, दीपक शर्मा, जुनैद खान, गौतम कुमार, सिद्धार्थ कुमार, मसदुल हसन गुड्डू, गोविन्द कुमार, अमिताभ कुमार, सुजीत चौधरी, मोर्चा अध्यक्ष दिवाकर शर्मा, ओमकार पासवान, कुंदन कुमार पिंकू, अफरीदी रहमान एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनालिसा रॉय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर के सैंकड़ो लोग शामिल थे। सभी उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक-संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की।

139वीं जयंती पर बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केशरी श्रीकृष्ण सिंह को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

बिहार के नवनिर्माण में श्रीकृष्ण बाबू की भूमिका अग्रणी: टुन्ना

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केशरी श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के अवसर पर ललित आश्रम गांधी मैदान में जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा सह विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में श्रीबाबू के तैलचित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि बिहार के नवनिर्माण में श्रीकृष्ण बाबू की अग्रणी भूमिका रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रभावित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में श्री कृष्ण बाबू कूदे थे। स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में श्रीकृष्ण बाबू 8 साल से ज्यादा जेल में रहें। उन्होंने जमींदारी प्रथा खत्म करवाई, बरौनी रिफाइनरी, बरौनी खाद कारखाना, सिंदरी खाद, और बोकारो स्टील, कई कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज, कोसी प्रोजेक्ट जैसे बड़े काम उनके समय में शुरू हुए। उनके समय में बिहार को देश का सबसे बेहतर शासित राज्य माना जाता था। आज उनके



जिला कांग्रेस कार्यालय ललित आश्रम में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केशरी श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना व पार्टी के अन्य नेता।

योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

प्रदेश प्रतिनिधि मो. अफाक खान, रकटू प्रसाद, सीताराम झा, प्रमोद कुमार नील, डॉ. राजीव कुमार काजू, रितेश रमण सिंह, मो. शम्स शाहनवाज, मनोज कुमार सिंह, आफताब अंजुम बिहारी, संपूर्णानंद झा, राम बाबू सिंह, ताराकांत झा, रामू मिश्रा, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, डॉ. धीरज मिश्रा, ऋतु ठाकुर, धीरज सिंह, हरिदास, जैनेन्द्र कुमार राम, सोहन प्रसाद, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रोहन कुमार, सोहन प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह राठौर, चुन्नू सिंह, चन्द्र भूषण सिंह, राम प्रवेश राय, सुशील कुमार, एनएसयूआई नेता सक्षम कुमार, अख्तर रजा खान, वीरेंद्र कुशवाहा, सुप्रिया कुमारी, श्याम दास, देवेंद्र साह, उमेश प्रसाद सिंह, वेदांशु सिंह आदि ने श्रीकृष्ण बाबू को याद करते हुए कहा कि श्रीबाबू किसी खास समाज के नहीं बल्कि पूरे बिहार के नेता थे।

महागठबंधन प्रत्याशी को जिताने का लिया संकल्प : ललित आश्रम में जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तिरहुत स्नातक क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी डॉ. रश्मि विनायक गौतम को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि एक-एक स्नातक मतदाता से महागठबंधन उम्मीदवार को वोट दिलाना अब उनकी जिम्मेदारी है। इस दौरान महागठबंधन प्रत्याशी ने कांग्रेस कार्यकताओं एवं स्नातक मतदाताओं को आश्वस्त किया कि यदि वो चुनाव जीती हैं तो स्नातक मतदाताओं की समस्याओं एवं मांगों को ईमानदारी से पूरा करके दिखाएंगी।

दिनदहाड़े सीएसपी केंद्र से 95 हजार लूटे विरोध करने पर संचालक का सिर फोड़ा

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के करजा थाना क्षेत्र स्थित पकड़ी चौक पर बुधवार को हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बाइक सवार चार बदमाशों ने पकड़ी चौक स्थित इंडियन बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) में घुसकर हथियार के बल पर 95 हजार रुपये लूट लिए। इस दौरान लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने सीएसपी संचालक विजय कुमार के सिर पर पिस्टल के कुंदे से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार होकर पहुंचे चार हथियारबंद बदमाश सीधे सीएसपी केंद्र के अंदर घुस गए। अपराधियों ने पिस्टल के बल पर वहां मौजूद लोगों को अपने कब्जे में लेकर काउंटर में रखे 95 हजार रुपये लूट लिए। अचानक हुई इस वारदात से केंद्र में अफरातफरी मच गई। आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में भी दहशत फैल गई। लूटपाट के दौरान सीएसपी संचालक विजय कुमार ने बदमाशों का विरोध करने की कोशिश की। इससे नाराज अपराधियों ने उनके सिर पर पिस्टल के कुंदे से कई वार कर दिए। हमले में उनका सिर फट गया और वह खून से लथपथ होकर गिर पड़े। इसके बाद सभी बदमाश लूटे गए रुपये लेकर हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही करजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जख्मी सीएसपी संचालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

पुलिस आसपास के लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ कर रही है। बदमाशों के भागने की संभावित दिशा में छापेमारी की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना से स्थानीय कारोबारियों और आम लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

संक्षिप्त खबरें

लूट की साजिश रचने वाले 10 आरोपित गिरफ्तार, हथियार व 11 मोबाइल बरामद

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने लूट की साजिश रचने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। रुन्नीसैदपुर, नानपुर एवं बाजपट्टी थाना क्षेत्रों में की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक देसी पिस्तौल, दो देसी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस और



गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी व अन्य।

11 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई कार्रवाई में रुन्नीसैदपुर थाना कांड संख्या 375/26 के अनुसंधान के दौरान पुलिस को ग्राम बघाड़ी निवासी दीपक कुमार का हथियार के साथ वीडियो प्रसारित होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर दीपक कुमार सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया। दीपक के मोबाइल फोन की जांच के दौरान प्राप्त ऑडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों के सत्यापन में नानपुर थाना क्षेत्र के एक सीएसपी केंद्र और एक सोने की दुकान में लूट की योजना बनाए जाने की जानकारी सामने आई। इसके आधार पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में रुन्नीसैदपुर थाना क्षेत्र के बघाड़ी निवासी दीपक कुमार, सोन कुमार, मनीष कुमार, बब्बी देवी और आयुष कुमार शामिल हैं। वहीं, बाजपट्टी थाना क्षेत्र के सौरा गांव निवासी अभिमन्यु कुमार और आनंद मोहन कुमार तथा नानपुर थाना क्षेत्र के अदगांव निवासी प्रिंस कुमार, मोहित कुमार और ददरी गांव निवासी अवधेश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार कुछ आरोपितों के विरुद्ध रुन्नीसैदपुर, नानपुर, गाढ़ा और दरभंगा जिले के कमतौल थाना सहित विभिन्न थानों में पूर्व से मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य आपराधिक गतिविधियों में उनकी संलिप्तता की भी जांच कर रही है। मामले में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी एवं अग्रिम कानूनी कार्रवाई जारी है।

दुगार्पूजा का मेला घूमने निकले तीन किशोर हादसे के शिकार, दो की मौत, तीसरे की हालत गंभीर

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। शहर के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कंपनीबाग में डीएम आवास के समीप सड़क हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों किशोर दुगार्पूजा का मेला घूमने निकले थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। मृतकों की पहचान माड़ीपुर निवासी अनिकेत कुमार (15) और विकास कुमार (17) के रूप में हुई है। वहीं, घायल किशोर की पहचान देव कुमार के रूप में की गई है। बताया गया कि मंगलवार की रात तीनों किशोर बाइक से दुगार्पूजा का मेला घूमने निकले थे। इसी दौरान कंपनीबाग में डीएम आवास के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने अनिकेत कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, विकास कुमार और देव कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच) रेफर कर दिया गया। एसकेएमसीएच में इलाज के दौरान विकास कुमार ने भी दम तोड़ दिया। वहीं, देव कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे में दो किशोरों की मौत से उनके परिजनों में कोहराम मच गया है। त्योहार के मौके पर हुए इस दर्दनाक हादसे से इलाके में शोक का माहौल है।

तिरहुत स्नातक व शिक्षक निर्वाचन के लिए 23 अक्टूबर को मतदान

55 बूथों पर डाले जाएंगे वोट

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

- सीतामढ़ी में बनाया गया जिला नियंत्रण कक्ष
- मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक

सीतामढ़ी। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, सीतामढ़ी जिले में 23 अक्टूबर, शुक्रवार को मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चलेगा।

जिलाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी तनय सुल्तानिया, आईएएस द्वारा जारी जिला नियंत्रण कक्ष आदेश के अनुसार, जिले में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 17 तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 38 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 22 मूल मतदान केंद्र और 16 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं। इस प्रकार दोनों निर्वाचन क्षेत्रों को मिलाकर जिले में कुल 55 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा।

मतदान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, निर्वाचन संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने तथा मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए समाहरणालय, सीतामढ़ी स्थित विमर्श कक्ष में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक संचालित रहेगा। यहां पदाधिकारियों एवं कर्मियों की अलग-अलग पालियों में प्रतिनियुक्ति की गई है।

आदेश के अनुसार, प्रथम पाली में सुबह छह बजे से दोपहर एक बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर एक बजे से रात आठ बजे तक कर्मी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। जिला नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्वाचन के दौरान प्राप्त सूचनाओं और शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06226-250317 एवं 06226-250318 जारी किए गए हैं। निर्वाचन से संबंधित शिकायतों के निष्पादन के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जाएगी।

प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने निर्वाचन कार्य को व्यवस्थित एवं सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए नियंत्रण कक्ष को सक्रिय रखते हुए संबंधित अधिकारियों के बीच समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया है।

एनएच-27 किनारे गड्ढे में मिला अज्ञात वृद्ध का शव

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुजफ्फरपुर-दरभंगा फोरलेन एनएच-27 पर काशीरामपुर पेट्रोल पंप के समीप बुधवार को सड़क किनारे गड्ढे में एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर बोचहां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम ने जांच के लिए कई साक्ष्य एकत्रित किए। जानकारी के अनुसार, बुधवार को स्थानीय लोगों और राहगीरों की नजर सड़क किनारे गड्ढे में पड़े शव पर पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों ने बोचहां थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष यशवंत कुमार मिश्रा, सहायक थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह और सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक की उम्र लगभग 55 से 60 वर्ष बताई जा रही है।

राजद के वरिष्ठ नेता शफीक खां का निधन, जिले में शोक की लहर

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष शफीक खां के निधन से जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया। पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं और उनके शुभचिंतकों के बीच शोक की लहर है। उनके निधन को जिले के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

शफीक खां ने राष्ट्रीय जनता दल में विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए संगठन में अपनी भूमिका निभाई। बिहार प्रदेश राजद के उपाध्यक्ष और जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर उनका दायित्व पार्टी के प्रति उनकी संगठनात्मक भूमिका को दशार्ता है। जिलाध्यक्ष के रूप में उन्होंने जिले में पार्टी की गतिविधियों और संगठनात्मक कार्यों से जुड़ी जिम्मेदारियां संभालीं। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और संगठन से जुड़ाव के कारण जिले की राजनीति में उनकी अपनी पहचान थी। राजद के जिला एवं प्रदेश स्तर पर जिम्मेदार पदों पर रहना उनके राजनीतिक सफर का महत्वपूर्ण पहलू रहा। उनके निधन से पार्टी ने अपने एक वरिष्ठ पदाधिकारी को खो दिया है।



शफीक खां।

शफीक खां के पुत्र व राजद जिला महासचिव जलालुद्दीन खां ने बताया कि गुरुवार को असर की नमाज के बाद मेहसौल कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। उनके अंतिम दर्शन और जनाजे में शामिल होकर लोग उन्हें अंतिम विदाई देंगे। उनके निधन से मर्माहत समर्थकों और शुभचिंतकों के बीच गम का माहौल है।

पूर्व विधायक सुनील कुशवाहा, मुकेश यादव, मंगिता देवी, राजद महिला की पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्राणी राय ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि निधन से जिले के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में एक ऐसी कमी महसूस की जा रही है, जिसे भर पाना आसान नहीं होगा। उनके साथ जुड़े लोग उन्हें उनकी राजनीतिक भूमिका और संगठन के प्रति जुड़ाव के लिए याद करेंगे। उनके इंतकाल से उपजा शोक इस बात का परिचायक है कि सार्वजनिक जीवन में उनका अपने क्षेत्र और लोगों से गहरा जुड़ाव होता है। निधन राजद परिवार के लिए एक बड़ी क्षति है। उनके निधन से जिले में शोक की लहर व्याप्त है और पार्टी कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों का उन्हें श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है।

शफीक खां के निधन से सीतामढ़ी की राजनीति को अपूरणीय क्षति : सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर

सीतामढ़ी (एनएसबी)। राजद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शफीक खां के निधन पर सीतामढ़ी के सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। सांसद शोक संतप्त परिजनों से मिलने उनके आवास पर पहुंचे।

इस दौरान सांसद ने कहा कि शफीक खान बेहद मिलनसार और आत्मीय व्यक्ति के धनी थे। उनसे मेरा व्यक्तिगत संबंध था। उनके निधन से राजनीतिक जगत में जो शून्यता आई है, उसकी भरपाई करना मुश्किल है। यह राजनीतिक क्षति के साथ-साथ मेरा व्यक्तिगत नुकसान भी है। सांसद ने दिवंगत शफीक खान के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में वे शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस मौके पर सांसद के साथ जदयू जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा, रामजी मंडल, आशुतोष कुशवाहा, सुजीत झा आदि मौजूद थे।

सांसद की पहल से उमाशंकर की वापसी की उम्मीद

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले के रीगा थाना क्षेत्र अंतर्गत योगवाना गांव निवासी उमाशंकर ठाकुर के लापता होने से चिंतित परिजनों के लिए अब उम्मीद की किरण जगी है। सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उनकी तलाश और सकुशल वापसी के लिए पहल की है। सांसद ने महाराष्ट्र रेलवे पुलिस के डीजी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर देवेन भारती से संपर्क कर उमाशंकर ठाकुर को खोजने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उमाशंकर ठाकुर पिछले दिनों मुंबई जाने के दौरान नासिक से पहले मनमाड रेलवे स्टेशन से



उमाशंकर ठाकुर।

सांसद ने रेलवे पुलिस के डीजी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर से मांगी मदद

लापता हो गए थे। उनके अचानक लापता हो जाने से परिजन परेशान हैं और उनकी खोजबीन में जुटे हैं। काफी प्रयासों के बावजूद उनका पता नहीं चलने पर स्वजन ने सांसद से संपर्क किया है। सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने परिवार की परेशानी को समझते हुए रेलवे पुलिस के डीजी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर से मदद मांगी है। सांसद की इस पहल से परिजनों में उमाशंकर ठाकुर के जल्द मिलने और उनके सकुशल घर लौटने की उम्मीद जगी है। परिजनों को विश्वास है कि पुलिस और रेलवे प्रशासन द्वारा उमाशंकर ठाकुर का पता लगाने में मदद मिलेगी।

यमन में हिरासत में लिए गए सीतामढ़ी के राकेश कुमार की रिहाई के लिए सांसद देवेश चंद्र ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने यमन में हिरासत में लिए गए राकेश कुमार की शीघ्र रिहाई और सुरक्षित भारत वापसी सुनिश्चित कराने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखा है। सांसद ने विदेश मंत्री से मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

सांसद ने विदेश मंत्री को भेजे पत्र में बताया है कि सीतामढ़ी के डुमरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरा विशनपुर, वार्ड संख्या-14 निवासी रामविनोद सिंह के पुत्र राकेश के पास वैध यात्रा दस्तावेज होने के बावजूद यमन के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। राकेश ने 13 अक्टूबर को एमिरेट्स एयरलाइंस से दिल्ली से ओमान की यात्रा की थी। उनके पास पासपोर्ट सहित यात्रा से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध हैं। उन्होंने वैध पर्यटक वीजा के आधार पर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ओमान में प्रवेश किया था। पत्र के अनुसार एक नियोक्ता अथवा भर्ती एजेंट ने राकेश कुमार को यमन के एक हॉस्पिटल में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था। ओमान पहुंचने के बाद संबंधित नियोक्ता ने हवाई मार्ग के बजाय सड़क मार्ग से उन्हें यमन भेजने की व्यवस्था की।



राकेश कुमार।

राकेश की सुरक्षित भारत वापसी और कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का किया आग्रह

सांसद ने आशंका जताई है कि राकेश की मौजूदा परेशानी नियोक्ता या भर्ती एजेंट द्वारा की गई भ्रामक यात्रा व्यवस्था का परिणाम हो सकती है। वह रोजगार पाने की उम्मीद में संबंधित व्यक्ति के निदेर्शों का पालन कर रहे थे। सांसद ने कहा है कि राकेश कुमार को लगातार हिरासत में रखे जाने से उनके परिजन चिंतित हैं। ऐसे में मानवीय आधार पर मामले में शीघ्र हस्तक्षेप किए जाने की आवश्यकता है। सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने विदेश मंत्री से राकेश कुमार की वर्तमान स्थिति का पता लगाने तथा संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें आवश्यक कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। साथ ही, उनकी जल्द से जल्द सुरक्षित भारत वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है। सांसद की इस पहल से राकेश कुमार के परिजनों को उनकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद जगी है।

पुलिस संस्मरण दिवस पर वीर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर बुधवार, 21 अक्टूबर को पुलिस केंद्र, सीतामढ़ी में वीर शहीद पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को नमन किया। उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी शहीदों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पुलिस संस्मरण दिवस देश की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद करने का अवसर है। यह दिवस पुलिस बल के



वीर शहीद पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते एसपी व अन्य पुलिस।

प्रत्येक सदस्य को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा देश और समाज की सुरक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।

पुलिस विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एक सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 के बीच देशभर में कुल 154 पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। इनमें बिहार के 12 वीर पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। बिहार के शहीद पुलिसकर्मियों में सारण के पुलिस अवर निरीक्षक ताज अहमद खां (4 अप्रैल 2026) एवं राणा प्रताप मंडल (31 अक्टूबर 2025), अरवल के मनु कुमार (9 अप्रैल 2026), भोजपुर के विजय राम (1 मई 2026), मधेपुरा के साजन पासवान, नीरज कुमार और ज्ञानानंद अमरेंद्र (11 जून 2026), बांका के पुरेंद्र कुमार सिंह (8 जनवरी 2026), सिवान के सहायक अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार (29/30 अक्टूबर 2025), रोहतास के सिपाही मुकेश कुमार (16 मई 2026) तथा विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के सिपाही श्रीराम कुमार यादव (17 मार्च 2026) और धीरज कुमार (25 जून 2026) शामिल हैं।

बिहार के 12 जवानों को नमन

कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों को किया गया याद

पुलिस विभाग ने वीर शहीदों के त्याग, साहस और कर्तव्यनिष्ठा को पुलिस बल की अमूल्य विरासत बताया। विभाग का कहना है कि शहीदों का सर्वोच्च बलिदान पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य को राष्ट्रसेवा, जनसुरक्षा और अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। वीर शहीदों की स्मृति को नमन करते हुए पुलिसकर्मियों ने उनके आदर्शों पर चलने और समाज में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संकल्प को दोहराया।

सम्पादकीय

भूख के विरुद्ध सुरक्षा कवच, व्यवस्था की जिम्मेदारी

किसी भी कल्याणकारी राज्य की सफलता का आकलन केवल उसकी आर्थिक प्रगति, विकास योजनाओं और सरकारी उपलब्धियों से नहीं किया जा सकता, बल्कि इस बात से भी होता है कि समाज के सबसे कमजोर और जरूरतमंद व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं कितनी सहजता, सम्मान और पारदर्शिता के साथ पहुंच रही हैं। जिस देश में बड़ी संख्या में परिवारों की आजीविका सीमित आय, दिहाड़ी मजदूरी, कृषि कार्य और छोटे-मोटे रोजगार पर निर्भर हो, वहां खाद्य सुरक्षा का महत्व और बढ़ जाता है। ऐसे परिवारों के लिए जन वितरण प्रणाली केवल राशन प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि उनके दैनिक जीवन की आर्थिक स्थिरता और परिवार के भरण-पोषण का एक महत्वपूर्ण आधार है।

जन वितरण प्रणाली अर्थात सार्वजनिक वितरण प्रणाली का मूल उद्देश्य पात्र परिवारों को निर्धारित व्यवस्था के तहत खाद्यान्न उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर भोजन की व्यवस्था का बोझ कम हो और कोई भी जरूरतमंद परिवार खाद्य असुरक्षा का सामना करने के लिए विवश न हो। यह व्यवस्था सामाजिक न्याय, जनकल्याण और समान अवसर की भावना से जुड़ी हुई है। इसलिए इसकी सफलता का वास्तविक पैमाना केवल वितरित किए गए अनाज की मात्रा नहीं, बल्कि यह भी है कि लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचे, समय पर पहुंचे और लाभार्थी को अपना अधिकार प्राप्त करने के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

आज आवश्यकता इस बात की है कि जन वितरण प्रणाली को केवल सरकारी योजना के रूप में नहीं, बल्कि जनविश्वास से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाए। इसकी उपलब्धियों को बनाए रखते हुए कमियों को दूर करना, पात्र परिवारों की समस्याओं को समझना और वितरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना प्रशासन, संबंधित विभाग, उचित मूल्य दुकानदारों और समाजसभी की साझा जिम्मेदारी है। किसी संपन्न परिवार के लिए महीने भर का खाद्यान्न खरीदना सामान्य घरेलू खर्च का हिस्सा हो सकता है, लेकिन सीमित आमदनी वाले परिवार के लिए यही खर्च पूरे महीने के बजट को प्रभावित कर सकता है। जब परिवार में छोटे बच्चे, बुजुर्ग, दिव्यांग व्यक्ति या काम करने में असमर्थ सदस्य हों, तब नियमित आय का अभाव और भी गंभीर चुनौती बन जाता है। ऐसे में सरकारी खाद्यान्न सहायता परिवारों को अपनी सीमित आय का उपयोग शिक्षा, दवा, कपड़े, बिजली और दूसरी आवश्यक जरूरतों के लिए करने में मदद कर सकती है।

एक मजदूर परिवार के लिए राशन का अर्थ है कि दिन भर की मेहनत के बाद घर लौटने पर भोजन की व्यवस्था को लेकर चिंता कुछ कम हो सके। किसी ग्रामीण परिवार के लिए यह कठिन आर्थिक परिस्थितियों में सहारा बन सकता है। सीमित आय वाले परिवारों में खाद्यान्न सहायता घरेलू बजट को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यही कारण है कि जन वितरण प्रणाली के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही का प्रभाव केवल सरकारी अभिलेखों या वितरण के आंकड़ों तक सीमित नहीं रहता। यदि किसी पात्र परिवार को निर्धारित समय पर राशन नहीं मिलता, तो उसके सामने भोजन की व्यवस्था और घरेलू खर्च से जुड़ी वास्तविक कठिनाइयां पैदा हो सकती हैं। इसलिए वितरण व्यवस्था में नियमितता, स्पष्ट सूचना और लाभार्थियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अनिवार्य होना चाहिए। यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि खाद्य सुरक्षा केवल अनाज उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है। लाभार्थियों को योजना की पात्रता, राशन की मात्रा, वितरण की अवधि, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और अपने अधिकारों की जानकारी होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जागरूक लाभार्थी और जवाबदेह प्रशासन मिलकर व्यवस्था को अधिक प्रभावी बना सकते हैं।

जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत वास्तविक पात्र परिवारों की पहचान और उन्हें नियमानुसार लाभ उपलब्ध कराना सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में शामिल है। किसी भी कल्याणकारी योजना में दो प्रकार की चुनौतियां सामने आ सकती हैंएक ओर पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित रह जाए और दूसरी ओर अपात्र व्यक्ति योजना का लाभ प्राप्त करता रहे। दोनों स्थितियां व्यवस्था के उद्देश्य को प्रभावित करती हैं। इसलिए लाभार्थियों की सूची का नियमानुसार सत्यापन, आवश्यक संशोधनों की सरल प्रक्रिया और पात्रता संबंधी जानकारी की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। परिवार की परिस्थितियों में परिवर्तन, सदस्य की मृत्यु, विवाह, स्थान परिवर्तन या अन्य वैध कारणों से अभिलेखों में संशोधन की आवश्यकता पड़ सकती है।

सुपर अलनीनो की आहट

महंगाई व जल संकट का दोहरा वार



रत्नेश मिश्र।

प्रशांत महासागर में तेजी से मजबूत होता अलनीनो जिसे सुपर अलनीनो कहा जा रहा है, वह दुनिया के मौसम चक्र को प्रभावित करने की आशंका पैदा कर रहा है। इसके संभावित प्रभावों को लेकर चिंता इसलिए भी बढ़ गई है, क्योंकि भारत का 2026 का दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से कम बारिश के साथ समाप्त हुआ है। ऐसे में सवाल केवल यह नहीं है कि आने वाली गर्मी कितनी तीखी होगी, बल्कि यह भी है कि खेतों में नमी, जलाशयों में पानी, खाद्य पदार्थों की कीमतों और बिजली की मांग का संतुलन कैसे कायम रखा जाएगा।

क्लाइमेट ट्रेंड्स की रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि फरवरी माह तक अलनीनो के बने रहने की वजह से बारिश घट सकती है। इससे सर्दियों में गर्मी का एहसास हो सकता है। इतना ही नहीं रिपोर्ट में यह भी आशंका जताई गई है कि इस बार फरवरी माह में ही गर्मी दस्तक दे सकती है। इस साल का अगस्त माह वर्ष 1901 के बाद सबसे गर्म महीना रहा। वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रशांत महासागर के सतही जल का तापमान अगस्त माह में 2.6 डिग्री सेल्सियस अधिक था जो बढ़कर चार डिग्री सेल्सियस तक जाने की आशंका है। विश्व मौसम विभाग ने कहा था कि अलनीनो का फरवरी 2027 तक बने रहने का अनुमान है।

जून से सितंबर 2026 के दौरान भारत में पिछले 10 वर्षों का सबसे कमजोर मानसून दर्ज किया गया जिसमें सामान्य से लगभग 13 प्रतिशत कम हुई। इस वजह से तेलंगना, कर्नाटक, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के कई हिस्सों में सूखे की स्थिति घोषित की गई। कम बारिश के कारण खरीफ फसलों जैसे चावल, मक्का और गेहूं की उपज को भारी नुकसान पहुंचा है। कृषि पैदावार घटने से ग्रामीण अर्थ व्यवस्था पर भी दबाव पड़ा है और खाद्य महंगाई में तेजी आई है।

पिछले सात दशकों में, भारत को सत्रह में से कम से कम पांच अलनीनो वर्षों में औसत या उससे अधिक बारिश हुई है। पिछले छह अलनीनो वर्षों में से हर एक में, बारिश औसत से कम रही है और 1980 के बाद से भारत के छह में से हर सूखा एक अलनीनो वर्ष में ही पड़ा है। क्योंकि भारत की खेती का एक बड़ा हिस्सा आज भी बारिश पर निर्भर है, जुलाई या अगस्त का एक सूखा महीना पूरे खरीफ मौसम का भाग्य तय कर सकता है। 2009 की घटना को कमजोर माना गया था, फिर भी बारिश लंबी अवधि के औसत के 78.2 प्रतिशत तक गिर गई थी, जो 37 वर्षों में सबसे कम थी।

इतिहास पर अगर हम नजर डालें तो पता चलता है कि करीब 400 साल पहले दक्षिण अमेरिका के पेरू और इक्वाडोर के मछुआरों ने पाया कि क्रिसमस के आसपास यानी दिसंबर के महीने में समुद्री पानी गर्म हो जाता था और उसमें मछलियां नहीं पाई जाती थी। मछुआरों ने इसे ईश्वरीय चमत्कार मानते हुए इस असामान्य घटना को अल नीनो नाम दे दिया। स्पेनिश में अलनीनो का अर्थ होता है छोटा बच्चा या ईसा मसीह का बाल रूप।

400 साल पहले दक्षिण अमेरिका के पेरू और इक्वाडोर के मछुआरों ने पाया कि क्रिसमस के आसपास यानी दिसंबर के महीने में समुद्री पानी गर्म हो जाता था और उसमें मछलियां नहीं पाई जाती थी। मछुआरों ने इसे ईश्वरीय चमत्कार मानते हुए इस असामान्य घटना को अल नीनो नाम दे दिया। स्पेनिश में अलनीनो का अर्थ होता है छोटा बच्चा या ईसा मसीह का बाल रूप।

अलनीनो प्रशांत महासागर में होने वाली एक प्राकृतिक और जलवायु घटना है। इसके तहत मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के सतही जल का तापमान असामान्य रूप से बढ़ता है। यह स्थिति तब बनती है जब सामान्य परिस्थितियों में भूमध्य रेखा के पास चलने वाली व्यापारिक हवाएं गर्म पानी को पूर्व से पश्चिम की तरफ यानी दक्षिण अमेरिका से एशिया व ऑस्ट्रेलिया की तरफ धकेलती हैं। लेकिन इस दौरान हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं जिससे गर्भ पानी वापस पूर्व की तरफ पेरू व इक्वाडोर की ओर इकट्ठा होने लगता है और समुद्र का तापमान सामान्य से ज्यादा हो जाता है। इसका असर दुनिया भर की जलवायु पर पड़ता है। दुनिया के कुछ हिस्सों में जहां एक तरफ अत्यधिक बारिश और बाढ़ की स्थिति बनती है तो दूसरी तरफ कई इलाकों में भीषण गर्मी व सूखे की स्थिति बन जाती है।

अलनीनो की वजह से वैश्विक वायुमंडलीय परिसंचरण बाधित हो जाता है जिससे भारत का दक्षिण पश्चिम मानसून कमजोर हो जाता है। देश में 70 प्रतिशत बारिश इसी मौसम में होती है। इसलिए बारिश की कमी के कारण खेती व जलाशयों के पुनर्भरण, भूजल पुनर्भरण सीधे प्रभावित होते हैं और सूखे की स्थिति पैदा हो जाती है। भारत में कृषि का लगभग आधा हिस्सा बारिश के पानी पर ही निर्भर है इसलिए कमजोर मानसून खरीफ की फसलों जैसे धान, कपास सोयाबीन और दालों की बुआई और उपज पर गंभीर असर डालते हैं।

अलनीनो की आशंका के दौर में देश को अपनी कृषि और जल प्रबंधन संबंधी कमजोरियों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

दीर्घकालीन समाधान के लिए ऐसी कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना होगा जो कम पानी में बेहतर उत्पादन दे सकें। वर्षा जल संचयन, स्थानीय जल निकायों का संरक्षण, फसल विविधीकरण और जलवायु के अनुरूप बीजों का विकास महवपूर्ण कदम हो सकते हैं। साथ ही, छोटे किसानों को सस्ती सिंचाई, समय पर कृषि सलाह और प्रभावी फसल बीमा का लाभ मिलना चाहिए।

मौसम की अनिश्चितता के दौर में केवल अधिक उत्पादन का लक्ष्य पर्याप्त नहीं है। ऐसी व्यवस्था बनाना भी जरूरी है जो प्रतिकूल परिस्थितियों में किसानों की आय, खाद्य उपलब्धता और आम लोगों की क्रय शक्ति को सुरक्षित रख सके।

सुपर अलनीनो की आशंका को न तो अनावश्यक भय पैदा करने का माध्यम बनाना चाहिए और न ही इसे सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव समझकर नजरअंदाज करना चाहिए। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में किसी देश की तैयारी की असली परीक्षा केवल यह नहीं है कि वह मौसम का कितना सटीक अनुमान लगा सकता है। परीक्षा यह भी है कि वह उस अनुमान के आधार पर अपने किसानों, श्रमिकों, शहरों और सबसे कमजोर नागरिकों को कितना सुरक्षित रख पाता है।

भारत के लिए यही समय है कि वह संभावित संकट का इंतजार करने के बजाय तैयारी शुरू करे क्योंकि मौसम पर हमारा नियंत्रण नहीं है, लेकिन मौसम की मार को कितना कम करना है, यह काफी हद तक हमारी नीतियों और तैयारियों पर निर्भर करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

800 ऑडिशंस और 5 साल के बच्चे को देखकर निकला नहीं , कैसे कौशल ओजा को मिला अपना लिटिल थॉमस

मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश) । किसी फिल्म की जान अक्सर उसके सबसे छोटे कलाकारों के कंधों पर टिकी होती है। निर्देशक कौशल ओजा की 90 के दशक के गोवा की पृष्ठभूमि पर बनी आगामी पारिवारिक फिल्म लिटिल थॉमस के मुख्य किरदार को पर्दे पर जीवंत करना आसान काम नहीं था। इसके लिए किसी अनुभवी चाइल्ड आर्टिस्ट एजेंसी से कलाकार चुनने के बजाय, उन्होंने आठ महीने तक स्कूलों, ड्रामा वर्कशप और पूरे भारत में 800 से अधिक बच्चों के बीच तलाश की।

23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही लिटिल थॉमस में गुलशन देवैया और



रसिका दुग्गल के साथ बाल कलाकार हृदांश पारेख मुख्य भूमिका में नजर आएँगे। लेकिन, फिल्म की मासूम और दिल को छू लेने वाली कहानी के पीछे मुख्य बाल कलाकार को चुनने की एक बेहद चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया छिपी थी।

विज्ञापनों में अक्सर देखने को मिलने वाले जरूरत से ज्यादा रिहर्सल किए हुए अभिनय से बचने के लिए ओजा और उनके एफटीआईआई के सहपाठी एवं कास्टिंग डायरेक्टर नितिन गोयल ने पारंपरिक कास्टिंग कोऑर्डिनेटर्स की मदद नहीं ली। इसके बजाय, उन्होंने मुंबई के दक्षिणी हिस्से के स्कूलों से लेकर रयान इंटरनेशनल स्कूल चेन तक, असली कक्षाओं में जाकर बच्चों की तलाश की।

वे हर बच्चे के साथ लगभग 30 मिनट बिताते थे। इस दौरान, वे बच्चों से उनकी जिंदगी, परिवार और काल्पनिक बातों के बारे में बातचीत करते, ताकि उनकी स्वाभाविक कल्पनाशक्ति और भावनात्मक सहजता को समझ सकें।

ओजा बताते हैं, मैं बच्चों के ऑडिशन लेने की प्रक्रिया में जल्दबाजी नहीं करना चाहता था। हम ऐसे बच्चों की तलाश कर रहे थे, जिन्हें पहले से अभिनय का अनुभव न हो। हम चाहते थे कि थॉमस का किरदार मासूम और भावनात्मक रूप से संवेदनशील हो। इसलिए हम नहीं चाहते थे कि यह प्रक्रिया जीत और हार के खेल जैसी लगे। यह तलाश मुंबई, दिल्ली, पुणे और दक्षिण भारत तक पहुँच गई। 800 बच्चों में से कई को छांटकर छोटे-छोटे समूहों में वर्कशॉप के लिए चुना गया।

बिहार केशरी के सपनों का बिहार बनाने का संकल्प



प्रमोद कुमार सिंह

शिक्षाविद

बिहार की ऐतिहासिक, राजनीतिक और सामाजिक चेतना के आकाश में कुछ व्यक्तित्व ऐसे हैं, जिनकी स्मृति केवल अतीत का गौरव नहीं, बल्कि वर्तमान के लिए प्रेरणा और भविष्य के लिए मार्गदर्शन बन जाती है। ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे बिहार केशरी स्वर्गीय डा. श्रीकृष्ण सिंह, जिन्हें बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री और आधुनिक बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दूरदर्शी नेता के रूप में सदैव याद किया जाता है। उनकी जयंती केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं, बल्कि उनके विचारों, आदर्शों, संघर्षों और जनसेवा के संकल्प को पुनः आत्मसात करने का दिन है।

डा. श्रीकृष्ण सिंह का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्चा नेतृत्व पद और प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि त्याग, साहस, जनहित के प्रति प्रतिबद्धता और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की इच्छाशक्ति से पहचाना जाता है। उन्होंने ऐसे समय में सार्वजनिक जीवन को अपनी कर्मभूमि बनाया, जब देश पराधीनता की बेड़ियों में जकड़ा था और समाज अनेक प्रकार की विषमताओं, रूढ़ियों तथा आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा था। उनका संघर्ष केवल राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने तक सीमित नहीं थाय उसमें एक ऐसे बिहार के निर्माण की आकांक्षा भी निहित थी, जहां विकास, शिक्षा, सामाजिक सम्मान और अवसरों का विस्तार हो तथा आम नागरिक स्वयं को राज्य की प्रगति का सहभागी महसूस करे।

उनकी जयंती पर सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या हम उस बिहार का निर्माण कर पा रहे हैं, जिसका सपना हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रनिर्माताओं ने देखा था। क्या राजनीति जनसेवा का माध्यम बनी हुई है । क्या समाज में समानता, सद्भाव और मानवीय गरिमा को पर्याप्त महत्व मिल रहा है और क्या विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है । इन प्रश्नों पर गंभीर आत्ममंथन करना ही बिहार केशरी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



डा. श्रीकृष्ण सिंह का जन्म 21 अक्टूबर 1887 को हुआ था। उनका जन्मस्थान खानवां बताया जाता है, जबकि उनका पैतृक गांव मौर, वर्तमान शेखपुरा जिले में स्थित है। वे आगे चलकर श्री बाबू के नाम से लोकप्रिय हुए। उनकी ओजस्वी वाणी, निर्भीक व्यक्तित्व और स्वतंत्रता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें बिहार की राजनीति में विशिष्ट पहचान दिलाई। उनकी गर्जना और संघर्षशील स्वभाव के कारण ही उन्हें सम्मानपूर्वक 'बिहार केशरी' कहा गया।

उनका जीवन उस दौर में आकार ले रहा था, जब भारत में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध राष्ट्रीय चेतना तेजी से विकसित हो रही थी। देश के अलग-अलग हिस्सों में स्वतंत्रता की मांग बुलंद हो रही थी। महात्मा गांधी के नेतृत्व में सत्याग्रह, असहयोग और जनआंदोलनों के माध्यम से अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी जा रही थी। ऐसे ऐतिहासिक परिवेश में श्रीकृष्ण सिंह ने अपनी प्रतिभा, ऊर्जा और जीवन को राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया।

उन्होंने कानून की पढ़ाई पूरी की और वकालत भी शुरू की, लेकिन देश की गुलामी उन्हें भीतर तक बेचैन करती थी। वर्ष 1921 में उन्होंने वकालत छोड़कर असहयोग आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की। यह फैसला केवल एक पेशे को त्यागने का निर्णय नहीं था, बल्कि व्यक्तिगत सुविधा से ऊपर राष्ट्रीय कर्तव्य को रखने का उदाहरण था। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध आंदोलन करने के कारण कई बार जेल गए। उनके जीवन के लगभग आठ वर्ष कारावास और संघर्ष में बीते। यह याद रखना जरूरी है कि स्वतंत्रता आंदोलन केवल कुछ बड़े नेताओं के प्रयासों से सफल नहीं हुआ था। इसके पीछे हजारों ज्ञात-अज्ञात कार्यकर्ताओं का त्याग, किसानों का संघर्ष, युवाओं का उत्साह, महिलाओं की भागीदारी और आम नागरिकों का बलिदान था। श्रीष्ण सिंह इसी व्यापक राष्ट्रीय आंदोलन की एक सशक्त कड़ी थे। उन्होंने बिहार की धरती पर स्वतंत्रता की चेतना को व्यापक बनाने और लोगों को संगठित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उनका संघर्ष हमें सिखाता है कि परिवर्तन की राह कभी आसान नहीं होती। अन्याय के विरुद्ध खड़े होने के लिए साहस चाहिए, कठिन परिस्थितियों में टिके रहने के लिए धैर्य चाहिए और बड़े उद्देश्य को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत स्वार्थो से ऊपर उठने की क्षमता चाहिए। श्री बाबू के जीवन की यही विशेषताएं उन्हें आज भी प्रासंगिक बनाती हैं।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में वर्ष 1930 का नमक सत्याग्रह विशेष महत्व रखता है। महात्मा गांधी के नेतृत्व में नमक कानून के विरोध ने अंग्रेजी शासन की अन्यायपूर्ण नीतियों के विरुद्ध देशव्यापी आंदोलन का रूप लिया। बिहार में भी इस आंदोलन ने जनचेतना को नई ऊर्जा प्रदान की। श्रीकृष्ण सिंह ने बिहार में नमक सत्याग्रह को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गढ़पुरा में नमक कानून के विरोध से जुड़े आंदोलन के दौरान उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनके हाथों तथा छाती पर जलने के घाव हुए। इसके बावजूद उनका स्वतंत्रता के प्रति संकल्प कमजोर नहीं पड़ा। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि देश की आजादी का सपना केवल भाषणों से नहीं, बल्कि साहस, त्याग और कठिन परिस्थितियों का सामना करने से साकार हुआ।

आज जब हम स्वतंत्रता के दशकों बाद लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग करते हैं, तब हमें उन संघर्षों को भी याद करना चाहिए जिनकी बदौलत हमें यह अधिकार मिले। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, मताधिकार, समान नागरिकता और संविधान प्रदत्त अधिकारों को सहज उपलब्ध मान लेना उचित नहीं है। इनके पीछे लंबा संघर्ष और असंख्य लोगों का बलिदान छिपा है।

सैमसंग ने बेस्पोक एआई अप्लायंसेज और त्योहारी ऑफर्स के साथ मनाई दिवाली

पटना (दैनिक नवसंदेश) । इस दिवाली सैमसंग इंडिया अपने होम अप्लायंसेज की रेंज पर आकर्षक ऑफर्स के साथ त्योहार की रौनक घर-घर तक पहुंचा रहा है। ये अप्लायंसेज रोज के कामकाज को आसान बनाने और घर को कनेक्टेड रखने के लिए बनाए गए हैं। त्योहारों के इस मौसम में सैमसंग ग्राहकों को अपने नए इनोवेशन आजमाने के लिए बुला रहा है। साथ में उन्हें बढ़िया फायदे और पैसे चुकाने के लचीले विकल्प भी मिल रहे हैं। त्योहारी ऑफर के तहत चुनिंदा सैमसंग प्रोडक्ट्स पर 20,000 रुपये तक का कैशबैक मिल सकता है। इसके अलावा ग्राहक सैमसंग फाइनेंस के जरिए सिर्फ 888 रुपये से शुरू होने वाली कम ईएमआई, जीरो डाउन पेमेंट और आसान फाइनेंस का फायदा भी उठा सकते हैं। इससे सैमसंग के नए प्रोडक्ट्स घर लाना और आसान हो जाता है। सैमसंग केयर के तहत 1 साल की वारंटी खरीदने पर 3 साल तक की और वारंटी बिना कोई अलग पैसा दिए मिल सकती है। यह सुविधा लागू नियम और शर्तों के अधीन है। सैमसंग के बेस्पोक एआई अप्लायंसेज आज के भारतीय घरों के लिए ऐसे स्मार्ट होम समाधान लाते हैं, जो हर घर की जरूरत के हिसाब से ढल जाते हैं, बिजली की बचत करते हैं और सुरक्षित भी हैं। सैमसंग के फैमिली हब रेफ्रिजरेटर में अब जेनरेटिव एआई जुड़ गया है।

108वें स्थापना दिवस पर साहित्य सम्मेलन के अधिकारियों ने की माँ दुर्गा की पूजा

पटना (दैनिक नवसंदेश) बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा. अनिल सुलभ ने सम्मेलन के अन्य अधिकारियों और साहित्यकारों के साथ, गत सोमवार को सम्मेलन भवन में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा की पूजा कर सम्मेलन का 108 वाँ स्थापना दिवस मनाया तथा सम्मेलन के दीर्घायुष्य और अविराम हिन्दी-सेवा की प्रार्थना की। अपनी प्रार्थनाओं में डा सुलभ ने हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा घोषित की जाए, इसे भी सम्मिलित किया। इस अवसर पर साहित्यकारों ने 108 दीपक जलाकर अपने पूर्वज साहित्यकारों को भी स्मरण किया।

माता की पूजा के पश्चात डा सुलभ ने बताया कि नवम्बर में किसी दिन स्थापना-दिवस का समारोह भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसके उद्घाटन के लिए बिहार के मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है। उनसे स्वीकृति मिलने के बाद तिथि की घोषणा की जाएगी। स्थापना-दिवस-समारोह में हिन्दी-सेवियों को साहित्य-मार्तंड, साहित्य-शार्दूल और साहित्य-चूड़ामणि अलंकरणों से विभूषित किया जाएगा।

साहित्य समिति के संयोजक चित्तरंजन भारती, पुस्तकालयमंत्री डा नागेश्वर प्रसाद यादव, अर्थमंत्री कुमार अनुपम, संगठनमंत्री ई अशोक



सम्मेलन के दीर्घायुष्य और अविराम हिन्दी सेवा हेतु की प्रार्थना, जलाए 108 दीपक, समारोह अगले माह ।

कुमार, कवि सुनील कुमार दूबे, डा अनिता देवी, चंदा मिश्र, इन्दु भूषण सहाय, डा पंकज प्रियम, भास्कर त्रिपाठी, राजीव कुमार आदि सम्मेलन के अधिकारी और साहित्यकार पूजा में सम्मिलित हुए।

समरणीय है कि 50 वर्षों से अधिक से सम्मेलन परिसर में शारदीय नवरात्र में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। बांगला शिल्प में निर्मित यह प्रतिमा अपनी सादगी और कलात्मकता की दृष्टि से नगर में विशिष्ट स्थान रखती है।

मिआ बाए तनिष्क का नया लाइटस्केप्स कलेक्शन - त्योहारों की चमक और खूबसूरती को आभूषणों में उतारा

सोने, नेचुरल डायमंड्स और रंगीन स्टोन्स के 230 से ज्यादा अनूठे डिजाइन्स, आपके अपने रोजमर्रा के फैशन और गिफ्टिंग के लिए बहुत ही खास

पटना (दैनिक नवसंदेश) । भारत के अग्रणी समकालीन फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, मिआ बाए तनिष्क ने त्योहारों के खुशनुमा माहौल की चमक को बढ़ाते हुए पेश किया है अपना नया कलेक्शन लाइटस्केप्स। यह कलेक्शन त्योहारों के दौरान घरों और उत्सवों को रोशन करने वाली खूबसूरत लाइट्स के जादू से प्रेरित है। प्लेन सोने, नेचुरल डायमंड्स और रंगबिरंगे स्टोन्स में 230 से अधिक आकर्षक डिजाइन्स का यह कलेक्शन, अनूठी कारीगरी, आधुनिक स्टाइलिंग और रोशनी की शानदार चमक का एक बेहतरीन संगम है।



दुनिया भर में उत्सव के प्रतीक रोशनी से प्रेरणा लेते हुए, लाइटस्केप्स कलेक्शन दर्शाता है कि रोशनी शादियों, त्योहारों और हर खास मौके पर लोगों को एक साथ लाती है। खुशी, उम्मीद और अपनेपन के एक सदाबहार प्रतीक के रूप में, रोशनी आपसी जुड़ाव के खूबसूरत पल बनाती हैंजिन्हें लाइटस्केप्स ने आभूषणों की शानदार चमक में बदल दिया है। झरनों की तरह गिरती रोशनी, पानी में चमकते प्रतिबिंब, दीयों की टिमटिमाती लौ और रोशनी के ऐसे ही कई खूबसूरत रूपों से प्रेरणा लेकर इस कलेक्शन को तैयार किया गया है, जिसे आधुनिक ज्वेलरी डिजाइन्स का रूप दिया गया है। अपनी ढेरों स्टाइल्स के साथ, यह कलेक्शन उन सभी के लिए एक शानदार विकल्प है जो इस त्योहारी सीजन में अपने लुक को खास बनाना चाहते हैं या अपने अपनों को कुछ सबसे स्पेशल गिफ्ट करना चाहते हैं।

यह कलेक्शन गिफ्ट देने के लिए एक बेहतरीन विकल्प है, इसमें शामिल फाइन ज्वेलरी की एक बड़ी रेंज मुख्य रूप से 50,000 से कम की कीमत में उपलब्ध है। खुद के लिए खरीदने या किसी खास मौके पर अपनों को गिफ्ट देने के लिए यह बजट इन आभूषणों को एक प्यारा और समझदारी भरा विकल्प बनाता है।

पीएनजी ज्वेलर्स की ओर से सप्तम कलेक्शन के साथ दिवाली उत्सव की शुरुआत की, सभी स्टोर्स पर मिलेंगे खास फेस्टिव ऑफर्स

पटना (दैनिक नवसंदेश) । भारत के प्रतिष्ठित और भरोसेमंद आभूषण ब्रांडों में से एक पीएनजी ज्वेलर्स ने दिवाली के अवसर पर अपने विशेष अभियान की घोषणा की है। इस अभियान का मुख्य आकर्षण 'सप्तम कलेक्शन' है । इसके साथ ही ग्राहकों को सोने के आभूषणों की मेकिंग चार्जेस पर 50 प्रतिशत' तक और हीरे के आभूषणों की मेकिंग चार्जेस पर 100प्रतिशत तक की छूट मिलेगी़ । पुराने सोने के बदले नए आभूषण खरीदने पर 0 प्रतिशत कटौती' का लाभ भी मिलेगा़। इस अभियान के तहत पीएनजी ज्वेलर्स का 'प्योर प्राइस' लाभ भी उपलब्ध है । इसके अंतर्गत ग्राहक आभूषणों की बुकिंग करते समय बुकिंग की तारीख या बिलिंग की तारीख पर लागू सोने की दरों में से जो दर कम होगी, उस दर का लाभ ले सकेंगे़ । इससे ग्राहकों को सोने की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव से अधिक सुरक्षा के लिए मदद मिलेगी़ । ये ऑफर्स पीएनजी ज्वेलर्स के सभी स्टोर्स पर 15 नवंबर 2026' तक उपलब्ध रहेंगे़। 'सप्तम कलेक्शन' इस अभियान का प्रमुख आकर्षण है । यह कलेक्शन दिवाली के उत्सवी माहौल से



जुड़ी सात भावनाओं से प्रेरित है। इसमें पारंपरिक एंटीक गोल्ड और हीरे के आभूषणों की आकर्षक रेंज शामिल है । नेकलेस, इयररिंग्स, अंगूठियों और ब्रेसलेट्स के विविध डिजाइनों को उत्सव की पारंपरिक खूबसूरती और आधुनिक पहनावे की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है । पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष व व्यवस्थापकीय संचालक डा. सौरभ गाडगील ने कहा, दिवाली भारत में सोने की खरीदारी के सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है। इसका सांस्कृतिक महत्व होने के साथ-साथ इसे निवेश के नजरिए से भी देखा जाता है। हाल में सोने की कीमतों में आए सुधार के बाद ग्राहकों में खरीदारी को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है, विशेषकर त्योहारों और आगामी विवाह समारोहों के लिए सप्तम कलेक्शन के माध्यम से हम दिवाली से जुड़ी भावनाओं को खूबसूरत आभूषण डिजाइनों में प्रस्तुत कर रहे हैं ।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

रावण दहन : सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश

रावण का अंत अहंकार और अधर्म के विनाश का प्रतीक : राधामोहन सिंह

मोतिहारी (एनएसबी)। शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पहले ज्ञानबाबू चौक से भगवान श्रीराम और रावण की सेना की झांकी के साथ जुलूस निकाला गया, जो नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए गांधी मैदान पहुंचा। यहां विधिवत रावण दहन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि गांधी मैदान सनातनी विरासत और सांस्तिक चेतना का प्रतीक है। मोतिहारी की इसी ऐतिहासिक धरती से महात्मा गांधी ने सत्याग्रह के माध्यम से दमनकारी सत्ता को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की विजय का पर्व हमें सत्य, न्याय और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। सांसद ने कहा कि अत्यंत ज्ञानी और शक्तिशाली होने के बावजूद रावण अहंकार और मर्यादा के उल्लंघन के कारण विनाश को प्राप्त हुआ। वहीं श्रीराम ने समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर अधर्म पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आज नशाखोरी, भ्रष्टाचार, महिलाओं के प्रति असम्मान, जाति-मजहब के नाम पर विभाजन और अपराध को संरक्षण देना समाज के लिए गंभीर चुनौती है।उन्होंने कहा कि रावण दहन की सार्थकता तभी है, जब हम अपने भीतर के अहंकार, द्वेष और संकीर्णता का अंत करने का संकल्प लें। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार, उपमहापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, डीएम सौरभ सुमन यादव, एसपी स्वर्ण प्रभात सहित प्रशासनिक अधिकारी, पार्षद और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



धू-धू कर जलता रावण का पुतला व उपस्थित लोग।

मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर भक्तों में दिखा उत्साह, जयकारों से गूंजा वातावरण

संग्रामपुर(एनएसबी) प्रखण्ड क्षेत्र में मां दुर्गा की आराधना और पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा विसर्जन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के समक्ष युवाओं और श्रद्धालुओं ने एक साथ तस्वीर खिंचवाकर इस पावन अवसर को याार बनाया। पूरे आयोजन में मां के प्रति श्रद्धा, आस्था और समर्पण की झलक देखने को मिली। इसी कड़ी में पंचमुखी हनुमान मंदिर पूर्व टोला उत्तरी बरीयरिया, शिव मंदिर पोखरा, संग्रामपुर मठिया, नौका टोला संग्रामपुर, मंगलपुर, भवानीपुर सहित पंडालों की मूर्तियां गंडक नदी और तालाबों में विसर्जित कर दी गई। विसर्जन के दौरान सुरक्षा को लेकर संग्रामपुर पुलिस काफी तत्पर रही। संग्रामपुर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने सभी पंडालों में पदाधिकारी नियुक्त किया था। विसर्जन के दौरान मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठास रंगों और उत्साह से सराबोर युवाओं के चेहरों पर मां दुर्गा के प्रति गहरी आस्था दिखाई दी। मां के जयकारों और भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सुख, शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर भक्तों ने नम आंखों और भारी मन से मां को विदाई देते हुए अगले वर्ष फिर से आने की प्रार्थना की।



प्रतिमा विसर्जन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह।

चंपारण प्रीमियर लीग का नवंबर में होगा आगाज दोनों चंपारण की छह टीमें लेंगी हिस्सा, अंडर-16 व अंडर-19 खिलाड़ियों को भी मिलेगा मौका

मोतिहारी(एनएसबी)। ईस्ट चंपारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (इसीडीसीए) के तत्वावधान में पहली बार चंपारण प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन 20 से 30 नवंबर के बीच पटना के मसौढ़ी स्थित पंकज स्पोर्ट्स एकेडमी ग्राउंड में होगा।

स्थानीय चांदमारी स्थित डोसा-प्लाजा परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में बीसीए गवर्निंग काउंसिल के सदस्य सह पूर्व इसीडीसीए सचिव एवं आयोजन समिति के संयोजक ज्ञानेश्वर गौतम ने बताया कि टूर्नामेंट में पूर्वी और पश्चिमी चंपारण की छह टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ अंडर-16 और अंडर-19 आयु वर्ग के दो-दो खिलाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक टीम में बीसीए के राष्ट्रीय स्तर के दो खिलाड़ियों को गेस्ट प्लेयर के रूप में शामिल किया जाएगा, ताकि युवा खिलाड़ियों को उनके अनुभव का लाभ मिल सकेस उन्होंने बताया कि लीग चरण में प्रत्येक टीम पांच-पांच मैच खेलेगी। ग्रुप चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल में आमने-सामने होंगी। खिलाड़ियों का ट्रायल नवंबर के प्रथम सप्ताह में मोतिहारी में लिया जाएगा और इसके बाद टीमों की घोषणा की जाएगीस श्री गौतम ने बताया कि मोतिहारी में टर्फ विकेट उपलब्ध नहीं होने के कारण लीग के सभी मुकाबले मसौढ़ी में खेले जाएंगे। पटना में खिलाड़ियों और टीम स्टाफ के आवास, भोजन एवं आवागमन की व्यवस्था आयोजन समिति करेगी। ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी जीके स्पोर्ट्स प्रतिष्ठान से संपर्क कर पंजीयन फर्म प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर आयोजन समिति के सदस्य राशिद जमाल खान, प्रकाश कुमार कन्हैया, प्रीतेश रंजन, गुलाब खान, ड़ नवनीत कुमार, एजाज अंसारी, अभिषेक कुमार छोटू सहित अन्य मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

आपसी विवाद में पत्नी की हत्या , पति फरार

पिपरा(एनएसबी)। पिपरा थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव के समीप आपसी विवाद में एक महिला की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान भेरखिया गांव निवासी जीतू पासवान के पुत्र रोहित कुमार की 25 वर्षीय पत्नी पिंकी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद उसका पति फरार बताया जा रहा है।थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया कि पति-पत्नी सीताकुंड धाम में लगे मेले से लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान रोहित कुमार पासवान ने चाकू से हमला कर पिंकी कुमारी की हत्या कर दी और शव को छिपाने की नीयत से गन्ने के खेत में फेंक दियास घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। पुलिस फरार पति की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष के अनुसार, घटना के संबंध में अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मेहसी में 24 को सजेगी रूहानी महफिल

मेहसी(एनएसबी)। मेहसी स्थित दरगाह शरीफ में उर्स-ए-मुकद्दस एवं सरकार-ए-मेहसी कन्फ्रेंस के अवसर पर 24 अक्टूबर को जश्न-ए-रिदा-ए-किरअत एवं जश्न-ए-दस्तार-ए-हुफ्फाज-ए-किराम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से उलमा-ए-किराम, मशाइख एवं शोअरा शामिल होंगे।कार्यक्रम हाफिज-ओ-कारी सैयद नूरानी रजा हलीमी अशरफी की सरपरस्ती तथा अल्लामा मौलाना सैयद नूर मियां हलीमी की सदारत में होगा। सैयद शमीम अहमद कयादत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन हाफिज-ओ-कारी सैयद शादाब अहमद हलीमी एवं मौलाना सैयद एजाज अहमद हलीमी करेंगे।आयोजकों के अनुसार किछौछा शरीफ के सैयद जामी मियां अशरफी, कोलकाता के इजहार अशरफ एवं मुंबई के सुल्तान रजा विशेष रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा आजम इकबाल रामपुरी, संजर कलकत्तावी, तौकीर इलाहाबादी, जमशेद साहिल बरेलवी एवं पैकर चंपारनी समेत कई शोअरा अपने कलाम पेश करेंगे।इसी अवसर पर जामिया बीबी शाह-ए-मदीना लिलबनात की छात्राओं के लिए जश्न-ए-रिदा-ए-किरअत का आयोजन होगा।

भगवती महोत्सव भारतीय आस्था और संस्कृति की समृद्ध विरासत का प्रतीक : राधामोहन सिंह

विजयादशमी सत्य और धर्म की विजय का देती है संदेश

मोतिहारी (एनएसबी)। स्टेशन रोड स्थित मां मनसा माई स्थान परिसर में कला, संस्ति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय भगवती महोत्सव का मंगलवार को समापन हुआ। अंतिम दिन आयोजित सांस्तिक कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने शिरकत की।सांसद ने कहा कि पर्व और महोत्सव भारतीय संस्ति की समृद्ध विरासत, लोक आस्था और आध्यात्मिक चेतना के जीवंत प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्तिक परंपराओं से जोड़ने के साथ समाज में आपसी सद्भाव, एकता और समरसता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि मां भगवती की आराधना शक्ति, साहस, करुणा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व सत्य की विजय और असत्य के विनाश का संदेश देता है। भगवान श्रीराम के जीवन से मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और त्याग की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने लोगों से अपने भीतर की बुराइयों और अहंकार पर विजय प्राप्त कर बेहतर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। समापन समारोह में लखनऊकी सरगम जागरण पार्टी की टीम ने जागरण, आकर्षक झांकियों और सांस्तिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति गीतों और देवी आराधना से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा। मौके पर विधायक प्रमोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, सदर एसडीओ अरुण कुमार, सदर डीएसपी दिलीप सिंह, उपमहापौर ड़ लालबाबू प्रसाद सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

प्रशासन की मुस्तैदी से बनी रही शांति, शहर के प्रमुख मार्गों पर घंटों जाम से जूझे लोग

मोतिहारी (एनएसबी)। पूर्वी चंपारण जिले में दुर्गा पूजा के बाद बुधवार को विभिन्न पूजा समितियों की ओर से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से किया गया। प्रशासन की मुस्तैदी और पुलिस की सतर्कता के कारण जिले में कहीं भी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। विसर्जन के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक अधिकारी भी स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।इधर, मोतिहारी शहर में प्रतिमा विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। गांधी चौक, छतौनी, मेन रोड और मोतीझील सहित प्रमुख मार्गो पर लोगों को घंटों जाम का सामना करना पड़ा। प्रतिमाओं के जुलूस और श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इससे राहगीरों, दोपहिया चालकों और अन्य वाहन सवारों को काफी परेशानी हुई। कई लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लगा।हालांकि, पुलिस और प्रशासन की सक्रियता से विसर्जन का कार्य शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के साथ भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। पर्व के समापन पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी और अगले वर्ष फिर आने की कामना की।

विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन की तैयारी पूरी, 27 केंद्रों पर होगा मतदान

मोतिहारी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर पूर्वी चंपारण जिले में मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इसके लिए जिले के सभी 27 प्रखंडध्अंचल कार्यालयों में एक-एक मतदान केंद्र बनाया गया है। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में चुनाव से जुड़े विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।जिले में कुल 1743 मतदाता हैं। इनमें 1534 पुरुष और 209 महिला मतदाता शामिल हैं। सभी मतदान केंद्रों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पीठासीन पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सामग्री कोषांग की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केंद्रों पर भेजी जाने वाली चुनाव सामग्री का चेकलिस्ट के अनुसार मिलान सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने का निर्देश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने महावीर मध्य विद्यालय, लुअठहां स्थित सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। यहां 22 अक्टूबर को प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को पुनः प्रशिक्षण दिया जाएगा। 27 सेक्टर, 13 जोनल और सात सुपर जोनल दंडाधिकारी तैनात स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराने के लिए जिले में 27 सेक्टर बनाए गए हैं। इनके ऊपर 13 जोनल दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रत्येक जोन में दो से तीन सेक्टर रखे गए हैं। वहीं जिले के वरीय पदाधिकारियों को सुपर जोनल दंडाधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। कुल सात सुपर जोनल दंडाधिकारी बनाए गए हैं, जिन्हें तीन से चार प्रखंडों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी और प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर-जिला एवं अंतःजिला चेक पोस्ट भी स्थापित किए गए हैं। जिले में नौ अंतर-जिला चेक पोस्ट तथा 36 अंतःजिला चेक पोस्ट बनाए गए हैं। अंतर-जिला चेक पोस्ट मेहसी, कल्याणपुर, केसरिया, सुगौली, ढाका और पहाड़पुर प्रखंडों में स्थापित किए गए हैं।मतदान के दो दिन पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति के बाद अंतिम खैरियत प्रतिवेदन प्राप्त होने तक समाहरणालय स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष में जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। इसका दूरभाष नंबर 06252-242418 है।



निरीक्षण करते डीएम व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

मथुरापुर की तन्नु शतरंज खेल में लिख रही नई दास्तान

खगड़िया (एनएसबी)। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में राज्यस्तरीय अन्डर 19 बालिका शतरंज प्रतियोगिता में मथुरापुर कि तन्नु कुमारी ने चौथा स्थान प्राप्त कर नेशनल शतरंज प्रतियोगिता खेलने के लिए चयनित हुई है। ज्ञात हो कि इस बार तन्नु खगड़िया जिला और मुंगेर प्रमंडल में चौम्पियन बनी थी। लगातार पांच साल में पांच बार बिहार राज्य शतरंज चौम्पियनशिप में ालीफाई कर राष्ट्रीय शतरंज प्रतिस्पर्धा कें लिए चयनित कि गई मथुरापुर खगड़िया की तन्नु कुमारी ने इतिहास रच दिया। जबकी बिहार राज्य दक्ष शतरंज प्रतियोगिता में एक बार बिहार चौम्पियन बनकर खगड़िया को गौरवान्वित कर चुकि हैं मथुरापुर कि तन्नु कुमारी। पांचवी बार वह नेशनल शतरंज प्रतिस्पर्धा मे भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हुई। खगड़िया के इतिहास में आज तक तन्नु को छोड़कर किसी बालक या बालिका ने पांच बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेलकर नेशनल शतरंज खेल के लिए ालिफाई नही किया है। उक्त बातों कि जानकारी नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी खगड़िया के संस्थापक सचिव प्रेम कुमार यशवंत ने दी है। यशवंत ने बताया कि तन्नु एक प्रतिभा संपन्न शतरंज खिलाड़ी है। तन्नु अपने शिक्षक पिता मनोज कुमार राय से शतरंज खेल कि बारिकी से सिखी और शतरंज अकादमी खगड़िया के द्वारा निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता में लगातार खेल कर अपने शतरंज खेल के अचुक मारक क्षमता को मजबूत की। तन्नु के सफलता में उनके पिता मनोज कुमार राय का अथक परिश्रम शामिल है। तन्नु की सफलता पर अभय कुमार बिक्की, विवेक भगत, अनुज कुमार, पुराने दिग्गज शतरंज खिलाड़ी जे के जवाहर, मधुकान्त भारती, युगल किशोर, अमित कुमार, अमरनाथ गुप्ता, हर्षवर्धन राज, प्रशान्त कुमार सिंह, नये शतरंज स्टार अंतरराष्ट्रीय रेटेड केशव कुमार यशवंत, माधव कुमार यशवंत, मानव कुमार, अनुष्का कुमारी, कुमारी आयुषि प्रिया, समाजसेवी संतोष कुमार, संजित कुमार सहित शतरंज प्रेमी ने बधाई दिया है।

प्रतिमा विसर्जन को लेकर सीढ़ी घाट में किया गया बेरेकेटिंग

खगड़िया (एनएसबी)। शहर के सभी माँ दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन वार्ड नं-30 बलुआही स्थित योगीराज ड रामनाथ अघोरी बाबा स्थान घाट में किये जाने को लेकर घाट की सफाई की गयी। इस संबंध में वार्ड पार्षद सह सशक्त स्थायी समिति सदस्य रूबी कुमारी एवं पूर्व वार्ड पार्षद रणवीर कुमार ने बताया कि विसर्जन को लेकर योगीराज ड रामनाथ अघोरी बाबा स्थान घाट का साफ-सफाई विगत तीन दिनों से जेसीबी मशीन,नगर परिषद के सफाईकर्मी और अतिरिक्तमजदूर रखकर अपनी देखरेख में करवा रहे हैं। बाढ़ के कारण मुख्य सड़क से घाट तक जाने वाले रास्ता जो उबर खाबड़ और छोटे-छोटे गड्ढ़े हो गया था ,उसमें बहुत प्रयास के बाद मिट्टी की व्यवस्था कर मिट्टी डलवाये हैं एवं जहाँ राविश की आवश्यकता थी वहाँ राविश डलवाये हैं ताकि माँ दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन में कोई परेशानी नहीं हो। उन्होने कहा कि खगड़िया शहर के सभी माँ दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन अघोरी स्थान घाट पर ही होना है। पूर्व पार्शद ने कहा कि गंडक नदी के पानी घटने के कारण अघोरी स्थान घाट पर बने सीढ़ी पर भी कीचड़ एवं गी हो गया था उसको भी साफ कुदाल और झाड़ू से सीढ़ी की सफाई करवाये हैं। उन्होने कहा कि नगर परिषद के द्वारा पानी में बैरिकेटिंग कराया गया है और लाल कपड़ा लगाया है ताकि श्रद्धालु गहरे पानी में नहीं जायें। सीसीटीवी कैमरा और लाईट की व्यवस्था की गई है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी सिंधु कमल के निर्देश पर नगर परिषद के नगर प्रबंधक मुकेश रंजन, सफाई पदाधिकारी रविन्द्रराज, स्वच्छता निरीक्षक राजीव कुमार, सफाई सुपरवाइजर गोपाल कुमार ने अघोरी स्थान घाट पर उपस्थित रहकर सभी कार्य को करवा रहे हैं।

नाव पलटने से 15 वर्षीय किशोरी की मौत, ननिहाल से लौट रही थी घर

पिपरा(एनएसबी))। पिपरा थाना क्षेत्र के खैरी गांव स्थित घटूलिया घाट के समीप मंगलवार को धनौती नदी में एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ नदी पार करने के दौरान एक नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में एक 15 वर्षीय किशोरी की नदी में डूबने से मौत हो गई। वही मृतिका की पहचान खैरी गांव निवासी रूपलाल पासवान की पुत्री प्रियांशु कुमारी (15 वर्ष) के रूप में की गई है। इस घटना के बाद से मृतिका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार, प्रियांशु कुमारी हथियाही गांव स्थित अपने ननिहाल गई हुई थी। मंगलवार को वह नाव के जरिए अपने घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान घटूलिया घाट के समीप नाव अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। नाव पर प्रियांशु के अलावा चार अन्य लोग भी सवार थे, जिन्होंने तैरकर किसी तरह अपनी जान बचाई। वही ग्रामीणों की मदद से प्रियांशु को नदी से बाहर निकला गया। आनन-फानन में इलाज हेतु निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी भेज दिया। अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

रक्तदान महादान ही नहीं, जीवनदान भी है : शैलेन्द्र

आईसीएआर संस्थान में रक्तदान शिविर, 16 यूनिट रक्त संग्रह

अधिकारियों व कर्मियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग, नियमित रक्तदान के लिए किया प्रेरित

मोतिहारी (एनएसबी)। भारतीय षि अनुसंधान परिषद के महात्मा गांधी समेकित षि अनुसंधान संस्थान, पीपराकोठी के सौजन्य से बुधवार को भारतीय रेड क्रस सोसाइटी, जिला शाखा पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भारतीय रेड क्रस सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) शैलेंद्र कुमार भारती तथा संस्थान के निदेशक ड़ राघवेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर ड़ एसके पूर्वे (प्रधान वैज्ञानिक), ड़ एसके सिंह (प्रधान वैज्ञानिक) एवं ड़ विजय सिंह मीना (वरिष्ठ वैज्ञानिक) उपस्थित रहेस कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को बुके एवं शल भेंट कर सम्मानित किया गया। ड़ एसके सिंह ने स्वयं रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। शिविर में संस्थान के अधिकारियों, प्रशासनिक कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अब तक कुल 16 यूनिट रक्त संग्रह किया जा चुका है तथा रक्तदान का सिलसिला जारी था। इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार भारती ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। रक्त की आवश्यकता किसी भी मरीज को कभी भी पड़ सकती है। ऐसे में जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने की अपील की। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और बाहर के खान-पान से बचने की सलाह दी।उन्होंने संस्थान के प्रशासनिक एवं संविदा कर्मचारियों से भी नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।शिविर में रेड क्रस सोसाइटी के चिकित्सा पदाधिकारी ड़ अशोक कुमार, प्रधान सहायक रूपक वर्मा, लैब टेक्नीशियन अमोद कुमार एवं सुरेश चौधरी सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।



ब्लड डोनेट करते केवीके के अधिकारीगण व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

23 को होने वाली बिहार विप चुनाव की तैयारी पूरी

सहरसा (एनएसबी)। 23 को होने वाली बिहार विधान परिषद 006 कोशी स्नातक निर्वाचन हेतु प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। सहरसा जिला में कुल 13 बूथों पर 11498 स्नातक निर्वाचक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव में सहरसा जिलें के सभी चिन्हित मतदान केन्द्रों पर मतदाता भाग लेंगे। बिहार विधान परिषद के कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 हेतु सहरसा जिले में मतदान केंद्रों की सूची निम्नवत है। अंचल कार्यालय परिसर नवहट्टा, मतदान केंद्र भवन अंचलाधिकारी का कार्यालय, नवहट्टा, मतदान क्षेत्ररू नवहट्टा अंचल शहरी, नगर पंचायत ,नवहट्टा एवं ग्रामीण क्षेत्र नवहट्टा मतदाता की कुल संख्या 433 है। अंचल कार्यालय परिसर महिषी में 740, मतदान केंद्र भवनरू अंचलाधिकारी का कार्यालय, महिषी में मतदाता की कुल संख्या अनुमंडल कार्यालय परिसर सहरसा में मतदाता की कुल संख्या 1359 है, मतदान क्षेत्र कहरा अंचल शहरी, नगर पंचायत बनगाँव एवं ग्रामीण क्षेत्र सुलिंदाबाद, नरियार, पटुआहा, देवजाजी को छोड़कर जो शहरी क्षेत्र में समाहित हो गया है। इसके अलावे सभी प्रखंड में मतदान की तैयारी पुरी कर ली गयी है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार के असामयिक निधन पर समाहरणालय में शोक सभा आयोजित



मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित डीएम व सभी कर्मी।

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार का बुधवार को हृदयाघात के कारण असामयिक निधन हो गया। उनके निधन से जिला प्रशासन, सहरसा में शोक की लहर है। इस अवसर पर समाहरणालय सहरसा में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में जिलाधिकारी दीपेश कुमार सहित जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने दिवंगत प्रमोद कुमार की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रमोद कुमार अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति अत्यंत समर्पित, कर्मठ एवं कार्यकुशल पदाधिकारी थे। अस्वस्थ रहने के बावजूद उन्होंने राशन कार्ड निर्माण एवं किसान पंजीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को अपने नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। राशन कार्ड निर्माण कार्य में उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के फलस्वरूप जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जिला प्रशासन के प्रति उनकी कार्यनिष्ठा एवं योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। जिला प्रशासन, सहरसा दिवंगत प्रमोद कुमार के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा शस्त्र पूजन एवं विजयादशमी कार्यक्रम आयोजित



बौद्धिक भाषण में शामिल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ।

सहरसा शहर (एनएसबी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 ई में विजयदशमी के दिन नागपुर के मोहितेबाडा स्थान से हुई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा प्रतिवर्ष विजयादशमी उत्सव के अवसर पर शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन निकालकर विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष विजयादशमी के अवसर पर शंकर शाखा में उत्सव आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला संघचालक सतीश चंद्र वर्मा द्वारा बौद्धिक भाषण दिया गया। उन्होंने कहा कि विजयदशमी का पर्व हमें असत्य पर सत्य एवं अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देती है। जिस प्रकार सृष्टि में राक्षसों के आतंक से आमजन के साथ देवता भी पीड़ित थे। वहीं राक्षसों को विभिन्न देवी देवताओं का आशीर्वाद एवं वरदान प्राप्त होने के कारण वे अजेय बन गए। जिसके कारण चारों तरफ असत्य का बोलबाला था। सभी जन त्राहिमाम करने लगी। इन राक्षसों से निजात पाने के लिए सभी देवी देवताओं ने सम्मिलित प्रयास से अपने-अपने तेज पुंज के आधार पर शक्ति को प्रकट किया। जो महिषासुर मर्दिनी, शुम्भ निशुंभ हननी, रक्तबीज संहारनी के रूप में असुरों का विनाश किया। वही देवताओं को अभय वरदान की दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी ऐसे ही समाज के सज्जन शक्तियों को एक जुट कर राष्ट्र निर्माण में अहर्निश लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि संघ की शताब्दी वर्ष में स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक शाखा विस्तार कर हिंदू समाज को संगठित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस शताब्दी वर्ष में संघ द्वारा पांच परिवर्तन के माध्यम से अपने धर्म सभ्यता संस्कृति को सहेजने की का प्रयास किया जा रहा है।इसका पालन हर स्वयंसेवक को अपने आचरण व व्यवहार में लाने हेतु आवश्यक बताया। इस अवसर पर नगर संघचालक इंजीनियर रामेश्वर ठाकुर, जिला सेवा प्रमुख डॉ मुरारी कुमार, नगर कार्यवाह श्रवण कुमार, विभाग व्यवस्था प्रमुख जिला व्यवस्था प्रमुख रणधीर कुमार, टिंकू कुमार, सचिन कुमार, दिनेश कुमार, पीयूष कुमार, रंजीत दास,मुख्य शिक्षक रमाशंकर कुमार एवं शाखा कार्यवाह सुभाष अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहें।

परसबन्नी मोड़ पर दुर्गा मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भक्तिमय हुआ माहौल



मां दुर्गा के दरबार में श्रद्धालु।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के परसबन्नी मोड़ पर दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया है। मेले में मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इससे मेले में दिनभर चहल-पहल बनी हुई है। पूजा पंडाल में मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मां के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालु मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र में शांति की कामना कर रहे हैं। मेले में बच्चे, युवा और बुजुर्ग भी उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं। दुर्गा मेले को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। पूजा और मेले के कारण परसबन्नी मोड़ सहित आसपास के इलाकों में उत्सवी माहौल बना हुआ है। वहीं दुर्गा पूजा के समापन पर गुरुवार को मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

सोनवर्षाराज में मां दुर्गा के विसर्जन का रहता है अद्भुत नजारा

हजारों भक्तों ने नम आंखों से मां भगवती को दी विदाई

■ मछुआरा समाज की अनूठी परंपरा के तहत बिना किसी रुकावट के संपन्न हुआ प्रतिमा विसर्जन, समदाउन गीतों से भावुक हुआ माहौल

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। स्थानीय बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में बुधवार की देर शाम मां भगवती की प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही दस दिनों से चल रहा दशहरा पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। मां दुर्गा को विदाई देने के लिए हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय होने के साथ-साथ भावुक हो उठा।

मां की विदाई के समय श्रद्धालुओं की आंखें नम थीं और हर ओर जय माता दी के जयकारे गूंज रहे थे। विजयादशमी की सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भक्तों ने जयंती धारण कर मां भगवती के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। शाम ढलते ही विभिन्न मंदिरों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं और कलशों के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। सोनवर्षा राज स्थित दुर्गा मंदिर की प्रतिमा विसर्जन की परंपरा अपने आप में अनूठी है। यहां स्थानीय मछुआरा समाज के लोग अपने कंधों पर मां भगवती की प्रतिमा उठाकर विसर्जन के लिए ले जाते हैं। सर्वप्रथम प्रतिमा को मंदिर से बाहर निकालकर परिक्रमा कराई जाती है। इस दौरान श्रद्धालु जय माता दी के जयकारे लगाते हैं और पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। इसके बाद मछुआरा समाज के लोग मां की प्रतिमा को अपने कंधों पर उठाकर कन्हीं पोखर की ओर प्रस्थान करते हैं। कंधों पर मां की प्रतिमा लेकर आगे बढ़ते लोगों के पीछे हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं का कारवां चलता है। मां की विदाई का यह दृश्य श्रद्धा, आस्था और भावनाओं का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। विसर्जन यात्रा के दौरान महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले पारंपरिक समदाउन गीतों से माहौल भावुक हो गया। मां भगवती की विदाई के समय गीतों की करुण धुन और श्रद्धालुओं की नम आंखों ने हर किसी को भावविभोर कर दिया। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में मछुआरा समाज की महत्वपूर्ण भूमिका देखने को मिलती है। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन की ओर से चाक-चैबंद व्यवस्था की गई थी। सोनवर्षाराज के बीडीओ अमित आनंद दल-बल के साथ व्यवस्था पर नजर बनाए रहे। प्रशासनिक सतर्कता के बीच विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इसके साथ ही क्षेत्र में दस दिनों से चल रहे दशहरा पर्व का समापन हो गया।



नम आंखों से विदाई को ले जाती मां दुर्गा।

जम्हरा में भीषण अगलगी, पांच परिवारों के घर जलकर राख

चूल्हे से निकली चिंगारी से लगी आग, कपड़ा, जेवरात अनाज व नगदी समेत लाखों की संपत्ति नष्ट



अगलगी जले घर व पीड़ित।

पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)। पतरघट प्रखंड क्षेत्र के जम्हरा पंचायत के वार्ड संख्या 08 में सोमवार की रात चूल्हे से निकली चिंगारी के कारण भीषण आग लग गई। इस अगलगी में पांच परिवारों के घर जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आने से घरों में रखे कपड़े, जेवरात, फर्नीचर, अनाज, नगदी, महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवारों के सामने रहने और खाने-पीने का संकट उत्पन्न हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात चूल्हे पर दूध गर्म करने के दौरान निकली चिंगारी से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। अगलगी में सुमन कुमार, पिता डोमी कामत, बीटन कामत, पिता दयानंद कामत, करण कुमार, पिता रमेश महतो तथा शिवजी महतो, पिता बैजू महतो के घरों को भारी नुकसान पहुंचा। वहीं, पांच परिवारों के घर और घरेलू सामान आग की भेंट चढ़ गए। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने दूरभाष के माध्यम से अग्निशमन विभाग और डायल 112 को घटना की जानकारी दी। अग्निशमन टीम के पहुंचने से पहले स्थानीय ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इसके बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन टीम ने बची हुई आग को बुझाया।

दुर्गा पूजा के विभिन्न पंडालों में विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता ने किया भ्रमण

मां दुर्गा का आशीर्वाद लेकर श्रद्धालुओं से की शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित पूजा की अपील

सहरसा शहर (एनएसबी)। दशहरा एवं दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर अखिल भारतीय पान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सहरसा सदर विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों एवं पूजा स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा पूजा समितियों के पदाधिकारियों, श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्हें दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे दुर्गा पूजा एवं मेला का आनंद शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में अपने परिवार के साथ लें। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इसलिए सभी लोग आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ पर्व मनाएं तथा मेले में भीड़भाड़ के दौरान विशेष सावधानी बरतें। विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता ने अपने भ्रमण के क्रम में सर्वप्रथम कचहरी ढाला दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए। इसके बाद थाना चैक स्थित पूजा स्थल पर पहुंचकर श्रद्धालुओं एवं पूजा समिति के सदस्यों से मुलाकात की। तत्पश्चात वे पश्चिमी रेलवे परिसर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे, जहां पूर्व में फुटबॉल ग्राउंड के रूप में प्रसिद्ध मैदान में आयोजित पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद शर्मा चैक, बटराहा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचकर मां दुर्गा की आरती में भाग लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। विधायक ने जेल कॉलोनी एवं कारामंडल परिसर में आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रम का भी भ्रमण किया। यहां उन्होंने पूजा व्यवस्था में लगे प्रशासनिक कर्मियों एवं अन्य संबंधित लोगों से मुलाकात की तथा मां दुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।अपने दौरे के अंतिम चरण में विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता पिपराही, चकला एवं बरदाहा में आयोजित दुर्गा पूजा मेला के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दुर्गा पूजा के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों के प्रयासों की सराहना करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता के इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान राजद नेता गोविंद दास तांती, वीआईपी नेता रंजीत दास तांती, कांग्रेस नेता आशीष कुमार, माले नेता कॉमरेड कुंदन यादव, बैजनाथ शर्मा, शंकर शर्मा, रवि यादव तथा अखिल भारतीय पान महासंघ के कहरा प्रखंड से जुड़े कार्यकत्ता, सौरबाजार नगर पंचायत विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों, स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया एवं यूट्यूब चैनलों से जुड़े मीडिया कर्मियों ने भी कार्यक्रम को कवरेज प्रदान किया। इस पूरे भ्रमण कार्यक्रम के दौरान डॉ. धनोज कुमार, प्रवक्ता बिहार प्रदेश सह प्रभारी, सहरसा जिला, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी ने विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता के साथ कदम से कदम मिलाकर विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया। उन्होंने मीडिया बंधुओं, पूजा समितियों के पदाधिकारियों एवं स्थानीय लोगों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखा तथा कार्यक्रम से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं समन्वय में सक्रिय भूमिका निभाई। डॉ. धनोज कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने सभी पूजा समितियों, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया कर्मियों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की आराधना हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, सत्य के मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देती है।



विधायक आईपी गुप्ता व मेला कमिटी।

ग्राम पंचायत पटोरी में पंचायत सहयोग शिविर का सफल आयोजन, 25 आवेदनों का हुआ निष्पादन



शिविर में जिलाधिकरी, बीडीओ व ग्रामीण।

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिले के सत्तरकटैया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पटोरी में बुधवार को पंचायत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस जन-कल्याणकारी शिविर का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा किया गया। जन-समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित इस सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त 30 आवेदनों में 25 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया एवं शेष 05 आवेदन प्रक्रियाधीन है। शिविर के दौरान जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने बीडीओ सत्तर कटैया को सभी जन कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को आम जन तक सुलभ तरीके से पहुंचाने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन सहयोग शिविरों के प्रति आम लोगों में व्यापक जागरूकता और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि अधिक से अधिक ग्रामीण इन शिविरों की जानकारी प्राप्त कर सकें और उनकी समस्याओं का ससमय व पारदर्शी तरीके से समाधान हो सके। इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय प्रशाखा राजू कुमार, सत्तर कटैया के प्रखंड बीडीओ सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बेहट गांव से युवाओं के द्वारा निकाली गई 151 मीटर की भव्य चुनरी पद यात्रा, बैंड बाजे व जय माता की जयकारे के साथ हजारों की संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत देहद पंचायत के बेहट गांव से मंगलवार को मां भगवती की पूजा-अर्चना कर भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। गणेश दल युवा संघ के द्वारा चुनरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर 151 मीटर की भव्य चुनरी पद यात्रा निकली गई। इस दौरान भव्य चुनरी यात्रा में सैकड़ों महिलाओं एवं लड़कियों ने माता भगवती के चुनरी यात्रा में भाग लिया। इस दौरान आस्था और विश्वास का संगम देखने को मिला।

उक्त चुनरी पद यात्रा बेहट गांव से निकलकर सैकड़ों महिलाएं मां की चुनरी लिए ढोल बाजे के साथ माता की जयकारे लगाते हुए मुख्य सड़क से होते हुए पैदल पांव घंटों सफर कर सोनवर्षा राज पहुंचे और मां भगवती दुर्गा को चढ़ाया गया। मालूम हो कि शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर विगत छह सालों से गणेश दल युवा संघ के द्वारा भव्य चुनरी पद यात्रा निकाली जाती है। मौके पर गणेश दल युवा संघ के शंकर मुखिया, गोपाल कामत, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी समिति प्रतिनिधि सीपी पासवान,अमृत कुमार, चंदन कुमार,संजीत कुमार, बिट्टू कुमार, संजीव कुमार, नीरज कुमार सहित अन्य युवक कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे थे।



माता की जयकारें में शामिल महिला श्रद्धालु।

विजय दशमी की संध्या पर उग्रतारा मंदिर में पुरुषों के प्रवेश पर प्रतिबंध

सहरसा शहर (एनएसबी)। अति प्राचीन श्री उग्रतारा स्थान, महिषी में एक अनूठी परंपरा सदियों से चलती आ रही है। जिसके अंतर्गत जहां दशहरा के अंतिम दिन विजयादशमी की संध्या पर पुरुष श्रद्धालूओं के लिये मंदिर प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहता हैं। गांव और मंदिर में परंपरागत रूप से चली आ रही प्रथा के अनुरूप दशमी की संध्या में श्री उग्रतारा के गर्भगृह सहित मंदिर परिसर में केवल और केवल महिलाओं के प्रवेश और दर्शन मान्य है।

नवरात्रा में उग्रतारा मंदिर में कलश स्थापना से लेकर विजयदशमी की संध्या तक पूजार्चना केवल पुरुष श्रद्धालु ही करते हैं। महिषी और आसपास की ग्रामीण महिलाएं के लिए मंदिर प्रवेश निषिद्ध रहता है। महिषी सदियों से तंत्र साधना और तांत्रिकों के जमावड़ा का केंद्र रहा है। नवरात्रा में साधना करने आसापास सहित दूर दराज के साधक आते थे जिनका प्रवास श्री उग्रतारा स्थान के चहुँ ओर ही रहा करता था। उन साधकों को तंत्र साधना में किसी प्रकार का व्यवधान न हो इसकारण नवरात्रा में नौ दिनों तक महिलाओं का प्रवेश वर्जित रहा करता था। और यह परम्परा अबतक चलती आ रही है। श्री उग्रतारा मंदिर के इतिहास को टटोलने से ज्ञात होता है कि 16वीं शताब्दी में रानी पद्मावती के द्वारा वर्तमान विद्यमान मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया गया था। रानी पद्मावती उस समय की दरभंगा राज परिवार की सुविख्यात नाम थीं जिन्हें धार्मिक कार्यों में विशेष रुचि रहती थी। प्राप्त श्रोतों और आख्यानों से मिली जानकारी के अनुसार रानी पद्मावती के विशेष प्रयास से दशमी के संध्या में देवी उग्रतारा के मंदिर में महिलाओं का प्रवेश प्रारंभ करवाया गया। महिषी की परंपरागत साधक परिवार से आने वाली वयोवृद्ध 90 वर्षीया गोदावरी देवी ने श्री उग्रतारा स्थान में दशमी के संध्या बेला में महिलाओं के दर्शन को एक खास व्यवस्था से जोड़ के देखती हैं। उन्होंने ने बताया कि आजादी से पहले विवाह के बाद महिषी आने के उनके सास ने उन्हें पहली बार इसी विशेष दिन देवी उग्रतारा का दर्शन करवाया था। इसी प्रकार के शब्दों में अपने को साझा करतीं हुई महिषी वासी 82 वर्षीया उषा चैधरी और वर्तमान में नई दिल्ली प्रवास करने वाली, ने भी इस बात को दुहराया। समाजशास्त्र के प्रोफेसर, महिषी सहित आसपास सामाजिक तानाबाना पर गंभीर रिसर्च करने वाले डॉ अक्षय कुमार चैधरी ने इस परंपरा को एक सकारात्मक नजर से देखने की बात कही। महिलाओं के डिस्क्रिमिनेशन का कोई प्रश्न ही नहीं है। उन्होंने कहा कि महिषी के मूलवासी की कुलदेवी ज्वालामुखी है जिसे केवल पुरुष ही पूजा कर सकते हैं। उस काल और परिस्थिति को देखने और समझने के



श्री उग्रतारा माता।



विजयादशमी पर मंदिर।

संक्षिप्त खबरें

महीनाथ नगर स्थित वैष्णवी दुर्गा स्थान में मेला का आयोजन

बेलदौर। प्रखंड के महीनाथ नगर स्थित वैष्णवी दुर्गा स्थान में भव्य मेला लगाया गया है। इस दौरान सांस्तिक कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुखिया दिनेश यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुखिया दिनेश यादव ने बताया कि गांव निवासी भागवत सिंह के पूर्वजों ने पूजा शुरू की थी। पहले टाट-फूस की झोपड़ी में पूजा होती थी, बाद में ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर बना। यह जगह तभी से आस्था का बड़ा केंद्र है। मेले में मीना बाजार और कई तरह के झूले लगाए गए हैं, जो महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है । मंगलवार को मंदिर परिसर से दूर तय जगह पर करीब 101 बकरों की बलि दी गई। महिलाओं और बच्चों के लिए खास व्यवस्था भी की गई थी। सुरक्षा के लिए गांव के करीब पांच दर्जन युवाओं को स्वयंसेवक बनाया गया । प्रखंड षि पदाधिकारी ड़ प्रभात रंजन को मजिस्ट्रेट और एसआई उमेश प्रसाद यादव को पुलिस अधिकारी के तौर पर तैनात किया गया है। पुलिस केंद्र से अतिरिक्तबल भी लगाया गया है। आपदा मित्र श्रवण कुमार और संजीत कुमार भी तैनात हैं । सांस्तिक कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान सरपंच बिनोद पासवान, पंचायत समिति सदस्य रामानंद सिंह,मेला कमेटी के सदस्य रामशरण शाह और आशीष कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

बेलदौर पुलिस ने अवैध षराब भट्ठी को किया ध्वस्त

बेलदौर। बेलदौर पुलिस ने एक अवैध देसी शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, पीरनगरा पंचायत के वार्ड नंबर 5 स्थित बहियार में अवैध रूप से देसी शराब की भट्ठी संचालित किए जाने की पुख्ता सूचना पुलिस को मिली थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बेलदौर थाने में कार्यरत एसआई पंकज कुमार और एसआई कुंदन पंडित के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया। गठित टीम ने निर्धारित स्थल पर छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। पुलिस के आने की भनक लगते ही भट्ठी संचालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। हालांकि, पुलिस ने दोनों फरार संचालकों की पहचान कर उनके खिलाफ बेलदौर थाना कांड संख्या 361ध्26 दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जिम्मेदारी एसआई राहुल कुमार को सौंप दी है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 5 लीटर तैयार देसी शराब और भारी मात्रा में अर्धनिर्मित शराब बरामद की, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा शराब बनाने में प्रयुक्त किए जाने वाले उपकरण में एक बड़ा एल्यूमीनियम का तसला, ड्रम, गैस सिलेंडर और चूल्हा भी जब्त किया गया। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से अवैध शराब धंधेबाजों में खौफ का माहौल है।

हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में दुर्गा पूजा संपन्न

बेलदौर। प्रखंड क्षेत्र में दुर्गापूजा हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र में कलश विसर्जन और मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन पूरी धूमधाम एवं विधि-विधान के साथ किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के कुल आठ स्थानों पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं, जहाँ पूरे नौ दिनों तक विधिवत पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किया गया। महासप्तमी से लेकर विजयादशमी तक पूरे इलाके का वातावरण भक्तिमय बना रहा। बुधवार की सुबह के आठ बजे मां दुर्गा मंदिर परिसर से गाजे-बाजे और पारंपरिक धुनों के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। ढ़ोल-नगाड़ों की गूंज और 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर होकर कलश यात्रा में शामिल हुए।कलश विसर्जन के उपरांत, स्थापित प्रतिमाओं को भी नम आंखों और पूरे उत्साह के साथ पारंपरिक तौर-तरीकों से विसर्जन स्थल के लिए ले जाया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके और शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न हो सके।

शेष खबरें पेज नं. 9 पर

श्रद्धा और भक्ति के साथ शारदीय नवरात्र संपन्न खोइछा देकर नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई

खगड़िया (एनएसबी)। जिले में शारदीय नवरात्र श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हो गया। विजयादशमी के अवसर पर बुधवार को विभिन्न दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, पूर्णाहुति और खोइछा अर्पण के बाद भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। इस दौरान मंदिरों के साथ-साथ मेला परिसर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं, कई गांवों में गाजे-बाजे के साथ कलश एवं प्रतिमा विसर्जन किया गया। 11 दिनों तक प्रखंड क्षेत्र का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने आदिशक्ति मां दुर्गा की आराधना कर परिवार और समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। विजयादशमी के दिन विभिन्न दुर्गा मंदिरों में विधि-विधान के साथ पूजा की पूर्णाहुति हुई। इसके बाद महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने मां को खोइछा अर्पित कर विदाई दी। वही अति प्राचीन सिद्धपीठ मां चतुर्भुजी दुर्गा मंदिर बिशौनी में विजयादशमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर की पुरानी परंपरा के अनुसार मां दुर्गा के हाथों से भक्तों को आशीर्वाद स्वरूप पुष्प प्राप्त हुआ, जिसे स्थानीय स्तर पर श्फुलाईसश् कहा जाता है। इस परंपरा को देखने और मां का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालु पहुंचे। शंख, घंटा और जय माता दी के जयघोष के बीच पुष्प वर्षा के बीच मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का पोखर में विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी। यह श्य देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। विसर्जन के बाद लोगों ने एक-



दूसरे से गले मिलकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। साथ ही बड़े-बुजुर्गो का आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया। वैष्णवी दुर्गा मंदिर खजरैठा, दुर्गा मंदिर भरतखंड ड्योढ़ी, स्वर्ण देवी दुर्गा मंदिर नयागांव सतखुट्टी और सार्वजनिक दुर्गा मंदिर नयागांव शिरोमणि टोला में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन गंगा घाट पर किया गया। शहनाई, ढोल-नगाड़े और घंटों की गूंज के बीच मां दुर्गा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। विसर्जन जुलूस में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। जुलूस में बड़ी संख्या में घोड़े भी शामिल रहे। इस दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से पारंपरिक विदाई गीत गाकर मां दुर्गा को विदाई दी। स्वर्ण देवी दुर्गा मंदिर नयागांव सतखुट्टी और शिरोमणि टोला स्थित मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का विहंगम श्य देखने को मिला। इन मंदिरों में उमड़े जनसैलाब का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुआ। वहीं, वैष्णवी सार्वजनिक दुर्गा मंदिर मड़ैया में स्थापित प्रतिमा का विसर्जन भी धूमधाम से किया गया। विसर्जन के दौरान मड़ैया बाजार में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मां की प्रतिमा को बाजार के दक्षिणी छोर पर स्थित उमानाथ मंदिर के समीप कुढ़ा धार नदी में विसर्जित किया गया। जुलूस में शामिल युवाओं ने पारंपरिक शस्त्र कला का प्रदर्शन किया। लाठी, भाला और तलवार के करतबों के बीच जय दुर्गे के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इसके अलावा भरतखंड ड्योढ़ी में भी प्रतिमा विसर्जन का कार्य संपन्न हुआ। वही सियादतपुर अगुआनी पंचायत के डुमरिया बुजुर्ग गांव में पुरानी परंपरा के अनुसार विजयादशमी के दिन सामूहिक कलश विसर्जन किया गया। गाजे-बाजे के साथ निकले कलश विसर्जन जुलूस में हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कलश को पूरे गांव में भ्रमण कराने के बाद अगुआनी गंगा घाट पर विसर्जित किया गया। कलश को रंग-बिरंगे फूलों की पंखुड़ियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। उसके ऊपर लगी रंग-बिरंगी छतरियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कलश की आकर्षक तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर खूब प्रसारित हुईं। इसी तरह महद्दीपुर दुर्गा मंदिर में कलश विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। शारदीय नवरात्र के दौरान विभिन्न दुर्गा मंदिरों और घरों में स्थापित कलशों का भी गंगा नदी में विसर्जन किया गया। करना गांव में भी श्रद्धालुओं ने पारंपरिक तरीके से कलश विसर्जन किया। कबेला पंचायत के डुमरिया खुर्द गांव में शारदीय नवरात्र के अवसर पर खुले आसमान के नीचे रामलीला का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने सदियों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए रामलीला का मंचन किया। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा की सराहना की। वहीं, विजयादशमी के अवसर पर गांव में कुश्ती प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। ग्रामीण परंपरा के अनुसार डुमरिया खुर्द में एकादशी के दिन गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। दशहरा पर्व के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसरों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस दौरान परबत्ता के प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार पंडित, अंचल अधिकारी हरिनाथ राम, परबत्ता थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, मड़ैया थानाध्यक्ष मनीष कुमार और भरतखंड थानाध्यक्ष सावित्री कुमारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखे।

नम आंखों से दी गई मां दुर्गा को विदाई वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ कलश विसर्जन

चौथम (एनएसबी)। दुर्गा पूजा के समापन के अवसर पर बुधवार को चौथम प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। ग्यारहवें दिन सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। पूजा-अर्चना के उपरांत भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आगमन की कामना की। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा तथा मंदिरों में मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। चौथम राज दुर्गा मंदिर सहित प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी दुर्गा मंदिरों में बुधवार तड़के से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए। यजमानों एवं पंडितों ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजा संपन्न कराई। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। पूजा के दौरान परंपरागत धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन किया गया। इसके बाद विभिन्न मंदिरों में कलश विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गई। चौथम राज दुर्गा मंदिर में कलश विसर्जन के दौरान विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। वैदिक पंडित ओमप्रकाश



मिश्र तथा यजमान चौथम राज के युवराज शंभु ने मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक प्रक्रियाएं संपन्न कराई गईं। इसके उपरांत आवाहन कर स्थापित किए गए देवी-देवताओं में से मां सरस्वती एवं मां लक्ष्मी को छोड़कर अन्य देवी-देवताओं का वैदिक रीति के अनुसार प्रस्थान एवं विसर्जन कराया गया। चौथम राज ठाकुरबाड़ी एवं दुर्गा मंदिर से जुड़े मितेंद्र नाथ मिश्र के अलावा राज परिवार के सभी सदस्य और चौथम के समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने धार्मिक परंपराओं के अनुरूप अनुष्ठान में भाग लिया। इसके बाद श्रद्धा और भक्ति के साथ कलश उठाकर बागमती नदी की मृत धारा में प्रवाहित किए गए। कलश विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के जयकारे लगाए।

बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर में ममता चौधरी ने टेका माथा, राज्य की सुख-समृद्धि के लिए की प्रार्थना

पसराहा (एनएसबी)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पत्नी ममता चौधरी बुधवार को पसराहा थाना क्षेत्र के बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर पहुंचीं। यहां उन्होंने माता के गर्भगृह में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बिहार सहित परबत्ता और तारापुर विधानसभा क्षेत्रों की सुख-समृद्धि एवं उन्नति के लिए प्रार्थना की। ममता चौधरी के मंदिर पहुंचने पर महद्दीपुर मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों ने माला और गुलदस्ता भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस



ममता चौधरी बुधवार को पसराहा थाना क्षेत्र के बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर पहुंचीं।

दौरान स्थानीय विधायक बाबूलाल शौर्य सहित भाजपा और जदयू के कई गणमान्य नेताओं से उनकी मुलाकात हुई। ममता चौधरी ने कहा कि यहां आकर उन्हें अच्छा लग रहा है। स्थानीय निवासी रोहिन सिंह ने पुरानी परंपरा का जिक्र करते हुए बताया कि पहले कलश विसर्जन के अवसर पर सम्राट चौधरी यहां आया करते थे। ममता चौधरी के आगमन से यह परंपरा भी बरकरार रही। वहीं, रामचंद्र सिंह और विजय कुमार ने स्वागत करते हुए क्षेत्र की उन्नति के लिए कार्य करने की उम्मीद जताई।बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर में माथा टेकने के बाद ममता चौधरी महद्दीपुर स्थित भगवती मंदिर पहुंचीं। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कलश विसर्जन की प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान हजारों की भीड़ के बीच वह ऐतिहासिक उखड़ा पोखर के घाट पर पहुंचीं और कलश विसर्जन का नजारा देखा। मां दुर्गा की विदाई के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और भक्तिमय माहौल ने पूरे क्षेत्र को उत्सव के रंग में रंग दिया।कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह, शिवनंदन सिंह, छविनाथ सिंह, हीरा कुमार, मयंक कुमार, विलास सिंह, गोपाल सिंह, आद्यानंद मेहता, रवि रंजन और अरविंद शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद ममता चौधरी नेताओं के साथ परबत्ता के लिए रवाना हो गईं।ममता चौधरी के आगमन को लेकर पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं, सुरक्षा कर्मियों की बड़ी टीम उनके साथ मौजूद रही।ममता चौधरी के आगमन और कलश विसर्जन कार्यक्रम को लेकर पूरे इलाके में उत्साह का माहौल बना रहा।

रावण दहन के दौरान उमड़ा जनसैलाब

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा के अवसर पर बुधवार को विभिन्न दुर्गा मंदिरों एवं मेला परिसरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही पूजा स्थलों पर लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिन चढ़ने के साथ लगातार बढ़ता गया। मेले में महिलाओं, बच्चों और पुरुषों की बड़ी संख्या में मौजूद से पूरे क्षेत्र में उत्सवी माहौल देखने को मिला। खासकर रावण दहन के अवसर पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का सीधा असर दुकानदारों के कारोबार पर भी देखने को मिला। मिठाई की दुकानों के साथ-साथ आर्टिफिशियल सामान, घरेलू उपयोग की वस्तुओं और अन्य छोटे-बड़े सामानों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। खासकर महिलाएं खरीदारी को लेकर काफी उत्साहित नजर आईं। लोगों ने अपनी पसंद के सामान खरीदे और बच्चों के साथ मेले का आनंद उठाया।मेला परिसर में जगह-जगह दुकानों पर लोगों की आवाजाही बनी रही। खरीदारी के साथ-साथ लोगों ने मेले में घूमकर उत्सव का आनंद लिया। इस दौरान



लोगों की भीड़।

पूरे क्षेत्र में दुर्गा पूजा और विजयादशमी का उल्लास साफ तौर पर दिखाई दिया। पूजा स्थलों एवं मेला परिसरों में श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। मेले में किसी प्रकार की अप्रिय घटना या हादसे की आशंका को देखते हुए मेला परिसर की ओर जाने वाली सड़कों पर बैरियर लगाकर बाइक एवं अन्य वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया। इसका उद्देश्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाहनों की आवाजाही रोकना और श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से मेला घूमने की सुविधा देना था। प्रशासनिक स्तर पर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। विभिन्न मेला परिसरों में अतिरिक्तपुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिसकर्मी लगातार भीड़ पर नजर बनाए हुए थे और लोगों की आवाजाही को व्यवस्थित करने में जुटे रहे। मेला परिसर में लोगों को शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील भी की जाती रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए चौथम अंचलाधिकारी रवि राज, चौथम प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी प्रमथ मयंक, प्रखंड षि पदाधिकारी सहित चौथम थानाध्यक्ष अजीत कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों और मेला परिसरों का लगातार निरीक्षण किया। बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में रावण दहन के समय श्रद्धालुओं की भीड़ और अधिक बढ़ गई। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पूजा स्थलों एवं आसपास के मैदानों में एकत्रित हो गए। इसके कारण कई पूजा स्थलों के आसपास की सड़कें पूरी तरह भीड़ से भर गईं। लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की स्थिति के बीच लोग धीरे-धीरे रास्ता निकालकर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहे। भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए विभिन्न मंदिरों एवं मेला परिसरों में माइक के माध्यम से लगातार उद्घोषणा की जाती रही। लोगों से शांति बनाए रखने, धैर्यपूर्वक आवागमन करने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। पुलिसकर्मी भीड़ के बीच लगातार सक्रिय रहे, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

संक्षिप्त खबरें

माँ दुर्गा हमें शक्ति, साहस और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देती हैं : मनोहर यादव

खगड़िया (एनएसबी)। दुर्गा पूजा के अवसर पर जय माँ दुर्गा नाट्य कला परिषद मड़ैया के द्वारा फेंक दो कलम उठा लो बंदूक नाटक मंचन किया गया। नाटक का उदघाटन पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव के द्वारा फीता काटकर किया। इस अवसर पर मनोहर कुमार यादव ने उपस्थित श्रद्धालुओं को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुये कहा कि माँ दुर्गा की पूजा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई, अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश भी देती है। माँ दुर्गा हमें शक्ति, साहस और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देती हैं। आज आवश्यकता है कि हम माँ दुर्गा के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें, महिलाओं का सम्मान करें, समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखें और जाति-धर्म से ऊपर उठकर एक-दूसरे के सुख-दुःख में सहभागी बनें। उन्होने कहा कि इस पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि अपने समाज में प्रेम, सद्भाव, शिक्षा और समानता को बढ़ावा देने तथा एक मजबूत और समृद्ध समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभायें। उन्होने नाट्य कला परिषद मड़ैया के कमिटी के सदस्यों का आभार प्रकट करता हूँ कि मुझे इस नाटक के मंचन कार्यक्रम में बुलाया। आज के इस आधुनिकता के समय मे नाटक का मंचन बहुत कम हो रहा है। उन्होने कह कि नाटक का मंचन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज का आईना होता है, जो हमारी संस्ति, भावनाओं और विचारों को जीवंत करता है। नाटक एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो बिना किसी लंबे उपदेश के समाज की कड़वी सच्चाइयों, हमारी परंपराओं, हास्य और मानवीय संवेदनाओं को सीधे हमारे दिलों तक पहुँचा देता है। इसके निर्माण के पीछे कलाकारों की हफ्तों की मेहनत, संवादों की रटंत और पर्दे के पीछे की वे अनगिनत तैयारियां होती हैं, जो मंच के इस कुछ मिनट के जादू को संभव बनाती हैं। नाटक के मंचन से स्थानीय युवाओं को अपना कला दिखाने मौका मिलता और मनोबल बढ़ता है। इस तरह का कार्यक्रम होना चाहिए ताकि स्थानीय युवा के प्रतिभा सामने आती है। मौके पर युवा राजद जिलाध्यक्ष उदय यादव ,राजद नेता प्रमोद यादव, शकलदीप यादव,शशि पासवान,जितेन्द्र कुमार सहित दर्जनों राजद नेता मौजूद थे।

गंगा एवं बागमती नदी के तटवर्ती क्षेत्रों का निरीक्षण संघर्षात्मक कार्यो में तत्परता बरतने का निर्देश

खगड़िया (एनएसबी)। जिले में गंगा एवं बागमती नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में कटाव की स्थिति तथा बाढ़ से बचाव हेतु किए जा रहे संघर्षात्मक कार्यो की सतत निगरानी के क्रम में जिलाधिकारी, विक्रम विरकर के निर्देशानुसार



बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-1 एवं बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-2 के कार्यपालक अभियंताओं द्वारा संबंधित स्थलों का स्वयं स्थल निरीक्षण किया गया। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-1, खगड़िया के अंतर्गत रहीमपुर दक्षिण पंचायत के मथार दियारा में गंगा नदी द्वारा किए जा रहे कटाव की स्थिति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कनीय अभियंता एवं स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे। कार्यपालक अभियंता द्वारा स्थल पर नदी के कटाव की स्थिति का जायजा लिया गया तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जानकारी प्राप्त की गई। गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्र में कटाव की स्थिति को देखते हुए स्थल की सतत निगरानी एवं आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-2, खगड़िया के अंतर्गत चौथम प्रखंड के खरैता गांव में बागमती नदी के बाएं तट पर, बीएन् तटबंध के 10वें किलोमीटर के सामने चल रहे बाढ़ संघर्षात्मक कार्यो का भी स्थल निरीक्षण किया गया। कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्यस्थल पर पहुंचकर संचालित कार्यो की प्रगति एवं नदी की स्थिति का जायजा लिया गया। बाढ़ के संभावित प्रभावों को ध्यान में रखते हुए संघर्षात्मक कार्यो को तत्परता से आगे बढ़ाने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बताते चले कि जिलाधिकारी विक्रम विरकर द्वारा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नदी कटाव एवं तटबंधों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए तथा किसी भी संवेदनशील स्थल पर स्थिति की गंभीरता के अनुरूप त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बाढ़ संघर्षात्मक कार्यो में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, कार्यो की नियमित समीक्षा तथा अभियंताओं की स्थल पर सक्रिय उपस्थिति बनाए रखना भी सुनिश्चित किया जाए।

खगड़िया जिला क्रिकेट लीग, यूथ क्रिकेट क्लब ने 213 रनों से दर्ज की जीत

खगड़िया (एनएसबी)। जिला क्रिकेट लीग सत्र 2026-27 के सुपर डिवीजन ग्रुप-1 के पांचवें मुकाबले में यूथ क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लर्निंग क्रिकेट एकेडमी जूनियर को 213 रनों के विशाल अंतर से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूथ क्रिकेट क्लब ने 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में लर्निंग क्रिकेट एकेडमी जूनियर की पूरी टीम 97 रनों पर सिमट गई। यूथ क्रिकेट क्लब के गेंदबाज भारत को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन अफ द मैच चुना गया। मुकाबले में यूथ क्रिकेट क्लब के कप्तान राहुल सिंह ने टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने इस फैसले को सही साबित करते हुए 35 ओवरों के निर्धारित मुकाबले में 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से कप्तान राहुल सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 86 रन बनाए। वहीं, केश्वर राजा विशाल ने नाबाद 60 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। रोशन ने 38 रन और अमन ने 35 रनों का योगदान देकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लर्निंग क्रिकेट एकेडमी जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए आकाश और रितेश ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि कुंज और युवराज को एक-एक विकेट मिला। 311 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लर्निंग क्रिकेट एकेडमी जूनियर की टीम यूथ क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 213 ओवर में 97 रन बनाकर अलआउट हो गई। इस तरह यूथ क्रिकेट क्लब ने मुकाबला 213 रनों से अपने नाम कर लिया। लर्निंग क्रिकेट एकेडमी जूनियर की ओर से अभिषेक ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। संजोग और आकाश ने 14-14 रनों का योगदान दिया। हालांकि, अन्य बल्लेबाज बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे और टीम को भारी हार का सामना करना पड़ा। यूथ क्रिकेट क्लब की जीत में गेंदबाज भारत की भूमिका बेहद अहम रही। उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए और विपक्षी टीम की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। प्रियेश और अजय ने भी दो-दो विकेट लेकर जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए खगड़िया जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव संतोष कुमार ने मैन अफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। मुकाबले में अंपायर की भूमिका मनोहर कुमार और विनोद झा ने निभाई, जबकि स्कोरर की जिम्मेदारी सौरभ कुमार ने संभाली।

संक्षिप्त खबरें

मोकामा में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बरहपुर निवासी दयानंद पासवान के पुत्र रजनीश कुमार के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने तलाशी के दौरान मृतक के पास से मोबाइल फोन और बाइक की चाबी बरामद की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जातीय उन्माद फैलाने से बचें, पहले ही बहुत कुछ झेल चुके हैं, अब और नहीं : शिवपूजन सिंह

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। जातीय तनाव और राजनीतिक बयानबाजी के बीच समाजसेवी सह वरीय नेता शिवपूजन सिंह ने संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि समाज में जातीय उन्माद फैलाने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा, पहले ही सभी बहुत कुछ झेल चुके हैं, अब और नहीं। बार-बार जातीय सूची क्यों पढ़ी जा रही है समय रहते संभल जाइए।नीरज कुमार को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवपूजन सिंह ने कहा, जिस नीरज को हमने वोट दिया था, अब वे नीरज नहीं रहे। उनके इस बयान से राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज होने की संभावना है। उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से राजनीतिक नेतृत्व को आत्ममंथन करने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

बच्चों की मां ने अपनी मर्जी से रचाया प्रेम विवाह, शिवनार के युवक से शादी की चर्चा

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ क्षेत्र की एक महिला और शिवनार गांव के एक युवक के बीच प्रेम संबंध के बाद अपनी मर्जी से शादी करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि महिला दो बच्चों की मां है। दोनों ने आपसी सहमति से विवाह किया है।घटना को लेकर इलाके में चर्चा हो रही है। हालांकि, विवाह से जुड़ी परिस्थितियों और दोनों के पारिवारिक पक्षों के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। मामले में दोनों की उम्र, वैवाहिक स्थिति और अन्य तथ्यों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है।

मेदांता अस्पताल में भर्ती एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार से मिले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जाना स्वास्थ्य का हाल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। तिक एमएलसी चुनाव में एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार की तबीयत बिगड़ने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने मेदांता अस्पताल पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। बताया जाता है कि नीरज कुमार अचानक हृदय संबंधी परेशानी से पीड़ित हो गए थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा रही। फिलहाल उनके स्वास्थ्य की स्थिति को लेकर आधिकारिक चिकित्सकीय जानकारी सामने आने पर ही स्पष्ट स्थिति पता चल सकेगी।

गोली से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ के अकबरपुर में पूर्व में गोली लगने से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच-31 को जाम कर दिया। घटना के बाद सड़क पर आवागमन प्रभावित होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि घायल का इलाज चल रहा था, इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क जाम कर अपना विरोध जताया। घटना की सूचना पर पुलिस एवं प्रशासन की कार्रवाई को लेकर लोगों की नजरें टिकी रहीं। समाचार लिखे जाने तक जाम हटाने और यातायात सामान्य कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी की पुष्टि नहीं हो सकी थी।

दुर्गा पूजा कार्यक्रम में 'चली सामियाना में राजा' गाने पर जमकर लगा ठुमका, वीडियो वायरल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। समयागढ़ ओपी क्षेत्र के समयागढ़ में दुर्गा पूजा समिति के कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की चर्चा है। वीडियो में 'चली सामियाना में राजा तोहरे चलते गोली' गाने पर लोगों को जमकर ठुमका लगाते देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद थे। वीडियो सामने आने के बाद पूजा आयोजन के दौरान हुए कार्यक्रम और मौके पर पुलिस की मौजूदगी को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

जमालपुर में संघ का पथ संचलन, शस्त्र पूजन कर सामाजिक समरसता का दिया संदेश



पथ संचालन करते स्वयंसेवक।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मंगलवार को जमालपुर खंड का पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर से शुरू हुए कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकजुटता और संगठन के प्रति समर्पण का परिचय दिया। जिला प्रचार प्रमुख बसंत राणा के अनुसार, पथ संचलन सरस्वती विद्या मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी पुस्तकालय, मुंगेर रोड, जुबली वेल, स्टेशन रोड, बारात मोड़, सदर बाजार, अवंतिका रोड और रामपुर बस्ती होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ। मार्ग में स्वयंसेवकों का अनुशासित संचलन आकर्षण का केंद्र रहा।इसके बाद आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिमल विश्वकर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में सामाजिक समरसता स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने समाज में एकता और आपसी सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया।मुख्य बौद्धिक वक्ता राणा प्रताप ने कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश के साथ समाज को संगठित करने के संकल्प को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि जातिवाद और प्रांतवाद के माध्यम से हिंदू समाज को विभाजित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे समय में संघ पिछले 100 वर्षों से समाज को एकजुट करने के लिए कार्य कर रहा है।कार्यक्रम में खंड कार्यवाह विक्रम कुमार, जिला सह संघचालक विनेश शर्मा, जिला प्रचारक अमरजीत कुमार, रितेश कुमार, सुमंत कुमार, बिपिन चौरसिया, अंबिका प्रसाद, धीरज कुमार और कुंदन कुमार सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

बंगाली परंपरा में मां दुर्गा को सिंदूर की होली खेल दी गई विदाई

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर एवं ईस्ट कलोनी में बंगाली परंपरा के अनुसार मां दुर्गा की विदाई का अनूठा श्य देखने को मिला। दुर्गा पूजा के अवसर पर बंगाली समुदाय की ओर से स्थापित मां दुर्गा एवं काली की प्रतिमाओं के समक्ष पांच पूजा से ही धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मेले की रौनक बढ़ने लगती है। वहीं, प्रतिमा विसर्जन से एक दिन पूर्व सिंदूर की होली खेलकर मां को विदाई देने की परंपरा निभाई जाती है। इसमें बच्चे, बुजुर्ग, नौजवान और महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल होते हैं।इसी परंपरा के तहत दरियापुर स्थित





ईस्ट कलोनी की बंगाली दुर्गा के समक्ष खड़े रेल अधिकारी की पत्नी।

बंगाली दुर्गा स्थान में पूजा समिति की ओर से प्रतिमा विसर्जन से पूर्व सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा।उधर, ईस्ट कलोनी स्थित बंगाली दुर्गा प्रतिमा के समक्ष भी सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जमालपुर रेल कारखाना के मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल की उपस्थिति में रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष अनीता वर्णवाल ने अपनी पूरी टीम के साथ मां दुर्गा को भावपूर्ण विदाई दी। कार्यक्रम में रेल अधिकारियों, उनकी पत्नियों और आम श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।सिंदूर खेला के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन ने बंगाली समाज की सांस्तिक विरासत और परंपराओं के प्रति आस्था को प्रदर्शित किया। मौके पर डीन प्रेम प्रकाश, करिश्मा प्रकाश, शालिनी मिश्रा, प्रीति प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, बलविंदर सिंह अहलूवालिया सहित कई लोग मौजूद थे।

गेट नंबर छह पर मां दुर्गा को लगा छप्पन भोग, भंडारे में उमड़े हजारों श्रद्धालु

सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से बांधा समां

महाप्रसाद वितरण के बाद कलाकारों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। गेट नंबर छ स्थित श्री श्री 108 विश्व मोहिनी दुर्गा पूजा समिति की ओर से शारदीय नवरात्र के अवसर पर महाष्टमी को भव्य धार्मिक एवं सांस्तिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा को छप्पन भोग और विशेष खीर का भोग अर्पित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मनीष कुमार मंडल ने सपरिवार माता की पूजा-अर्चना की और महाआरती में भाग लिया।महाभोग के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें देर रात तक हजारों श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद और हलवा का वितरण किया गया। माता के दर्शन और प्रसाद ग्रहण करने के लिए पंडाल में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। इसके बाद आयोजित सांस्तिक संध्या में कलाकारों ने संगीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।



प्रतिभागी को पुरस्त करते पूजा समिति।

लोक गायक जन साहेब, तबला वादक लक्ष कुमार, झिझिया गायिका रागिनी कुमारी, अनिकेत कुमार, सिमरन कुमारी और प्रशांत अधिकारी सहित अन्य कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की मुख्य संयोजक राजनंदनी रहीं। आयोजन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री जितेश कुमार और कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार उर्फ पिंटू सहित अमन कुमार गंगा, मयंक, पप्पू, सुशील कुमार उर्फ बिट्टू, रविश गुप्ता, अनिल, मोनू और अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। समापन पर कलाकारों को मेडल, शील्ड, पारितोषिक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

अग्निशमन टीम ने बचाई तीन लोगों की जान, जमालपुर थाना के सामने पीले रंग के मकान में मची अफरातफरी, सीढ़ी लगाकर बालकनी से बच्चे समेत तीन लोगों को सुरक्षित निकाला

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर आदर्श थाना के ठीक सामने स्थित पीले रंग के एक मकान में बिजली मीटर में शर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठते ही मकान में रह रहे लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। घटना के दौरान मकान के अंदर एक छोटा बच्चा, एक महिला और एक बुजुर्ग महिला फंस गईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंची अगिशमन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। मकान मालिक सुशील कुमार सिंह का मकान मुंगेर रोड पर आदर्श थाना के सामने स्थित है। बताया जाता है कि बिजली मीटर में शर्ट सर्किट के कारण आग लगी, जिसने कुछ ही देर में मकान के अंदर रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से घर में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही अगिशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।अगिशमन विभाग की टीम ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। मकान के दूसरे तल पर फंसे छोटे बच्चे को सीढ़ी लगाकर बालकनी के रास्ते



मकान में लगी आग को देखने उमड़ी भीड़।

सुरक्षित नीचे उतारा गया। इसके बाद महिला और बुजुर्ग महिला को भी सीढ़ी की मदद से बाहर निकाला गया। टीम की तत्परता से तीनों की जान बच गई। राहत की बात रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, आग की चपेट में आने से घर में रखे कुछ सामान जलकर नष्ट हो गए।घटना की सूचना पर बिजली विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर मकान का बिजली कनेक्शन काट दिया। अगिशमन विभाग के प्रधान अगिक विजय कुमार, अगिचालक विपुल कुमार और अगिकर्मी विपिन कुमार सहित टीम के अन्य सदस्यों ने आग बुझाने और लोगों को सुरक्षित निकालने में अहम भूमिका निभाई।समय पर अगिशमन विभाग की टीम के पहुंचने और त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया। इससे न केवल मकान में फंसे तीन लोगों की जान बची, बल्कि आग को विकराल रूप लेने से भी रोक लिया गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

संक्षिप्त खबरें

विजयादशमी पर लदमा पहुंचे विधायक अनंत सिंह, मां दुर्गा का लिया आशीर्वाद



अनंत कुमार सिंह मोकामा विधायक।

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। विजयादशमी के अवसर पर मोकामा विधायक अनंत सिंह लदमा स्थित अपने गांव पहुंचे और मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। विजयादशमी को लेकर क्षेत्र में उत्सवी माहौल रहा।

नवविवाहिता ने ससुराल में की आत्महत्या परिजनों में मचा कोहराम

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना के छोटी केशोपुर में एक नवविवाहिता की आत्महत्या की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान वार्ड संख्या 32 निवासी पवन कुमार की लगभग 19 वर्षीय पुत्री मानसी कुमारी के रूप में हुई है। उसने वार्ड संख्या 31 स्थित अपने ससुराल में आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन में कोहराम मच गया। वहीं आसपास के इलाके में शोक का माहौल है।मानसी कुमारी तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। उसके पिता पवन कुमार मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मानसी का विवाह करीब एक वर्ष पूर्व छोटी केशोपुर निवासी रोहित कुमार के साथ प्रेम विवाह के रूप में हुआ था। रोहित कुमार, पप्पू साव का पुत्र है और उसका घर प्रेमानंद तिवारी स्कूल के नजदीक वार्ड संख्या 31 में है। रोहित तीन भाइयों में सबसे छोटा है। उसके पिता भी मजदूरी करते हैं।घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। मौके पर एसआई साहेब राम और दिनेश कुमार मौजूद थे। पुलिस ने घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के पीछे की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की बुलंद आवाज सेराज अहमद कुरैशी को मिलेगा सम्राट अशोक अवार्ड

'धम्म विजय दशमी एवं सम्मान समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए होंगे सम्मानित'

सोनपुर (एन एसबी) नवेद आलम, गोरखपुर, (उत्तर प्रदेश) पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने, पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान एवं अधिकारों के लिए आवाज उठाने और सामाजिक सरोकारों को प्रमुखता देने वाले वरिष्ठ पत्रकार सेराज अहमद कुरैशी को सम्राट अशोक अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। दि बुद्धिस्ट सोसायटी अफ इण्डिया (भारतीय बौद्ध महासभा), उत्तर प्रदेश-पूरब के तत्वावधान में 20 अक्टूबर 2026, मंगलवार को जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन, कलेक्ट्रेट कचहरी, गोरखपुर में आयोजित धम्म विजय दशमी एवं सम्मान समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। सेराज अहमद कुरैशी पत्रकारिता जगत में अपनी सक्रियता और पत्रकार हितों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। वे इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के साथ-साथ प्रेस मिडिया इंग्लिश डेली न्यूज पेपर(हैदराबाद) में नार्थ अपरेशनल हेड के रूप में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्तवे 'इंडिया खबर' और 'बेबाक सहाफी' समाचार पत्रों के प्रधान संपादक तथा अनवारुल टाइम्स हिन्दी दैनिक(लखनऊ) के ब्यूरो चीफ - गोरखपुर के रूप में भी पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं। सेराज अहमद कुरैशी पत्रकारिता को लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ मानते हैं। उनके अनुसार पत्रकार का दायित्व केवल घटनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं को सामने लाना, पीड़ितों और वंचितों की आवाज को मंच देना तथा शासन-प्रशासन का ध्यान जनहित के मुद्दों की ओर आकर्षित करना भी है। पत्रकारिता में निष्पक्षता, निर्भीकता, सत्यनिष्ठा और जनसेवा के मूल्यों को बनाए रखना उनकी कार्यशैली का प्रमुख पक्ष है। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सेराज अहमद कुरैशी पत्रकारों की एकजुटता, सुरक्षा और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाते रहे हैं। पत्रकारों पर हमले, उत्पीड़न, धमकी, दुर्व्यवहार तथा समाचार संकलन के दौरान आने वाली कठिनाइयों के विरुद्ध आवाज बुलंद करना उनके संगठनात्मक प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके साथ ही पत्रकारों के लिए सम्मानजनक कार्य वातावरण, चिकित्सा सुविधा, आवास, पेंशन तथा अन्य आवश्यक कल्याणकारी सुविधाओं जैसे विषयों को भी पत्रकार हितों की व्यापक चर्चा का हिस्सा बनाने पर जोर देते हैं।उनका प्रयास रहा है कि देश के विभिन्न राज्यों में कार्यरत पत्रकारों को एक साझा मंच मिले, ताकि उनकी समस्याओं को संगठित रूप से शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जा सके। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के माध्यम से पत्रकार एकता को मजबूत करने और पत्रकारों के अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने की दिशा में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है। सेराज अहमद कुरैशी पत्रकारिता के साथ सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे, समानता और मानवीय मूल्यों को भी महत्व देते हैं। उनका मानना है कि समाज में धर्म, जाति और समुदाय के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता, प्रेम और परस्पर सम्मान को बढ़ावा देना आवश्यक है। वे पत्रकारिता को सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक बदलाव का माध्यम मानते हैं। उनके विचारों में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों के सम्मान, न्याय और अधिकारों की रक्षा भी महत्वपूर्ण है। सामाजिक सद्भाव और जनसेवा की भावना के साथ पत्रकारिता के दायित्वों का निर्वहन करना उनके सार्वजनिक जीवन की प्रमुख विशेषताओं में शामिल है। सेराज अहमद कुरैशी को सम्राट अशोक अवार्ड से सम्मानित किया जाना उनके पत्रकारिता क्षेत्र में योगदान, पत्रकारों के सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने के प्रयासों के सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। यह सम्मान पत्रकारिता के मूल्यों को मजबूत करने और पत्रकारों के अधिकारों के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा प्रदान करेगा। पत्रकारिता के माध्यम से समाज की आवाज को बुलंद करने और पत्रकारों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का उनका संकल्प इस सम्मान को विशेष महत्व प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा. गुरु प्रसाद मदन, एडवोकेट, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा मुख्य वक्ता के रूप में मा सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक नगर आयुक्त, गोरखपुर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा लालमन, एडवोकेट एवं पूर्व जिला महामंत्री, जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन, कलेक्ट्रेट कचहरी, गोरखपुर करेंगे। संचालन ड़ अनिल कुमार गौतम, केंद्रीय मीडिया सदस्य, बी(एसआई द्वारा किया जाएगा।

विजयादशमी के शुभ अवसर पर अम्बे टेडर्स ई-रिक्शा एजेंसी का उदघाटन

सोनपुर (एन एसबी) थाना क्षेत्र अंतर्गत लालू यादव चौक के पास मंगलवार विजयादशमी के पावन अवसर पर अम्बे ट्रेडर्स ई-रिक्शा एजेंसी का शुभारंभ धूमधाम से किया गया जिसका विधिवत उदघाटन जदयू सोनपुर प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर महतो,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर भारती, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हरिशंकर यादव द्वारा संयुक्त रूप से



चंदेश्वर भारती को अंग-वस्त्र से सम्मानित करते अतिथि।

फीता काटकर किया गया इस दौरान एजेंसी संचालको द्वारा उपस्थित सभी आगन्तुकों को अंगवस्त्र व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया वहीं ई रिक्शा एजेंसी संचालक संजीव सिंह व पप्पू चौरसिया ने बताया कि यह एजेंसी खुलने से आसपास के बेरोजगार युवाओं बल मिलेगा उनके लिए सुनहरा अवसर प्राप्त होगा जो लोग ई रिक्शा लेने के इक्छुक होंगे उन्हें बाजार से कम मूल्य पर और बिना अग्रिम पैसा जमा कराए ई रिक्शा मुहैया कराया जाएगा।इस मौके पर राजेश कु चौरसिया, आनन्द किशोर सिंह, शशि कु चंद्रवंशी, राकेश दांगी, विजय दांगी, अरुण राय, देवकीनंदन,अजय चौरसिया समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

छत के कुंडी से लटका मिला नवविवाहिता का शव

मृतका के पिता ने ससुराल वालों पर हत्या का लगाया आरोप

बहोरनपुर थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में बुधवार की सुबह घटी घटना




आरा/एनएसबी। जिले के बहोरनपुर थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में छत के कुंडी से लटका नवविवाहिता का शव बरामद हुआ। घटना को लेकर गांव में आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतका बहोरनपुर थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी राहुल ठाकुर की 20 वर्षीया पत्नी ब्यूटी देवी है। इधर, गड़हनी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मृतका के पिता गुड्डू ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री ब्यूटी देवी की शादी इसी वर्ष 24 फरवरी को बहोरनपुर थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी अभिनाथ ठाकुर के पुत्र राहुल ठाकुर से की थी। उसका पति राहुल ठाकुर उनके बेटे के साथ हैदराबाद में रहकर काम करता है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात आठ बजे तक उनकी पुत्री से मोबाइल पर बातचीत हुई थी। वह अपने ससुर एवं ससुराल के अन्य लोगों से बातचीत नहीं करती थी। इसी बीच बुधवार की सुबह जब वह पटना के विक्रम पाली गए हुए थे। तो, उनकी भतीजी द्वारा फोन कर सूचना दी गई कि ब्यूटी देवी की मौत हो गई है। सूचना पाकर परिजन पहले बहोरनपुर थाना पहुंचे। उसके बाद उसके ससुराल पहुंचे तो, उन्होंने देखा कि वह मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं दूसरी तरफ मृतका के पिता गुड्डू ठाकुर ने उसके ससुर एवं देवर सहित अन्य लोगों पर अपनी पुत्री को मारने का आरोप लगाया है। हालांकि उन्होंने कारण स्पष्ट नहीं बताया है। इस संबंध में बहोरनपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी मृतका के परिजन द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि मृतका अपनी चार बहन व दो भाई में पांचवें स्थान पर थी।उसके परिवार में मां अंजू देवी व तीन बहन एवं दो भाई है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया।

धम्म विजयदशमी पर बिहार अंडर-19 क्रिकेट टीम के कप्तान पुष्पम राज सहित सात प्रतिभाएं सम्मानित

विभूतिपुर एनएसबी। आलमपुर कोदरिया वार्ड संख्या 13 स्थित राम कुमार महतो के आवासीय परिसर में मंगलवार को अशोक धम्म विजयदशमी एवं पंचशील ध्वजारोहण सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बिहार अंडर-19 क्रिकेट टीम के कप्तान पुष्पम राज, बॉक्सिंग स्टेट चैंपियन विकेश कुमार समेत सात प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में पुष्पम राज, युवशाला के संस्थापक विकास कुमार, ओटी असिस्टेंट राम पदारथ रजक, विकेश कुमार, रजनीश कुमार, प्रियम कुमारी और सुमन कुमार शामिल थे। सभी को चादर, माला, अंगवस्त्र, पंचशील पट्टी और महापुरुषों की तस्वीर भेंट की गई। अध्यक्षता साहित्यकार सह प्रधान शिक्षक राजाराम महतो ने की। संचालन प्रेमचन्द्र सिंह ने किया। पुष्पम राज मुख्य अतिथि तथा विकास कुमार और राम पदारथ रजक विशिष्ट अतिथि थे। समारोह में पंचशील ध्वजारोहण के माध्यम से करुणा, अहिंसा और सामाजिक समानता का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि कलिंग युद्ध के बाद सम्राट अशोक ने हिंसा त्यागकर धम्म का मार्ग अपनाया। वहीं, डॉ. भीमराव आंबेडकर ने बौद्ध धम्म ग्रहण कर समानता और मानवीय गरिमा का संदेश दिया। मौके पर जिला पार्षद रीना राय, पूर्व मुखिया मनीषा देवी, चंद्रदेव प्रसाद सिंह, प्रधान शिक्षक अरविंद कुमार राम, विनय भूषण, कुमारी बबली, शीतल पासवान, राकेश कुमार, अभिषेक अनल, डॉ. रामबाबू राम, डॉ. देवेंद्र कुमार, अमरेश कुमार, संजीव राम, विवेक कुमार, वशिष्ठ राम, रौशन कुमार, दीपक कुमार और ब्रह्मदेव महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।



वो वतन बेचकर मुस्कुराते रहे, हम वतन के लिए सर कटाते रहे...

कोल्हुआर बगही में कवि सम्मेलन की महफिल में रातभर गूंजती रही तालियां, हास्य-व्यंग्य और शायरी ने बांधा समां

कटेया (दैनिक नवसंदेश) कहीं व्यवस्था पर व्यंग्य के तीर चले, कहीं इश्क की नाकामी पर ठहाके लगे, तो कहीं वतनपरस्ती के शेर ने लोगों के दिलों में देशप्रेम का जज्बा जगा दिया। मौका था महानवमी की रात कोल्हुआर बगही गांव में आयोजित विशाल कवि सम्मेलन का, जहां शब्दों की ताकत, शायरी की धार और हास्य की फुहार ने पूरी रात श्रोताओं को बांधे रखा। कवियों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों पर पंडाल तालियों से गूंजता रहा। कवि सम्मेलन का आगाज कुशीनगर से आए कवि अश्विनी द्विवेदी श्नमनश ने सरस्वती वंदना और वरिष्ठ कवि भूषण त्यागी की राम वंदना के साथ किया। इसके बाद मंच पर हास्य, व्यंग्य, भोजपुरी कविता और गजल का ऐसा सिलसिला चला कि श्रोता देर रात तक महफिल में जमे रहे। कवि दुर्गेश मिश्रा दुर्लभ ने रिश्तों पर चुटकी लेते हुए साढ़ू को निशाने पर लिया। उनकी पंक्तियां बात बताता ज्ञान की, सुने लगाकर ध्यान, सुनते ही श्रोताओं के बीच हंसी के फव्वारे छूट पड़े। वहीं, अधिवक्ता अली असगर ने अपनी शायरी से महफिल को गंभीर रंग दिया। उन्होंने कहा कि इलाही आबरू रखना, बड़ा नाजुक जमाना है, दिलों में बुग्ज रखते हैं, बजाहिर दोस्ताना है। दिखावे की दोस्ती और दिलों में छिपी नफरत पर चोट करती इन पंक्तियों को श्रोताओं ने खूब सराहा। स्थानीय कवि दिव्यांश रंजन द्विवेदी ने जेनजी पर चुटीला व्यंग्य करते हुए सुनाया, जहां चाह है, वहीं राह है, इसी में सारा देश तबाह है, मैं तेरे इश्क में कितना लुटा हूं, ये झड़े हुए बाल ही गवाह हैं। इश्क और उम्र के इस मजेदार मेल पर पंडाल ठहाकों से गूंज उठा। इसके बाद अश्विनी द्विवेदी श्नमनश ने भोजपुरी कविता श्बाघ रही त दहड़बे करी, सियारन में हुआं-हुआं होईश सुनाकर अपनी माटी की भाषा और अंदाज से श्रोताओं का मन मोह लिया। वही भूषण त्यागी के शेर ने छेड़ी वतनपरस्ती की बात महफिल का सबसे प्रभावशाली क्षण तब आया, जब वाराणसी से आए वरिष्ठ कवि भूषण त्यागी मंच पर पहुंचे। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होंने अपनी चर्चित गजल के शेर सुनाए, दर्द होता रहा, छटपटाते रहे, आईने से सदा चोट खाते रहे। वो वतन बेचकर मुस्कुराते रहे, हम वतन के लिए सर कटाते रहे। वतन के प्रति समर्पण और स्वार्थ की राजनीति पर चोट करती इन पंक्तियों ने श्रोताओं को खासा प्रभावित किया। हर मिसरे के बाद तालियां गूंजती रहीं और महफिल में देशप्रेम का रंग गहरा होता गया। वही बादशाह प्रेमी ने मजदूरों के दर्द को बनाया हास्य का हथियार कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे प्रख्यात हास्य कवि बादशाह प्रेमी ने अपने अनूठे अंदाज से कार्यक्रम में जान डाल दी। उनके हास्य और व्यंग्य में जहां मनोरंजन था, वहीं समाज की सच्चाइयों की झलक भी थी। मजदूरों की जिंदगी पर उनकी पंक्तियां खूब पसंद की गई। छुहारे, नारियल, अंगूर नहीं खाते हैं, बेल, कटहल कभी लंगूर नहीं खाते हैं। भले फुटपाथ पर सोएं या चारपाई पर, नींद की गोलियां मजदूर नहीं खाते हैं। इन पंक्तियों पर पंडाल देर तक तालियों से गूंजता रहा। बादशाह प्रेमी ने बीच-बीच में अपने हास्य और व्यंग्य से श्रोताओं को गुदगुदाया। उनके अंदाज-ए-बयां और परिचय पेश करने की शैली पर भी खूब वाहवाही हुई। महानवमी की रात मां दुर्गा के पंडाल में आयोजित इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि भूषण त्यागी ने की, जबकि संचालन बादशाह प्रेमी ने किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति ने सभी कवियों और गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया। कविता, गजल, भोजपुरी और हास्य-व्यंग्य से सजी इस महफिल ने गांव की रात को यादगार बना दिया।



बुनियादी विज्ञान राष्ट्र के विकास, तकनीकी प्रगति एवं नवाचार का आधार: कुलपति डॉ. पी.एस. पांडेय

कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज में स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

पूसा एनएसबी। कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज में आज स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक अनुसंधान डॉ. अनिल कुमार सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. रमन त्रिवेदी, कुलसचिव डॉ. पी.के. प्रणव, कॉलेज ऑफ फिशरीज के अधिष्ठाता डॉ. पी.पी. श्रीवास्तव, कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज के अधिष्ठाता डॉ. अमरेश चंद्र तथा पीजीसीए के अधिष्ठाता डॉ. मयंक राय सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह के आयोजन सचिव डॉ. महेश कुमार तथा सह-आयोजन सचिव डॉ. अजीत कुमार और डॉ. सुधीर पसवान रहे। आयोजन समिति के सदस्यों में डॉ. के. एल. भूटिया, डॉ. हेमलता सिंह, डॉ. मौमिता बैश्य, डॉ. मंजुबाला एम. और डॉ. सैस्ता तबस्सुम सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत एवं औपचारिक संबोधन के साथ हुआ। कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. अमरेश चंद्र ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान का स्थापना दिवस उसकी उपलब्धियों, शैक्षणिक परंपराओं और भविष्य के लक्ष्यों का पुनरावलोकन करने का अवसर होता है। यह दिवस संस्थान से जुड़े सभी सदस्यों को उत्कृष्टता, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

अपने संबोधन में कुलपति डॉ. पी.एस. पांडेय ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए कठिन परिश्रम, समर्पण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बुनियादी विज्ञान ज्ञान, अनुसंधान, तकनीकी विकास और नवाचार की आधारशिला है। भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित एवं अन्य मूलभूत वैज्ञानिक विषयों का महत्व केवल प्रयोगशालाओं और पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इनका उपयोग दैनिक जीवन, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण संरक्षण, उद्योग और आधुनिक तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासा, तार्किक चिंतन एवं अनुसंधान की भावना विकसित करने तथा अर्जित ज्ञान का उपयोग समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए करने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और कार्यसंस्कृति को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया।

कुलसचिव डॉ. पी.के. प्रणव ने अपने संबोधन में बुनियादी विज्ञान की व्यावहारिक उपयोगिता तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक ज्ञान विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, समस्या समाधान और नवाचार की प्रवृत्ति विकसित करता है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान एवं अंतर्विषयक सहयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. रमन त्रिवेदी ने भी विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने, अनुशासन बनाए रखने और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और उल्लास का वातावरण उत्पन्न किया। विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं रचनात्मकता ने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. अजीत कुमार ने किया। अंत में डॉ. महेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए माननीय कुलपति, सभी विशिष्ट अतिथियों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। स्थापना दिवस ने कॉलेज परिवार को विज्ञान, शिक्षा, अनुसंधान और राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का संदेश दिया।

विजयादशमी पर जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा क्रांति मैदान, पूजा समिति ने अतिथियों को किया सम्मानित




विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड के कांचा स्थित क्रांति मैदान में बुधवार को विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान पूरा मैदान जय श्रीराम और माता के जयकारों से गूंज उठा। मां वैष्णवी दुर्गा पूजा समिति, कांचा के अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार राय और उपाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार राय ने रावण दहन कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद 70 फीट ऊंचे रावण और 49 फीट ऊंचे मेघनाद के पुतले का दहन किया गया। दोनों पुतलों को धू-धूकर जलते देख दर्शकों में खासा उत्साह दिखा। लोगों ने जयकारों के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाया। विजयादशमी के इस आयोजन ने लोगों को अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की जीत का संदेश दिया। इस अवसर पर पूजा समिति की ओर से भाजपा नेता रंजीत निगुर्णी, बीडीओ महताब अंसारी, सीओ कुमार हर्ष और आरओ अरुण कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया।

कन्या पूजन के साथ मनियारपुर मुखिया ने बेटियों को शिक्षित बनाने का लिया संकल्प



151 बेटियों में बांटी लेखन सामग्री, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कल डांडिया की धुन पर थिरकेगा परिसर आज

विद्यापतिनगर एनएसबी ।दुर्गा पूजा और विजयदशमी के पावन अवसर पर मनियारपुर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में भक्ति और सामाजिक सरोकार का अनूठा संगम देखने को मिला। मनियारपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी ने 151 कुंवारी कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया। इस दौरान सभी कन्याओं को कॉपी-कलम भेंट कर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। विजयदशमी के अवसर पर आयोजित इस पहल ने धार्मिक आस्था के साथ बेटियों के सम्मान और शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया। कन्या पूजन के बाद मुखिया बेबी देवी ने कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा, ह्लबेटियां समाज की शक्ति और देश का भविष्य हैं। उनका सम्मान करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी उन्हें शिक्षित बनाना भी है। शिक्षा से ही बेटियां आत्मनिर्भर बनेंगी और समाज व देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हमारा प्रयास है कि हर बेटी को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया जाए और उसे आगे बढ़ने का अवसर मिले।ह्व उन्होंने लोगों से बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। इधर, मनियारपुर पंचायत में दुर्गा पूजा को लेकर उत्साह चरम पर है। पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मुखिया प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद राय ने बताया कि श्रद्धालुओं के मनोरंजन और बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से मंगलवार की शाम छह बजे से स्थानीय बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं, बुधवार की शाम छह बजे से डांडिया कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसकी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। दोनों कार्यक्रमों को लेकर स्थानीय लोगों और युवाओं में खासा उत्साह है।

स्नातक व शिक्षक निर्वाचन के लिए तैयारियां अंतिम चरण में, मतदान कल

डीएम ने मतदान केंद्रों पर जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के तहत 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने समाहरणालय सभागार में निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित कोषांगों के नोडल एवं वरीय पदाधिकारियों को सभी लंबित कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक में मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, निर्वाचन सामग्री, मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, प्रशिक्षण और मतदान दलों के आवागमन की समीक्षा की गई। साथ ही डीएम ने संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा कमी मिलने पर तत्काल दूर करने का निर्देश दिया। बैठक में मतदान प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए निर्वाचन सामग्री के वितरण और परिवहन व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। जिला परिवहन पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन कार्य में इस्तेमाल होने वाले वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही, मतदान से पहले सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने और विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा की समीक्षा करते हुए डीएम ने मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने और किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ चुनावी दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार सहित विभिन्न निर्वाचन कोषांगों के नोडल एवं वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

रावण दहन को लेकर डीएम-एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। शहर के जितवारपुर स्थित हाउसिंग बोर्ड मैदान में होने वाले रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियों का जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने बुधवार को संयुक्त निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, विधि-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने प्रवेश-निकास, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, रोशनी और आपातकालीन व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने को कहा। उन्होंने स्थल की क्षमता और संभावित भीड़ के अनुरूप इंतजाम सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एसपी ने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थानों पर निगरानी और यातायात नियंत्रण के निर्देश दिए। उन्होंने वाहनों के अनियंत्रित प्रवेश पर रोक लगाने तथा आम लोगों की आवाजाही सुचारु रखने को कहा।

15 लीटर देसी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

विद्यापतिनगर एनएसबी । थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गढ़सिसई चौक के बगल से 15 लीटर देसी शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गढ़सिसई गांव निवासी धर्मेंद्र महतो, पिता जगदीश महतो और ऊषा देवी, पति जगदीश महतो के रूप में की गई है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में विद्यापतिनगर थाना कांड संख्या 199/26, दिनांक 18 अक्टूबर 2026 को बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा 30(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई में एसआई राज कुमार पासवान की भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मचा है।

संदीप कुमार चौधरी के समर्थन में पूसा की विभिन्न पंचायतों में चला जनसंपर्क अभियान



पूसा एनएसबी। बिहार विधान परिषद दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाकपा-माले प्रत्याशी संदीप कुमार चौधरी के समर्थन में बुधवार को पूसा प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। भाकपा-माले के पूसा प्रखंड सचिव अमित कुमार के नेतृत्व में चले अभियान में पार्टी कार्यकताओं ने स्नातक मतदाताओं से संपर्क कर शिक्षा, रोजगार, पुरानी पेंशन, नियमित नियुक्ति और कर्मचारियों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर भाकपा-माले के पूसा प्रखंड सचिव अमित कुमार ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार, बेरोजगारी दूर करना, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना, पुरानी पेंशन बहाल करना और कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा आज के महत्वपूर्ण सवाल हैं। इन मुद्दों को विधान परिषद में मजबूती से उठाने के लिए लगभग डेढ़ दशक तक छात्र आंदोलन में शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े सवालों पर सक्रिय संदीप कुमार चौधरी को प्रथम वरीयता का मत देना सुनिश्चित करें। जनसंपर्क अभियान में भाकपा-माले प्रखंड कमिटी सदस्य रविंद्र कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यकताओं ने स्नातक मतदाताओं से संवाद कर चुनाव से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

दरभंगा स्नातक विधान परिषद चुनाव : --- विद्यापतिनगर में महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। दरभंगा स्नातक विधान परिषद चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन आज महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी अनिल कुमार झा के समर्थन में विद्यापतिनगर में राजद नेताओं ने सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों से प्रथम वरीयता का मत अनिल कुमार झा को देने की अपील की गई। इस अवसर पर राजद विधायक एवं पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने कहा कि अनिल कुमार झा सदैव शिक्षित बेरोजगारों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने सभी स्नातक मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रथम वरीयता का मत अनिल कुमार झा को देकर सामाजिक सद्भाव और सामाजिक न्याय की धारा को मजबूत करें।



संक्षिप्त खबरें

गयाजी के सर्किट हाउस के कमरा नंबर 3 में भीषण आग लगी

एसी ब्लास्ट से हुई यह घटना बाल-बाल बचे विदेश मंत्रालय के डायरेक्टर

गयाजी (एनएसबी)। गयाजी के सर्किट हाउस के कमरा नंबर तीन में बुधवार को एसी ब्लास्ट करने से भीषण आग लग गई। वहाँ के कमरा नंबर 2 में विदेश मंत्रालय के डायरेक्टर मनोज कुमार अपनी पत्नी के साथ ठहरे हुए थे। वे यहाँ पूजा करने आये थे। वे बाल-बाल बच गए। उन्हे कमरा नंबर 3 हीं ऐलोट किया गया था, लेकिन वे संयोग से अपनी इच्छा से कमरा बदल लिया था। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम वहाँ पहुची और आग पर काबू पाया। उन्हे सुरछित बाहर निकाल लिया गया। विधानसभा अध्यक्ष भी ठहरे थे इस घटना के समय बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार भी सर्किट हाउस में ही रुके हुए थे. इस घटना की जंकरि जानकारी मिलने पर वे तुरंत वहाँ पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. विधानसभा अध्यक्ष ने विदेश मंत्रालय के डायरेक्टर मनोज कुमार से मुलाकात कर उनका हलचल पूछा।

डोभी के बांगवाड़ीह में मारपीट, छह जख्मी; छेड़छाड़ व गहने छीनने का आरोप

डोभी (एनएसबी)। डोभी थाना क्षेत्र के औरवादोहर टोला बंगवाडीह में मंगलवार की शाम एक किशोर और उसके परिजनों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. पीड़ित पक्ष ने डोभी थाने बुधवार की दोपहर एक बजे आवेदन देकर गांव के कई लोगों पर लाठी-डंडे से हमला करने, किशोरी से छेड़छाड़ और महिलाओं के गहने छीनने का आरोप लगाया है. जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। आवेदन के अनुसार, 20 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे किशोर मुकेश कुमार अपनी चाची टुसी देवी के दरवाजे पर बैठा था.आरोप है कि इसी दौरान गांव के कुछ लोग नशे की हालत में पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसे पीटने लगे.शोर सुनकर बचाने पहुंचीं उसकी मां शोभा देवी, चाची टुसी देवी, चमेली देवी, चचेरे भाई रंजीत कुमार और नाबालिग चचेरी बहन के साथ भी मारपीट की गई. पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने नाबालिग बहन को बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और उसके साथ छेड़छाड़ की. वहीं, चमेली देवी की बायीं आंख पर लाठी से वार किया गया, जिससे आंख में काफी चोट लगी. आरोप है कि इस दौरान शोभा देवी के गले से सोने का जीतमोहन और चमेली देवी का सोने का आभूषण भी छीन लिया गया. आवेदन में बताया गया है कि ग्रामीणों ने डायल 112 पर सूचना दी. पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरोपित भाग निकले.पीड़ित पक्ष ने कार्रवाई की मांग की है। डोभी पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

डोभी में नम आंखों से मां दुर्गा एवं काली की प्रतिमाओं को दी गई विदाई, स्थानीय तालाब आहार, नदी में हुआ विसर्जन

डोभी (एनएसबी)। बुधवार को डोभी नगर पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा एवं मां काली की प्रतिमाओं का विसर्जन गाजे-बाजे के साथ किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने जयकारे लगाते हुए मां दुर्गा एवं काली की प्रतिमाओं को विदाई दी। प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। प्रशासन की निगरानी में विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

गया में अपराधियों ने अररिया में पोस्टेड दारोगा के बेटे की गोली मार की हत्या

गयाजी (एनएसबी)। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौरंगा में एक दारोगा के दो बेटे को गोली मारी गई जिसमे एक की मौत हो गई। घटना बीती रात की है। इस घटना के बाद आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई । इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को कस्टडी में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार अररिया में पोस्टेड दरोगा शशि शेखर सिंह के दो बेटे रानू शेखर और मोनू शेखर मुफस्सिल थाना अंतर्गत नौरंगा आहर के पास अपने साथियों के साथ बैठे हुए थे. इसी दौरान अचानक अपराधी आ धमके और अंधाधुंध गोली चलाई। इसी क्रम में दरोगा के दोनों बेटों को गोली लगी जिसमें रानू शेखर की मौत हो गई और मोनू शेखर गंभीर रुप से जख्मी हो गया। पुलिस मामले के छानबीन में लगी हुई है।

पुलिस केंद्र, गया में संस्मरण दिवस का हुआ आयोजन

गयाजी (एनएसबी)। पुलिस केंद्र, गया में संस्मरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र, गया, वरीय पुलिस अधीक्षक, गया एवं नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा देश एवं कर्तव्य की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को श्रद्धापूर्वक नमन एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, वीरता एवं कर्तव्यनिष्ठा को स्मरण करते हुए उनके बलिदान को नमन किया गया।



पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से शांतिपूर्ण संपन्न हुई दुर्गा पूजा, चप्पे-चप्पे पर रही निगरानी

मेहंदिया (एनएसबी)। दुर्गा पूजा एवं विजयादशमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस रहा। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए। सभी पूजा स्थलों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार, अंचलाधिकारी उत्तम राहुल, मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार तथा परासी थानाध्यक्ष सिराज आलम अपने-अपने पुलिस बल के साथ प्रखंड क्षेत्र में लगातार गश्त करते रहे। अधिकारियों ने विभिन्न पूजा पंडालों का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती गई। वहीं, जिलाधिकारी अमृषा बैंस और अरवल के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव ने भी जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सक्रियता दिखाई। अधिकारियों ने विभिन्न पूजा पंडालों एवं प्रमुख स्थलों का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए।पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी, अधिकारियों की सक्रियता और आम लोगों के सहयोग से प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा एवं विजयादशमी का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।



सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी।

गाजे-बाजे, ऊंट-घोड़ों के साथ निकली भरत मिलाप की भव्य शोभायात्रा

शोभायात्रा से पूर्व रामभक्तों पर ड्रोन से हुई पुष्पवर्षा, भगवान श्रीराम को लगाया गया छप्पन भोगभव्य महाआरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



गयाजी (एनएसबी)। श्री आदर्श लीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन के अंतिम दिन भरत मिलाप का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाजे-बाजे और ऊंट-घोड़ों के साथ आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम सहित अन्य देवी-देवताओं के स्वरूप में सजे कलाकार शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण रहे। शहर के जीबी रोड स्थित कोतवाली थाना चौक पर भगवान श्रीराम और भरत का मिलन हुआ। दोनों भाइयों के मिलन का भावुक दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

भरत मिलाप को लेकर श्री आदर्श लीला समिति की ओर से विशेष तैयारियां की गई थीं। शहर के बिसार तालाब स्थित आयोजन स्थल पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां भगवान श्रीराम सहित अन्य देवी-देवताओं के स्वरूप में पहुंचे कलाकारों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान रामभक्तों पर हेलीकॉप्टरनुमा ड्रोन से पुष्पवर्षा की गई, जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। पुष्पवर्षा के बीच श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगाते नजर आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गया नगर निगम के मेयर डॉ. वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर सह नगर निगम सशक्त स्थायी समिति के सदस्य डॉ. अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, पार्षद सारिका वर्मा और आयोजनकर्ता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद पुरोहितों द्वारा विधिवत भव्य महाआरती की गई। आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर प्रतिष्ठित व्यवसायी अशोक लाल, उद्योगपति गौतम कुमार, डॉ. कनिष्क, डॉ. कुमार अनुपम, डॉ. गुंजन, समाजसेवी राखी अग्रवाल, ममता कुमारी, अनु कुमारी, प्रियदर्शिनी भारती, पार्षद गजेंद्र सिंह, श्री दशहरा कमेटी के अजय तरवे सहित रामलीला समिति के सदस्य और शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और भगवान श्रीराम का प्रतीक चिह्न देकर किया। इस दौरान शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों, समाजसेवियों और अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। शोभायात्रा रवाना होने से पहले सनातन परंपरा के अनुसार भगवान श्रीराम को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा-अर्चना, महाआरती और अभिनंदन कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बिसार तालाब रोड से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे, ऊंट-घोड़ों और जय श्रीराम के जयघोष के बीच शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जीबी रोड स्थित कोतवाली थाना चौक पहुंची। यहां भगवान श्रीराम और भरत का मिलाप कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। राम-भरत मिलन के भावुक दृश्य ने लोगों को भाईचारे, प्रेम, त्याग और समर्पण का संदेश दिया।

57 वर्षों से निभाई जा रही भरत मिलाप की परंपरा : गौरव सिन्हा श्री आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा कि उनकी संस्था पिछले 57 वर्षों से लगातार भरत मिलाप का आयोजन करती आ रही है। यह आयोजन गयाजी की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। स्थानीय लोगों के सहयोग और सहभागिता से ही हर वर्ष इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करना संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अयोध्या से आए कलाकारों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जबकि स्थानीय कलाकारों ने अपने शानदार मंचन से लोगों का मन मोह लिया। भरत मिलाप केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भाईचारे, प्रेम, त्याग और पारिवारिक एकता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताया। गौरव सिन्हा ने कहा कि संस्था की ओर से चिकित्सकों, समाजसेवियों और अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित करना उनके लिए गौरव की बात है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी सहयोग, सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना मजबूत होती है।

भरत मिलाप हमारी संस्कृति और भाईचारे का प्रतीक : मेयर गयाजी नगर निगम के मेयर गणेश पासवान ने कहा कि भरत मिलाप भारतीय संस्कृति, पारिवारिक प्रेम और त्याग की भावना का प्रतीक है। भगवान श्रीराम और भरत का मिलन हमें सिखाता है कि रिश्तों में प्रेम, सम्मान और समर्पण का कितना महत्व है। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत रखने के साथ नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि श्री आदर्श लीला समिति लंबे समय से इस परंपरा का निर्वहन कर रही है। ऐसे आयोजनों में शहरवासियों की भागीदारी सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करती है।

भरत मिलाप से मिलता है त्याग और समर्पण का संदेश : मोहन श्रीवास्तव

पूर्व डिप्टी मेयर सह नगर निगम सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान श्रीराम और भरत का मिलन भारतीय संस्कृति में त्याग, प्रेम, मर्यादा और भाईचारे का अद्भुत उदाहरण है। भरत ने राजसुख का त्याग कर जिस तरह भगवान श्रीराम के प्रति अपनी निष्ठा दिखाई, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है।

उन्होंने कहा कि गयाजी की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान ऐसे आयोजनों से और मजबूत होती है। श्री आदर्श लीला समिति पिछले 57 वर्षों से भरत मिलाप की परंपरा को आगे बढ़ा रही है। इस तरह के आयोजन समाज में सद्भाव, आपसी प्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पुलिस संस्मरण दिवस के मौके पर परेड का आयोजन



अरवल (एनएसबी)। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर किरण कुमार गोरख जाधव, पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस केंद्र में पुलिस संस्मरण दिवस परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अरवल जिला के पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद पुलिसकर्मियों को सलामी अर्पित की गई तथा माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर देश की आंतरिक सुरक्षा, शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, वीरता, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। राष्ट्र एवं समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीद पुलिसकर्मियों का त्याग, शौर्य एवं बलिदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनका अदम्य साहस, कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा एवं राष्ट्रसेवा का जज्बा आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। अरवल पुलिस वीर शहीदों को शत्-शत नमन आपका बलिदान अमर है, आपकी स्मृति सदैव हमारे हृदय में जीवंत रहेगी।

श्रीकृष्ण बाबू की जयंती पर पटना आने का राज्यसभा सांसद ने दिया न्योता

अरवल मेरी जन्मभूमि, यहां आने पर मिलता है सुकून : अखिलेश

अरवल (एसएमबी)। 25 अक्टूबर को श्रीकृष्ण बाबू की जयंती पर पटना आने का दिया न्योता अरवल मेरी जन्मभूमि है। यहां आने पर मुझे सुकून मिलता है। मैं दुनिया के किसी भी हिस्से में रहूं, लेकिन दुर्गा पूजा और होली के अवसर पर अपने जन्मस्थान जरूर आता हूं। उक्त बातें भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहीं। दशहरा के अवसर पर उन्होंने जिले के महावीर चौक, खरसा, चंदा, बेलसार, जयपुर, पहलेजा और मेहंदिया समेत दर्जनों स्थानों पर स्थापित पूजा पंडालों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मां भगवती, मां काली और मां दुर्गा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं दीं। मेहंदिया में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच से लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने अपने राजनीतिक सफर और अरवल को जिला बनाने के प्रयासों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 25 साल पहले उन्होंने लालू प्रसाद यादव से लड़कर अरवल को जिला बनाने का काम किया था। उस समय नक्सली हिंसा से प्रभावित रहने वाला अरवल आज शांति का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान जिले के विभिन्न बाजारों में हजारों की संख्या में पुरुष और महिलाएं घरों से निकलकर पूजा-अर्चना और खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। पहले का दौर ऐसा था कि शाम पांच बजे के बाद लोग घरों से निकलने को तैयार नहीं होते थे। आज लोगों का इस तरह बेखौफ होकर बाजारों में आना-जाना क्षेत्र में आए बदलाव को दर्शाता है। श्रीकृष्ण बाबू की जयंती पर पटना आने का न्योता राज्यसभा सांसद ने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह (श्रीकृष्ण बाबू) की जयंती मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी 25 अक्टूबर को पटना के बापू सभागार में उनकी जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने अरवल के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीकृष्ण बाबू को श्रद्धांजलि दें। इस मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि सुधीर शर्मा, मुखिया मनोज शर्मा, बीकू जी, पुनुस शर्मा, मनीष शर्मा समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और अन्य लोग मौजूद रहे।



राज्यसभा सांसद को सम्मानित करते लोग।

भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

कुर्था (एनएसबी)। शारदीय दुर्गापूजा के पावन अवसर पर कुर्था बीच बाजार स्थित बड़ी देवी मां आदर्श दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा और हजारों महिला, पुरुष एवं बच्चों ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही भंडारे को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी देवी मां के जयकारों से पूरा पूजा परिसर भक्तिमय हो उठा और कुर्था बाजार में भक्ति एवं श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। बड़ी देवी मां आदर्श दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संजय सौंडिक एवं संयोजक आदित्य कुमार टिंकू ने बताया कि समिति की ओर से प्रत्येक वर्ष दुर्गापूजा के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसमें कुर्था बाजार सहित आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करना ही नहीं, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता की भावना को भी बढ़ावा देना है।

भंडारे के दौरान महिला एवं पुरुष श्रद्धालु कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूजा समिति के सदस्यों और स्थानीय युवाओं ने प्रसाद वितरण में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। समिति के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले श्रद्धालुओं स्थानीय व्यवसायियों एवं युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं, श्रद्धालुओं ने समिति की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में आपसी सद्भाव और एकजुटता का संदेश भी देते हैं।



प्रसाद ग्रहण करते लोग।

मां तारा देवी महोत्सव के खर्च की उच्चस्तरीय जांच की मांग

टिकारी (एनएसबी)। सांसद आदर्श ग्राम केसपा में 18 अक्टूबर को आयोजित मां तारा देवी महोत्सव में सरकारी राशि के उपयोग एवं आयोजन से जुड़ी कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराने हेतु सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने माननीय मुख्यमंत्री, पर्यटन मंत्री और जिला पदाधिकारी को आवेदन भेजकर महोत्सव के लिए आवंटित राशि के खर्च की जांच कराने तथा जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग किया है।

आवेदन में महोत्सव की राशि का मदवार विवरण, भुगतान संबंधी अभिलेख एवं उपयोगिता प्रमाणपत्र की जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही, मां तारा देवी मंदिर परिसर के विकास, साफ-सफाई एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर खर्च की गई राशि का ब्योरा सार्वजनिक करने का आग्रह किया गया है। श्री शेखर ने स्मृति चिह्न पर केसपा गांव का नाम अंकित नहीं होने पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने स्मृति चिह्न पर मां तारा देवी महोत्सव-2026, केसपा, टिकारी (गयाजी) अंकित करने की आवश्यकता बताई, ताकि गांव को पर्यटन स्थल के रूप में पहचान मिल सके। आवेदन में महिला कलाकारों एवं महिला सुरक्षाकर्मियों के लिए अस्थायी शौचालय और चेंजिंग रूम की व्यवस्था नहीं होने, स्थानीय कलाकारों को पर्याप्त अवसर मिलने तथा कलाकारों के चयन एवं भुगतान में पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों की भी जांच कराने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त पंडाल, मंच, साज-सज्जा, ध्वनि व्यवस्था एवं प्रचार-प्रसार पर हुए खर्च का भौतिक सत्यापन कराने और आयोजन से जुड़े अधिकारियों एवं आयोजकों की जवाबदेही तय करने का आग्रह किया गया है। महोत्सव का निर्धारित समय अपराह्न 1 बजे से था, लेकिन यह अपराह्न 3 बजे प्रारंभ हुआ और अपराह्न 6 बजे समाप्त हो गया। सिर्फ. तीन घंटा ही यह कार्यक्रम चल सका।

धू-धू कर जले रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले, जय श्रीराम के नारों से गूंजा शेरघाटी

शेरघाटी (एनएसबी)। विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को शेरघाटी शहर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। शहर के ऐतिहासिक रंगलाल स्कूल के मैदान में आयोजित रावण वध कार्यक्रम को देखने के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। रावण वध के दौरान रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले धू-धू कर जल उठे। इस दौरान पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। रावण वध देखने के लिए शहर के विभिन्न मोहल्लों के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम को लेकर लोगों में सुबह से ही उत्साह देखा गया। जैसे ही पुतलों का दहन हुआ, मैदान में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। विजयादशमी के इस आयोजन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शरारती तत्वों और हुड़दंग करने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही थी। वहीं, रावण वध समिति और नगर परिषद की ओर से शहर के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे।

चोरी की घटना के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने मोटर किया बरामद दो गिरफ्तार

मेहंदिया (एनएसबी)। अरवल जिले में चोरी की घटना के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चोरी गए पानी वाले मोटर को बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से चोरी की घटनाओं में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेहंदिया थाना क्षेत्र के एक गांव में 19 अक्टूबर की रात एक व्यक्ति अपने घर में ताला लगाकर सोने चले गए थे। अगले दिन सुबह उठने पर उन्होंने देखा कि उनके चापाकल का पानी वाला मोटर चोरी हो गया है। इसके बाद पीड़ित ने 20 अक्टूबर को मेहंदिया थाने में लिखित आवेदन देकर घटना की शिकायत की। आवेदन के आधार पर मेहंदिया थाना कांड संख्या 213/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की। इस दौरान आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरी की घटना में शामिल आरोपितों की पहचान की गई। पुलिस अधीक्षक अरवल के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

संक्षिप्त खबरें

एनएच-22 पर सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की मौत

गोरौल/एनएसबी। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग एनएच-22 पर गोरौल थाना के निकट सड़क दुर्घटना में एक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के कोआरी बुजुर्ग गांव निवासी वृष कुमार सिंह के पुत्र मुकुंद कुमार के रूप में हुई है।घटना की जानकारी मिलते ही गोरौल पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।शव को पोस्टमार्टम करबा कर परिजन को सौप दिया।घटना के बाद सड़क पर रखे चेकपोस्ट के ब्रेकर को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि अंधेरे में ब्रेकर दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटना हुई होगी।हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।पुलिस की जांच के बाद ही हादसे कीपरिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।

गरीब रथ से बरामद शराब छुपाने के आरोप में हवलदार और महिला होमगार्ड गिरफ्तार

हाजीपुर/एनएसबी। बिहार में शराबबंदी है और शराब पकड़ने की जिम्मेदारी जिन कंधों पर है वही अगर शराब छुपाने लगे तो क्या होगा। ऐसा ही मामला हाजीपुर जंक्शन से सामने आया है जहां ऋृद्ध के एक हवलदार और महिला होमगार्ड जवान को 27 लीटर अंग्रेजी शराब छुपाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।मामला 20 अक्टूबर 2026 का है। दिल्ली से आ रही गरीब रथ एक्सप्रेस में ऋृद्ध हाजीपुर में तैनात हवलदार नरेंद्र कुमार सिंह और महिला होमगार्ड जवान अर्चना कुमारी की पेट्रोलिंग ड्यूटी लगी थी।ट्रेन में चेकिंग के दौरान 4 बैग में करीब 27 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। नियम के मुताबिक इसकी जानकारी सीनियर अफसरों को देनी थी, केस दर्ज करना था। लेकिन दोनों पुलिसकर्मियों ने इसकी सूचना किसी को नहीं दी और 4 बैग शराब को छुपा लिया। जब मामले की भनक रेल एसपी और ऋृद्ध प्रभारी को लगी तो जांच शुरू हुई। हाजीपुर स्टेशन के उऊश्र फुटेज खंगाले गए। उऊश्र में साफ दिखा कि दोनों जवान बैग लेकर ट्रेन से उतर रहे हैं।पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि बैग में शराब थी। इसके बाद जीआरपी हाजीपुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत केस दर्ज किया और दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।हाजीपुर ऋृद्ध की इस कार्रवाई ने साबित कर दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं, चाहे वो खाकी पहनने वाला ही क्यों न हो। अब सवाल है कि इस घटना में शामिल शराब तस्कर कौन थे और 4 बैग शराब ट्रेन में लाया कौन था, पुलिस इसकी भी जांच कर रही है।

प्रशासनिक सुरक्षा के बीच देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

पटना सिटी/एनएसबी। प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच देवी प्रतिमाओं का विसर्जन लगातार बुधवार को भी देर रात के चलता रहा. हालांकि मंगलवार से ही देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला भद्र घाट व गायघाट पर आरंभ हो गया था. भद्र घाट पर नवयुवक विकास सेवा समिति की ओर से पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा व मिथिलेश शर्मा के नेतृत्व में पूजा आयोजकों का स्वागत किया गया. प्रशासनिक सुरक्षा के बीच भद्र घाट, गायघाट व लॉ कॉलेज घाट पर देर रात तक प्रतिमा का विसर्जन चलता रहा. प्रतिमा विसर्जन के लिए अनुमंडल प्रशासन ने विसर्जन स्थल भद्र घाट व गायघाट पर अस्थायी थाना खोला था. जहां पर तैनात दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ नगर पुलिस अधीक्षक शैलजा,एसडीओ कशिश बक्शी,एएसपी राजकिशोर सिंह ,डीएसपी शिव शंकर कुमार, डीसीएलआर अभिलाषा कुमारी,कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार, वरीय उप समाहर्ता के साथ प्रशासन व पुलिस के आलाधिकारी, सैनिक बल के जवान देर रात तक डटे थे. गुरुवार को भी देवी प्रतिमा का विसर्जन होगा.

चैतन्य झांकियों की प्रस्तुति

पटना सिटी/एनएसबी। मंगल तालाब मनोज कमलिया स्टेडिमय के पास प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, बड़ी पटन देवी, पंचवटी कॉलोनी की ओर से तीन दिनों सप्तमी से नवमी तक चैतन्य झांकी प्रस्तुत की गयी. ब्रह्माकुमारी रानी दीदी की अध्यक्षता में आयोजित चैतन्य झांकियों का उद्घाटन नवमी को महापौर सीता साहू ने की. झांकियों में दुर्गा, काली, सरस्वती, लक्ष्मी, ज्ञान गंगा, भारत माता व महिषासुर की मनमोहक झांकियों को प्रस्तुत किया गया. आयोजन में मनीष भाई,कमल भाई डॉ एनसी माथुर व बीके चंचल कुमार समेत अन्य सक्रिय थे.

चंडी पाठ का समापन, शस्त्र पूजन

पटना सिटी/एनएसबी। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में हो रहे शस्त्र दर्शन व नवमी को श्री चंडी दी वार की पाठ के उपरांत शस्त्र पूजन व दर्शन का आयोजन हुआ.जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने शस्त्र पूजन व दर्शन कराया. आयोजन में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, झारखंड समेत अन्य प्रांत से आये सिख संगत शामिल हुई थी.

पंजाब के राज्यपाल ने गुरुघर में लगायी हाजिरी

पटना सिटी/एनएसबी। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने परिवार के सदस्यों के साथ तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में हाजिरी लगायी. दरबार साहि में मत्था टेकने के साथ गुरु महाराज के पवित्र शस्त्र व जोड़ा साहिब का भी दर्शन कर गुरवाणी व कीर्तन का श्रवण की. तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया. राज्यपाल ने तख्त साहिब से प्रकाशित पत्रिका गोविंद प्रकाश का विमोचन भी किया. प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही,महासचिव इंद्रजीत सिंह व प्रवक्ता सुदीप सिंह ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए श्री साहिब व प्रतीक चिह्न दी. इस दौरान तख्त साहिब के इतिहास से अवगत कराया. अध्यक्ष सोही ने राज्यपाल को जनवरी मे होने वाले गुरु महाराज के प्रकाश पर्व में शामिल होने का आग्रह की. राज्यपाल का स्वागत जैन मंदिर प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पवन जैन,अधीक्षक दलजीत सिंह,प्रबंधक हरजीत सिंह ने की.

हाजत से तीन फरार,दो फिर से गिरफ्तार,एक की तलाश में छापेमारी

पटना सिटी/एनएसबी। दीदारगंज थाना के हाजत से शौच जाने का बहाना कर तीन चोरी में पकड़े गये बंदी फरार हो गये थे. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो को गिरफ्तार किया है. जबकि एक फरार है. उसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है. फतुहा डीएसपी अवधेश कुमार ने बताया कि बिजली सामान चोरी के मामले में नदी थाना के सबलपुर निवासी अमन कुमार,गौतम कुमार व साहिल कुमार को गिरफ्तार किया था. अगले दिन तीनों शौच का बहना कर फरार हो गया. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गौतम कुमार और साहिल कुमार को फिर से गिरफ्तार किया. जबकि अमन फरार है. डीएसपी ने बताया कि इस मामले में कर्तव्य में लापरवाही के मामले में कार्रवाई करते हुए दारोगा सतीश कुमार चतुर्वेदी व एक चौकीदार को निलंबित कर दिया गया है. डीएसपी के अनुसार इस मामले में थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा गया है. पुलिस टीम फरार की तलाश में छापेमारी कर रही है.

खानकाह में उर्स पर चादरपोंशी कर मांगी दुआएं

पटना सिटी/एनएसबी। सूफी संत हजरत ख्वाजा रकुनुद्दीन इश्क का 245 वां उर्स मीतन घाट स्थित खानकाह वारगाहे इश्क तकियाशरीफ में आयोजित पर महफिल ए समा व चादरपोंशी की गयी. इस दौरान खानकाह के गद्दीनशीं सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद की देखरेख में आयोजित उर्स में उपस्थित जायरीनों ने चादरपोंशी कर अमन चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी. उर्स में शामिल होने के लिए प्रदेश भर से हजारों की संख्या में जायरीन आये है.मंगलवार को जियारत व महफिल ए समा के साथ उर्स का समापन हो गया.

मजलिस ए अय्याम फातमिया में तकरीर

पटना सिटी/एनएसबी। गुलामाने शहजादी-ए-कौनैन की ओर से चार दिनों की मजलिस ए अय्याम फातमिया के जीवन दर्शन पर मौलाना सैयद हैदर मेहदी साहब ने तकरीर की. गुरुवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से आये मौलाना सैयद मो हसनैन बाकरी की तकरीर होगी. कमेटी के महासचिव सैयद अनीस हसन ने बताया कि मोगलपुरा छोटी बाजार स्थित इमामिया मसजिद इमामबाड़ा में सात वर्षों से हो रहे आयोजन में तकरीर के उपरांत नौहाखानी व सीनाजनी जायरीनों ने की. महासचिव ने बताया कि 24 अक्तूबर को महिलाओं की मजलिस की मजलिस के उपरांत शबीहे ताबूत शहजादी-ए-कौनैन बरामद किया जायेगा.

कोलकाता से चला क्रूज पटना पहुंचा

पटना सिटी/एनएसबी। कोलकाता से यूरोप के 15 पर्यटक को लेकर चला गंगा विलास क्रूज बुधवार को पटना पहुंच गया है. भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जहाज को मीतन घाट के पास ठहराव दिया गया है. जहाज पर सवार सैलानियों को लेकर गुरुवार को वाराणसी के लिए रवाना होगी.अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय जलमार्ग को सशक्त बनाने की दिशा में हो रहे कार्य के तहत ही सैलानियों को लेकर जहाज आया है. जहाज में 36 लोगों के रहने की व्यवस्था है. जहाज में सवार पर्यटकों को मार्ग में धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का भी घूमाया जाता है.

दुर्गा पूजा के दौरान हुई सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की हुई दर्दनाक मौत

एक साथ तीन-तीन युवकों के हुई मौत के बाद इलाके में फैला मातमी सन्नाटा।

महुआ/एनएसबी। दशहरे के मेले घूम कर घर लौट कर घर आने के दौरान हुई सड़क दुर्घटना में हुई तीन-तीन युवकों की मौत के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं इलाके में तीन दिनों से मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। हर किसी की जुबान पर एक साथ हुई तीन-तीन युवकों की मौत की कहानी की चर्चा जोड़ों पर है। मिली जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र में महुआ सिंह राय गांव के मेडिकल कॉलेज के पास पास अज्ञात वाहन की ठोकर से दो छात्रों की मौत हो गई ।जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था।तीनों नवमी का मेला देखकर बाइक से घर लौट रहे थे।इसी दौरान महुआ मेडिकल कॉलेज के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार मार दी।हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। गाड़ी की टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर ही



दो युवकों की मौत हो गई वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना सोमवार की रात की बताई जाती है। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। एक साथ तीन तीन युवकों की मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार, महुआ सिंह राय गांव के पश्चिम टोला, वार्ड संख्या 16 निवासी सोहन राय के 17 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ भुल्ला, विनोद राय के 17 वर्षीय पुत्र अमन कुमार और आलोक राय के 16 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार सोमवार की शाम महानवमी के अवसर पर मेला देखने गोविंदपुर गये थे।मेला देखकर बाइक से घर लौट रहे थे ।इसी दौरान महुआ मेडिकल कॉलेज के समीप एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गयी।स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को अस्पताल ले जाने की कोशिश की गयी, लेकिन रास्ते में ही अभिषेक और अमन ने दम तोड़ दिया।हादसे में गंभीर रूप से घायल प्रीतम कुमार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मंगलवार को अस्पताल में उसने भी दम तोड़ दिया।अभिषेक और अमन की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवारों में चीख-पुकार मच गयी।दोनों किशोरों की मौत से गांव के लोग भी गमगीन हैं।ग्रामीणों के अनुसार,अभिषेक कुमार और अमन कुमार दसवीं कक्षा के छात्र थे,जबकि घायल प्रीतम कुमार नौवीं कक्षा में पढ़ता है।कम उम्र में तीन तीन छात्रों की मौत से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

घटना की सूचना मिलने पर महुआ थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने देर रात आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर दोनों शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर भेज दिया।हादसे में तीन तीन छात्रों की मौत की खबर मिलने पर महुआ नगर परिषद क्षेत्र के अनेकों जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने किशोर के घर पर पहुंचकर अपनी संवेदना प्रकट करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

प्रखंड क्षेत्र में नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र मूर्ति विसर्जन के साथ संपन्न

महुआ/एनएसबी। महुआ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में नौ दिनों तक चला शारदीय नवरात्रि का महापर्व हवन, मुरधान और पूणार्हुति के साथ हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हो गया। मंत्रोच्चारण के बीच देवताओं को आहुति दी गई।नौ दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूर्ण भक्ति-भाव से पूजा- अर्चना की गई। महुआ प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पंडालों में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवती की आराधना की गई।

महुआ क्षेत्र के गोविंदपुर सिंघाड़ा वाली शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां भक्तों ने अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा की। वहीं समसपुरा के बरहर चौक, मंगरू चौक, पंचमुखी चौक, गांधी चौक, डोगरा चौक, पहाड़पुर चौक स्थित मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित पूजा में भी पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना हुई।नौवें दिन हवन और मुरधान के साथ नवरात्रि की पूणार्हुति दी गई। इसके पश्चात कुमारी कन्याओं के बीच सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या



में कन्याओं ने भोजन कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। बरहर चौक पर भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान जगह-जगह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। विभिन्न राजनीतिक नेताओं ने भी दुर्गा पंडालों का भ्रमण कर पूजा-अर्चना की। बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने अपने विधानसभा क्षेत्र महुआ के सभी दुर्गा पंडालों का भ्रमण कर मां भगवती की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की मंगलकामना व विकास की प्रार्थना की।मंगलवार सुबह से ही नवरात्रि के अंतिम मेले में मुरधान और हवन का आयोजन किया गया। वही बुधवार को मूर्ति विसर्जन के साथ नौ दिनों तक चले शारदीय नवरात्र संपन्न हो गया।

वैशाली जिले में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न

जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों को दी बधाई

हाजीपुर/एनएसबी। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने जिले में दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग देने के लिए सभी जिलावासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान जिलेवासियों ने शांति, अनुशासन एवं आपसी भाईचारे का सराहनीय परिचय दिया। पर्व के दौरान कहीं से भी डीजे बजाने की शिकायत प्राप्त नहीं हुई तथा विधि-व्यवस्था से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई। यह जिला प्रशासन के दिशा-निदेशों के अनुपालन और आम नागरिकों के सहयोग का सकारात्मक परिणाम है।



दुर्गा पूजा एवं प्रतिमा विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का लोगों ने पालन किया। विसर्जन जुलूस के दौरान भी कहीं से डीजे बजाने की शिकायत नहीं मिली। जिला पदाधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से पर्व मनाने में जिलेवासियों की भूमिका सराहनीय रही। प्रशासन और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय एवं जनसहयोग से ही पर्व-त्योहारों को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी जिलावासियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी शांति, सद्भाव, अनुशासन एवं भाईचारे की परंपरा बनाए रखने की अपील की।

बच्चा चोरी के आरोप में दो युवकों की बांध पिटाई



हाजीपुर/एनएसबी। जन्दाहा थाना क्षेत्र के खोपी बांध वार्ड 5 में बच्चा चोरी के आरोप में दो युवकों को पकड़ कर ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी।घटनास्थल पर पहुची पुलिस को भी लोगो के आक्रोश का सामना करना पड़ा क्योंकि लोग आक्रोशित थे और दोनो को छोड़ना नहीं चाहते थे। हालांकि पुलिस ने सूझ बूझ का परिचय देते हुए किसी तरह दोनो आरोपी को भीड़ के चंगुल से बचा कर थाने ले आई।पकड़े गए दोनो युवको ने अपना नाम अमन कुमार और सतीश कुमार बताया है जो कुशहर खास गांव के रहने वाले बताए जा रहे है।घटना के बारे में बताया जा रहा है कि गांव में घूम रहे दोनो युवको को ग्रामीणों ने बच्चा चोरी के शक में पकड़ लिया और पेड़ से बांध कर पिटाई की जिसकी सूचना मिलते ही जन्दाहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनो आरोपी को भीड़ के चंगुल से छुड़ाया कर थाने ले गई।फिलहाल पुलिस हिरासत में लेकर दोनो आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच में भी जुट गई है।

52वीं जोनल कबड्डी प्रतियोगिता में सीवान बना चैंपियन, वैशाली उपविजेता

फाइनल में सीवान ने वैशाली को 40-18 से हराकर जीता खिताब, ज्योति की शानदार रेडिंग ने दिलाई टीम को जीत

हाजीपुर/एनएसबी। कुशवाहा आश्रम, हाजीपुर में आयोजित 52वीं जोनल जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में सीवान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में सीवान ने वैशाली को 40-18 अंकों से पराजित किया। वैशाली की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में गोपालगंज ने मुजफ्फरपुर को पराजित किया। दूसरे मुकाबले में वैशाली ने सारण को हराकर फाइनल में जगह बनाई। तीसरे मुकाबले में सीवान ने गोपालगंज को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में सीवान की टीम ने बेहतर तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए 40 अंक हासिल किए, जबकि वैशाली की टीम 18 अंक ही जुटा सकी। वैशाली की ओर से जोशना,



प्रेरणा, राजनंदनी और प्रियंका ने शानदार रेडिंग एवं कैचिंग का प्रदर्शन किया। वहीं, सीवान की ज्योति ने बेहतरीन रेडिंग करते हुए अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण अंक जुटाए और जीत में अहम भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता के अवसर पर नगर परिषद हाजीपुर की सभापति डॉ. संगीता कुमारी, नगर पंचायत सोनपुर के पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह सम्राट, वैशाली जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव डॉ. राजेश सुभांगी, युवा विकास परिषद के अध्यक्ष किसलय किशोर, हिंदू पुत्र संगठन के राजीव ब्रह्मर्षि, समाजसेवी सतीश पाठक, राजेंद्र बनफूल सर एवं जवाहरलाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वैशाली जिला कबड्डी संघ के सचिव रवि रंजन ने सभी आगंतुक अतिथियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

अक्षयवट राय स्टेडियम, हाजीपुर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ रावण दहन कार्यक्रम

हाजीपुर/एनएसबी। विजयादशमी के अवसर पर अक्षयवट राय स्टेडियम, हाजीपुर में रावण दहन कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में माननीय हाजीपुर विधायक श्री अवधेश सिंह, जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह एवं नगर परिषद सभापति श्रीमती संगीता कुमारी सहित अन्य गणमान्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने जिलेवासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दशहरा हमें



अहंकार, क्रोध, द्वेष एवं नकारात्मक प्रवृत्तियों का त्याग कर सत्य, सदाचार और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। पर्व का वास्तविक संदेश तभी सार्थक होगा, जब हम इन आदर्शों को अपने आचरण एवं व्यवहार में उतारेंगे। उन्होंने जिलेवासियों से आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा समाज में सकारात्मक मूल्यों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

माननीय हाजीपुर विधायक श्री अवधेश सिंह ने जिलेवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए दशहरा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा सत्य, नैतिकता एवं सदाचार के मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सद्भाव को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती संगीता कुमारी ने भी जिलेवासियों को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता, आपसी सहयोग एवं सौहार्द की भावना के साथ पर्व मनाने की अपील की।

रावण दहन कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एसडीपीओ सुबोध कुमार मोनिटरिंग करते रहे। रावण के साथ-साथ कुंभकरण और मेघनाथ कभी दहन किया गया सबसे पहले वीर हनुमान द्वारा प्रतीकात्मक बनी रावण के सोने की लंका को

पूछ में आग लगाकर जलाया गया।विधायक अवधेश सिंह ने भगवान श्रीराम के साथ बान चलाया और पटाखे की गूंज के साथ धु धु कर रावण,मेघनाथ और कुम्भकर्ण जल गया।मंच संचालन सोनू कुमार आर्य,संजीव कुमार चौरसिया,अरविंद कुमार कौशल और मिथलेश तिवारी कर रहे थे।इस मौके पर सभी अतिथियों,कलाकारों, पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया।

संक्षिप्त खबरें

नरकटिया में बंद घर का ताला तोड़कर सात लाख के गहना की चोरी

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव के एक बंद घर का मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने कमरे में रखे लगभग सात लाख रुपये के गहने की चोरी कर ली। घटना की जानकारी स्वजन को तब हुई जब पड़ोसियों ने मामले की जानकारी फोन पर घर वालों को दी। बताया जा रहा है कि उचकागांव थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव निवासी फखरुद्दीन अली अपने पत्नी व बच्चों के साथ पटना मे रहकर बच्चों को पढ़ाते हैं। इसी दौरान उनके घर के मेन गेट में लगे ताला को तोड़कर घर में घुसे चोरों ने उनके कमरे के अंदर रखे अलमीरा का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने की एक चेन, दो जोड़ी झुमका, तीन जोड़ी चांदी की पायल, मेहंदी छल्ला, कमरबंद, 500 ग्राम चांदी का हार सहित लगभग सात लाख रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली गई है। वहीं कमरों में रखे सामान को भी छिंट दिया गया है। मामले की जानकारी पीड़ित को तब हुई जब पड़ोस में रहने वाली उनकी चचेरी बहन शबाना परवीन ने 18 अक्टूबर की सुबह घर के टूटे हुए ताला को देखकर फोन कर मामले की जानकारी दी। इसके बाद सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पीड़ित फखरुद्दीन अली ने चोरी हुई सामानों की छानबीन करने के बाद उचकागांव थाना में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

नवरात्रि के नौवें दिन कन्या पूजन कर मां दुर्गा से मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) नवरात्र के नौवें दिन सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने छोटी-छोटी कन्याओं को मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक मानकर उनकी पूजा-अर्चना की। घरों में कन्याओं के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। कन्या पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने कन्याओं के पैर धोकर उन्हें तिलक लगाया और विधि-विधान से पूजा की। इसके बाद उन्हें पूरी, हलवा, चना सहित विभिन्न प्रकार के पकवान और प्रसाद खिलाए गए। भोजन कराने के बाद कन्याओं को दक्षिणा, उपहार और अन्य सामग्री भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया।इस दौरान घरों में धार्मिक माहौल बना रहा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी छोटी-छोटी कन्याएं एक घर से दूसरे घर पहुंचीं। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। नवरात्र के अंतिम दिन कन्या पूजन को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

ई-रिक्शा चालक से चाकू के बल पर लूट मामले में एक गिरफ्तार



उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के उजरा नारायणपुर रेलवे अंडरपास में ई रिक्शा चालक पर चाकू से हमला कर घायल की गई लूट मामले में उचकागांव पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के 24 घंटे के अंदर मामले का उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि उचकागांव थाना क्षेत्र के उजरा नारायणपुर गांव निवासी ई-रिक्शा चालक फैज आलम शनिवार की रात ई रिक्शा चलाने के बाद ई-रिक्शा लेकर मीरगंज से वापस अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान धर्मन टोला से जैसे ही वे आगे सुनसान जगह पर स्थित उजरा नारायणपुर रेलवे अंडरपास में घुसे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें घेरकर चाकू से हमला कर घायल करने के बाद उनके जेब में रखे पांच हजार रुपये नगद व एक मोबाइल छीनकर मौके से फरार हो गए थे। मामले में पीड़ित के द्वारा प्राथमिक की दर्ज करने के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने घटना का सफल उद्भेदन करते हुए एक आरोपित गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान मांझा थाना क्षेत्र के आदमापुर गांव निवासी राहुल कुमार उर्फ सिद्धू माफिया के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपित के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, एक चाकू और एक मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस आरोपित की निशानदेही पर फरार चल रहे दूसरे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है। पूरी घटना का रविवार के दिन हथुआ एसडीपीओ राजेश कुमार ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार, अपर थानाध्यक्ष टिंकू कुमार, दरोगा आनंद कुमार सिंह, नीतू कुमारी आदि शामिल थे।

सतकोठवा में हिस्से के विवाद को लेकर पति-पत्नी को पीटा

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के सतकोठवा गांव में अपने हिस्से की जमीन में घर बनवा रही महिला प्रतिमा देवी और उनके पति सुनील वर्मा को कुछ लोगों ने लाठी-डंडे व लोहे की रड से हमला कर बुरी तरीके से घायल कर दिया। वही संपत्ति से बेदखल करने की धमकी दी गई है। घटना नौ अक्टूबर के दिन की है। दोनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में कराया गया। मामले में घायल प्रतिमा देवी के आवेदन पर अपने भैसूर शर्मा प्रसाद, उनके बेटा सुमित कुमार, कमलेश कुमार, पत्नी लीलावती देवी के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

राजापुर बाजार में आग से तीन दुकानें राख

डेढ़ लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान, शॉर्ट सर्किट से लगी आग
एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) गोपालपुर थाना क्षेत्र के राजापुर बाजार में सोमवार की देर रात आग लगने से तीन दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो गया।इस अग्निकांड में डेढ़ लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है।प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात करीब एक बजे राजापुर बाजार स्थित विंध्याचल शाह की फोटो एवं कैलेंडर की दुकान में अचानक आग लग गई।रात का समय होने के कारण शुरूआत में किसी को घटना की भनक नहीं लगी।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बगल की मिहिर कुमार की कपड़े की दुकान तथा वाल्मीकि प्रसाद की किराना दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।तीनों दुकानों से आग की ऊंची लपटें उठती देख बाजार में अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोग तत्काल आग बुझाने में जुट गए और घटना की सूचना गोपालपुर पुलिस को दी।सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची।स्थानीय लोगों के सहयोग से करीब एक घंटे तक चले प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका।हालांकि, तब तक तीनों दुकानों में रखा काफी सामान जलकर नष्ट हो चुका था।अग्निकांड के बाद दुकानदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

चार दिन में दो मंदिरों में चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

बनकटा के शिव मंदिर से दो दर्जन से अधिक घंटियां व अन्य सामान चोरी, पुलिस से कार्रवाई की मांग



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) गोपालपुर थाना क्षेत्र में मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।बनकटा पंचायत में चार दिनों के भीतर दो मंदिरों में चोरी होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।ताजा घटना में मंगलवार की देर रात बनकटा गांव स्थित शिव मंदिर से चोरों ने दो दर्जन से अधिक छोटी-बड़ी घंटियों समेत अन्य सामानों की चोरी कर ली।ग्रामीणों ने पुलिस से मंदिरों में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।मिली जानकारी के अनुसार, बनकटा गांव स्थित शिव मंदिर में कटेया गांव निवासी महात्मा दास पुजारी के रूप में सेवा देते हैं।मंगलवार की रात भोग-आरती के बाद वह मंदिर के दूसरे हिस्से में सोने चले गए।इसी दौरान पीछे की ओर से पहुंचे चोरों ने मंदिर में लगी दो दर्जन से अधिक छोटी-बड़ी घंटियां और अन्य सामान चुरा लिए।बुधवार की सुबह पुजारी जब मंदिर में साफ-सफाई करने पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई।इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को घटना से अवगत कराया।पुजारी ने गोपालपुर थाने में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।गौरतलब है कि इससे पहले 17 अक्टूबर की रात चोरों ने बनकटा पंचायत के ढेबवां गांव में सरोवर किनारे स्थित शिव मंदिर को निशाना बनाया था।वहां से पांच बड़ी घंटियां, बाल्टी, कलश समेत अन्य सामानों की चोरी कर ली गई थी।दोनों मंदिरों के बीच की दूरी करीब डेढ़ किलोमीटर बताई जा रही है।

श्रीपुर में छह वर्षीय बच्चे की हत्या से सनसनी, गंडक नहर से मिला शव

सिर कुचलकर हत्या के बाद शव नहर में फेंके जाने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस ● एक माह बाद घर में होनी थी बहन की शादी







(बेहाल परिजन) (पीडित के घर पर तैनात पुलिस) (मृत बच्चे का फाईल फोटो)

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना क्षेत्र के भटवलिया गांव में सोमवार की देर शाम छह वर्षीय बच्चे की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। बच्चे का शव गांव के समीप हथुआ शाखा गंडक नहर से बरामद किया गया। शव की स्थिति देखकर सिर कुचलकर हत्या करने के बाद उसे नहर में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही श्रीपुर थाने की पुलिस के साथ हथुआ एसडीपीओ राजेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। मृत बच्चे की पहचान भटवलिया गांव निवासी वीरा मांझी के छह वर्षीय पुत्र विवेक कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, विवेक सोमवार दोपहर करीब तीन बजे से ही घर से लापता था। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। इसी बीच देर शाम कुछ ग्रामीणों ने पास की हथुआ शाखा गंडक नहर में उसका शव देखा। इसकी सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। बच्चे का शव देखते ही परिवार के सदस्यों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। इस हृदयविदारक घटना ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया है। बताया जाता है कि करीब एक माह बाद मृत बच्चे की बहन की शादी होने वाली थी। घर में शादी की तैयारियों और खुशियों का माहौल होना था, लेकिन इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल हत्या के कारणों और घटना में शामिल लोगों के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय सूचना के आधार पर मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी है।मौके पर पहुंचे हथुआ एसडीपीओ राजेश कुमार ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दोषी कोई भी हो, उसे किसी भी हालात में बख्शा नहीं जाएगा।

शिक्षकों की समस्याओं का समाधान एनडीए की प्राथमिकता





ट्रांसफर से लेकर सातवें वेतनमान तक उठे मुद्दे - शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) गोपालगंज स्थित पार्टी जोन मैरेज हॉल में सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीएम समर्थित प्रत्याशी आनंद पुष्कर के समर्थन में आयोजित प्रभावी मतदाता संवाद कार्यक्रम में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने शिक्षकों एवं मतदाताओं से संवाद कर एनडीएम प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान, उनके अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान एनडीएम सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षक समाज शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ है और उनकी जायज मांगों पर गंभीरता से काम करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षक स्थानांतरण, वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों के बकाया भुगतान, टीआरई-4 शिक्षक बहाली, लाइब्रेरियन बहाली तथा सातवें वेतनमान सहित शिक्षकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विषयों पर सरकार संवेदनशील है। शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों के हितों से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक पहल की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि एनडीएम सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के नए अवसरों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने शिक्षकों से आनंद पुष्कर को समर्थन देकर शिक्षक हितों को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम में माननीय विधायक सुभाष सिंह, पूर्व विधायक रेजायुल हक राजू, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गिरि, जदयू जिलाध्यक्ष प्रमोद पटेल, लोजपा (रामविलास) जिलाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, शिक्षक नेता शिवेंद्र सिंह, उमेश चंद्र पाण्डेय, नीलमणि शाही सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों के सम्मान, अधिकारों और उनकी लंबित समस्याओं के समाधान के प्रति एनडीएम की प्रतिबद्धता को प्रमुखता से रखा गया।

शिक्षक हितों की मजबूती के लिए आनंद पुष्कर को प्रथम वरीयता का मत दें शिक्षक : डॉ. महाचंद्र प्र. सिंह



(प्रेस वार्ता करते डॉ0 महाचन्द्र प्रसाद सिंह)

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व मंत्री एवं सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने आज आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी आनंद पुष्कर को प्रथम वरीयता का मत देकर भारी मतों से विजयी बनाने का अपील किया। डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज एक जागरूक, बुद्धिजीवी और विवेकशील समाज है। शिक्षक अपने मताधिकार का प्रयोग प्रत्याशी की योग्यता, नेतृत्व की नीति और नीयत को परखकर करते हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी की नीति और नीयत शिक्षक समाज के हितों को लेकर स्पष्ट है। केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा के विकास, शिक्षकों के सम्मान तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षकों और शिक्षा व्यवस्था के हित में कई योजनाएं बनाई हैं तथा शिक्षकों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की हैं। उच्च शिक्षा के विस्तार, नए सरकारी डिग्री कॉलेजों की स्थापना, सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति और शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार की पहल बिहार के शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा दे रही है। सरकार का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शिक्षकों को बेहतर अवसर और सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। वित्त रहित शिक्षकों के मुद्दे पर डॉ. सिंह ने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर वित्त रहित शिक्षकों के लिए अलग वेतनमान की घोषणा तथा शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के भुगतान के लिए 461 करोड़ की सहायता स्वीकृत करना महत्वपूर्ण पहल है। ये कदम शिक्षक समाज की आर्थिक सुरक्षा और उनके हितों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। एनडीए प्रत्याशी आनंद पुष्कर के समर्थन में डॉ. सिंह ने कहा कि वे उच्च शिक्षित, ऊजार्वान और नई सोच रखने वाले युवा प्रत्याशी हैं। प्रख्यात शिक्षक नेता स्वर्गीय केदारनाथ पांडेय के पुत्र होने के कारण उन्हें शिक्षक समाज की समस्याओं, अपेक्षाओं और चुनौतियों की गहरी समझ है। उनकी शैक्षणिक योग्यता, सक्रियता और शिक्षक परिवार से जुड़ाव उन्हें शिक्षकों के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए उपयुक्त बनाता है। डॉ. सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र और समाज के भविष्य का निर्माण करता है। शिक्षकों के सम्मान, अधिकारों, आर्थिक सुरक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। शिक्षक निर्वाचन में ऐसे प्रतिनिधि का चयन आवश्यक है, जो शिक्षकों की आवाज को मजबूती से उठाए और उनके हितों के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे। अंत में डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सभी सम्मानित शिक्षक मतदाताओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री सम्राट चैधरी जी के नेतृत्व में एनडीए की नीतियों एवं शिक्षक हितों के प्रति प्रतिबद्धता पर विश्वास जताते हुए एनडीए प्रत्याशी आनंद पुष्कर को प्रथम वरीयता का मत देकर भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आनंद पुष्कर शिक्षक समाज की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और शिक्षकों की समस्याओं को सदन में प्रभावी ढंग से उठाकर उनके समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विधायक सुभाष सिंह ने बताया की भाजपा के एक एक कार्यकर्ता छक। समर्थित उम्मीदवार श्री आनंद पुष्कर के लिए लगे है और भारी मतो से विजयी बनाएँगे । प्रेस में भाजपा विधायक श्री सुभाष सिंह जिला अध्यक्ष संदीप कुमार गिरि वरिष्ठ भाजपा नेता मार्कण्डेय राय शर्मा,उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, दुर्गा राय, दीपक दीपू, मीडिया प्रभारी रितेश सिंह, भरत सिंह, सत्येंद्र सिंह, दीपक कुमार, रामेश्वर सिंह, डब्लू तिवारी, दीपक साह, आदि भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहें ।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई, पकहां घाट पर विसर्जित हुईं प्रतिमाएं

कटेया (दैनिक नवसंदेश) नौ दिनों तक भक्ति, आस्था और उल्लास से सराबोर रहा कटेया बुधवार को मां दुर्गा की विदाई के समय भावुक हो उठा। नम आंखों और भारी मन से श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को विदाई दी। जय माता दी के जयकारों के बीच स्थापित प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। इसके बाद पकहां घाट पर विधि-विधान के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन के साथ ही शारदीय नवरात्र के पूजा महोत्सव का समापन हो गया। सुबह से ही विभिन्न पूजा समितियों के सदस्य प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियों में जुटे रहे। शाम पांच बजे तक पूजा समितियों की ओर से प्रतिमाओं को ट्रॉलियों पर सजाकर कटेया बाजार का नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान श्रद्धालु मां दुर्गा के जयकारे लगाते हुए विदाई यात्रा में शामिल हुए। नगर भ्रमण के बाद सभी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए पकहां घाट ले जाया गया, जहां पूजा-अर्चना और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि को मां दुर्गा का पट खुलने के साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बन गया था। पूजा पंडालों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित भव्य मेले में भी बड़ी संख्या में



लोग पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र की उन्नति की कामना की। नौ दिनों तक चले धार्मिक आयोजनों के बाद प्रतिमा विसर्जन के साथ उत्सव का समापन हो गया। प्रतिमा विसर्जन से पहले रुद्र युवा दल की ओर से 101 कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया गया। इसके साथ ही समिति के सदस्यों ने कन्याओं के बीच पेंसिल, कॉपी और शिक्षा से जुड़ी अन्य सामग्री वितरित की। समिति की इस पहल का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित करना था।

फुलवरिया में किराना व्यवसायी से हथियार के बल पर 52 हजार रुपए की लूट

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) थाने के बनियां छापर कोयलादेवा सड़क पर मदर वानी गांव के समीप बाइक सवार दो अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर एक किराना व्यवसायी के कर्मी से वसूली के 52 हजार रुपए लूट लिया है। घटना का अंजाम देने के बाद लुटेरे आराम से फरार हो गए। घटना पांच दिनों पूर्व सोमवार की बताई जाती है, जहां क्षेत्र के मंजिर वां कला टोला भरपूर वा गांव के रमाशंकर साह का होलसेल किराना दुकान श्रीपुर थाने के मिश्रबतरहां बाजार में संचालित है। उनके होलसेल दुकान से क्षेत्र के अनेकों गंवई खुदरा विक्रेता थोक भाव में खाद्य पदार्थ की खरीदारी उधारी रूप में करते हैं। साथ ही उनके द्वारा प्रतिनियुक्त मुंशी को प्रत्येक सप्ताह उधारी रुपए की भुगतान नगद रूप में करते रहते हैं। उनका मुंशी श्रीपुर थाने के मिश्र बतरहां बाजार निवासी छबीला बैठा बाइक से कोयलादेवा बाजार व बनियां छापर बाजार से खुदरा विक्रेताओं के यहां से वसूली कर बनियां छापर कोयला देवा रोड से वापस लौट रहा था। वह जैसे ही मदर वानी गांव के समीप पहुंचा, कि बाइक सवार दो अपराधी पीछा करते हुए पहुंचे,जहां बाइक का ओवरटेक कर देसी कांटे का भय दिखाकर घटना का अंजाम दिए।

शिक्षकों को लोकसभा चुनाव से पहले 7वां वेतनमान दिलाना जन सूरज का पहला जिम्मा

10 हजार पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को दिलाएंगे नौकरी



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जन सुराज के सूत्रधार व बांकीपुर से विधायक प्रशांत किशोर गोपालगंज में एम एल सी चुनाव को लेकर शिक्षक संवाद में शामिल हुए।स्थानीय श्याम वाटिका में आयोजित बैठक में वे सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी आफाक अहमद के साथ शामिल हुए और उनके लिए वोट अपील की। पीके बोले एम एल सी चुनाव सरकार बनाने या हटाने का नहीं, बनी हुई व्यवस्था को जवाबदेह बनाने और अपने बच्चों के रोजगार के लिए वोट देने का चुनाव है। प्रशांत किशोर ने कहा कि यह चुनाव न सरकार बनाने का है, न हटाने का, न जात-पात को वोट देने का और न किसी दल के नेता को सदन पहुंचाने का। यह सरकार को जवाबदेह बनाने, अपने वेतनमान और अपने बच्चों के रोजगार के लिए वोट देने का चुनाव है। उन्होंने कहा, ह्लनेताओं को जिताया, पार्टियों को जिताया, जातियों को जिताया, एक बार खुद को और अपने बच्चों को जिताइए।ह्व 10 हजार नौकरी के वादे से पूरे बिहार में जनप्रतिनिधियों से सवाल खड़ा हुआ कि वे लोग नौकरी क्यों नहीं दे पाएंगे। कोई कह रहा है कि प्रशांत किशोर नहीं दे पाएंगे, कोई कह रहा है कि हम रोजगार देंगे, लेकिन बात रोजगार और 7वें वेतनमान की हो रही है। यही लोकतंत्र और विकल्प की ताकत है। पी के ने कहा कि शिक्षकों का आंदोलन 25 वर्षों से चल रहा है, तब किसी ने यह मुद्दा नहीं उठाया। जब प्रशांत किशोर ने बात की और हेल्पलाइन जारी की, तो 18 हजार शिक्षकों ने मिस्ड कॉल कर सहमति दिखाई। उन्होंने कहा कि अब 2 लाख शिक्षक इस अभियान से जुड़ते हैं, तो जो कुछ करना पड़ेगा। उन्होंने 7वें वेतनमान के मुद्दे पर कहा- 6 लाख शिक्षक एकजुट हो जाएं तो बिहार के सभी दलों को हर हाल में समाधान निकालना होगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि मुद्दा शिक्षकों के लिए जरूरी है, चाहे हम उठाएं या कोई भी उठाए। अगर 6 लाख शिक्षक एकजुट हो जाएं, तो बिहार के सभी दलों को हर हाल में समाधान निकालना होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले 7वां वेतनमान इसलिए जरूरी है, क्योंकि दिल्ली में जिसे राज करना है, उसे बिहार में लोकसभा चुनाव जीतना है और 6 लाख शिक्षकों का समर्थन नहीं होगा, तो कोई जीत नहीं सकता। आगे उन्होंने कहा कि 2 लाख शिक्षक एक साथ आ जाएं, चाहे किसी भी संघ के हों, तो एक साल का आंदोलन और एक साल का प्रयास 7वें वेतनमान को केंद्रीय मुद्दा बनाएगा और हर राजनीतिक पार्टी को इसका समाधान निकालने के लिए मजबूर करेगा द्य उन्होंने आगे कहा कि 20 साल से बैठे एनडीए के लोग इतने सालों में 7वां वेतनमान नहीं दिला पाए और अब कह रहे हैं कि अगले साल दिला देंगे। उन्होंने कहा कि आरजेडी ने 2020 में समान काम-समान वेतन के नाम पर वोट लिया, लेकिन तेजस्वी यादव और के. चंद्रशेखर यादव के शिक्षा मंत्री रहते शिक्षकों के लिए कुछ नहीं किया।उन्होंने कहा कि बीजेपी, जदयू व आरजेडी भी अगर कहें कि अगले साल तक 7वां वेतनमान नहीं दिला पाए, तो लोकसभा में वोट मांगने नहीं आएंगे।आगे उन्होंने कहा कि हम विधायक या सांसद बनने नहीं आए हैं। अगर हमारे कहने से सरकार काम करने लगे, तो इससे खुशी की बात क्या होगी। उन्होंने कहा कि बांकीपुर में 10 हजार पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने की बात कही, तो आज सरकार रोजगार मेला लगा रही है और दूसरे विधायक भी रोजगार देने की बात कर रहे हैं। मौके पर सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज के प्रत्याशी आफाक अहमद, गोपालगंज जिला अध्यक्ष अजय प्रसाद, महासचिव वीरेंद्र राय, महिला अध्यक्ष वीना शर्मा, चुनाव प्रभारी ज्योति जयंती, संजय सुमन, राधा रमन मिश्रा, राजू बैठा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी फैज अहमद, चुनाव पर्यवेक्षक तथागत हर्षवर्धन और सारण प्रमंडल प्रभारी डॉक्टर शाहनवाज आलम समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।